नई दिल्ली

सोमवार, 22 अप्रैल 2024

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 11
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 39
न्यून. 25


# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 17.7% का इजाफा

### 19.58 लाख करोड़ रुपए पहुंचा कलेक्शन



**नई दिल्ली।** देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए रहा है। पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपए रहा है। यह राशि संशोधित अनुमानों से बहुत ज्यादा है।







inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मणिपुर में 11 बूथों पर आज दोबारा वोटिंग



**नई दिल्ली।** मणिपुर में इनर मणिपुर लोकसभा क्षेत्र के 11 मतदान सेंटरों पर 22 अप्रैल को फिर से वोटिंग की जाएगी। इसके लिए चुनाव आयोग ने आदेश जारी किया। इन बूथों पर बीते 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में वोटिंग के दौरान आगजनी, हिंसा और तोड़फोड़ हुई थी। इसमें साजेब, खुरई, थोंगम, लेइकाई बामन आदि शामिल हैं।

### सूरतः कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन खारिज



**सूरत।** सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। दरअसल उनके तीन प्रस्तावकों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को हलफनामा सौंपते हुए कहा था कि नामांकन_र पर हस्ताक्षर उनके नहीं हैं। वहीं सूरत से कांग्रेस के वैकल्पिक उम्मीदवार सुरेश पडसाला का नामांकन पत्र भी अवैध करार दिया गया है।

### योगा एक्सप्रेस के कोच में लगी आग



**हरिद्वार।** गुजरात के अहमदाबाद से उत्तराखंड के ऋषिकेश आ रही योगा एक्सप्रेस रेलगाड़ी के एक कोच में आग लग जाने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना हरिद्वार जिले के इकबालपुर रेलवे स्टेशन पर रविवार दोपहर हुई।

राजस्थान में गरजे पीएम मोदी, विपक्षी दलों को निशाने पर लिया

# कांग्रेस ने देश को खोखला किया, हालत ये हैं कि युवा कांग्रेस का चेहरा देखना नहीं चाहते

एजेंसी ⏭ जालोर

पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले फिर राजस्थान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र के भीनमाल में कहा कि कांग्रेस अस्थिरता का प्रतीक है। आज कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि उसके पास उम्मीदवार तक नहीं हैं।

भीनमाल में उमड़े हजारों लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र की उज्ज्वला गैस योजना और पीएम आवास समेत विभिन्न योजनाओं का ब्योरा रखा। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेसराज के समय सरकार रिमोट कंट्रोल से चलती थी। उन्होंने नाम लिए बिना सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग चुनाव जीत नहीं सकते हैं उनको राज्यसभा के जरिए जीता कर बचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का युवा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता है। पीएम मोदी ने अपनी गारंटियों को दोहराया।उन्होंने रैली में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि आपको हर पोलिंग बूथ जीतना है। हर बूथ पर भाजपा का झंडा ऊपर रहना चाहिए। लुंबाराम को वोट यानी मोदी को वोट। आपका एक-एक वोट मोदी को मजबूत बनाएगा। गाजे बाजे के साथ मतदान करने जाएं। 26 अप्रैल को मतदान दिवस को गर्व दिवस में बदल दें।

पीएम मोदी बोले- राजस्थान में भाजपा सरकार करेगी भ्रष्टाचार की जांच

हर घर को नल से जल देने का काम तेजी से पूरा हो रहा है



### विकसित भारत और विकसित राजस्थान का सपना पूरा करूंगाः पीएम

पीएम मोदी ने किसानों की आय बढ़ाने की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान के बाजरे को विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाना है। विकसित भारत और विकसित राजस्थान का सपना पूरा करना है। भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है। 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर को नल से जल देने का काम तेजी से पूरा हो रहा है। पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने तो इसमें भी घपला कर डाला। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार कांग्रेस के घोटालों की जांच करेगी। जनता का पैसा खाने वालों को छोड़ने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि आपने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को राजस्थान से राज्यसभा भेजा। लेकिन क्या आपने उन्हें फिर से राज्य में देखा? पार्टी का एक और नेता अब राज्य से राज्यसभा में चला गया है। राजस्थान में भाजपा की सरकार कांग्रेस के घोटालों की जांच करेगी। जो लोग चुनाव नहीं लड़ सकते और जीत नहीं सकते, वे यहां आए हैं, राजस्थान में इस बार कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया।

#### 400 सांसदों वाली पार्टी आज 300 सीट पर नहीं लड़ पा रही

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार देश को नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए।कांग्रेस की कमजोर सरकार आते-जाते लोग भी धमकाते थे. हर कोई देश को लूटने में जुटा था. प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी। एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं।पीएम मोदी ने कहा कि इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और परिवारवाद का दीमक फैलाकर पूरे देश को खोखला कर दिया है। इन्हीं पापों की सजा देश उनको दे रहा है।उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है।

उलगुलान रैली में भी नहीं जा सके

## राहुल गांधी पड़े बीमार सतना- रांची दौरा 'रद्द'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ पटवारी ने कहा कि राहुल जल्दी ही मप्र आएंगे

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा रद्द हो गया है। उनके स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सतना आए। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण सतना नहीं आ पा रहे हैं। राहुल जल्दी ही राज्य में कार्यक्रम होंगे और वह जनता से रूबरू ⏩ शेष पेज 5 पर

सतना में खरगे का भाजपा पर हमला

## गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से सभी परेशान, पर वे खुश हैं...

हमने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया था, इसी से मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सतना में आयोजित चुनावी सभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा के समर्थन में सभा कर रहे खरगे ने तंज कसते हुए कहा कि पूरे देश में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से त्राही त्राही मची हुई है,कोई भी खुश नहीं है। हां... यदि कोई खुश है तो सिर्फ एक ही आदमी (मोदी) खुश है। सभा में खरगे ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी ने नारा दिया- सबका साथ और सबका विकास। लोग पूछ रहे- कहां है तुम्हारा विकास? कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि मोदी तो अपनी पार्टी तक का नाम नहीं लेते, कहते हैं- ये मोदी की देन है, ⏩ शेष पेज 5 पर

पति नहीं बना पा रहा था रिलेशन

### शादी के 17 दिन बाद ही अलग हो गया कपल

हाईकोर्ट ने दी अनुमति

एजेंसी ⏭ मुंबई



बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने एक युवा दंपती की शादी को इस आधार पर निरस्त कर दिया कि पति की 'रिलेटिव इंपोटेंसी' के कारण विवाह बरकरार नहीं रह सकता और दंपती की हताशा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 'रिलेटिव इंपोटेंसी' का मतलब ऐसी नपुंसकता से है जिसमें व्यक्ति किसी विशेष व्यक्ति के ⏩ शेष पेज 5 पर

जानलेवा है फूड पॉयजनिंग

### एक्सपायर्ड चॉकलेट खाने से डेढ़ साल की बच्ची की मौत

एजेंसी ⏭ पटियाला



■ खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था

पटियाला में केक खाने से 10 साल की बच्ची की मौत का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि अब, हाल ही में एक और ऐसा दुखद मामला सामने आया है। पटियाला में ही एक अन्य डेढ़ साल की बच्ची की चॉकलेट खाने से मौत की खबर सामने आई है। खबरों के मुताबिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला है कि चॉकलेट ⏩ शेष पेज 5 पर

आयोग के नोटिस पर भड़के उद्धव

### जो करना है कर लो, सॉन्ग से भवानी शब्द नहीं हटाऊंगा

एजेंसी ⏭ मुंबई



शिवसेना(यूबीटी) के मशाल सॉन्ग में भवानी शब्द पर चुनाव आयोग ने आपत्ति जाहिर की है। भवानी शब्द हटाने के लिए आयोग ने उद्धव ठाकरे को नोटिस दिया है। इस नोटिस को लेकर ठाकरे भड़क गए और साफ तौर पर कह दिया कि किसी भी सूरत में भवानी शब्द नहीं हटाऊंगा जो करना हैं करें। यही नहीं उन्होंने कहा कि आयोग पहले पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे। बता दें ⏩ शेष पेज 5 पर

## पीएम ने कहा- पूरी दुनिया को हमसे उम्मीद

पीएम ने 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया



### मानवता के लिए 'सुरक्षित स्वर्ग' है भारत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता होने के साथ-साथ मानवता के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि यह देश सिर्फ अपने लिए नहीं ⏩ शेष पेज 5 पर

त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था पहली बार लागू

## रामलला के दर्शन से पहले अब श्रद्धालुओं को देनी होगी 'परीक्षा'

एजेंसी ⏭ अयोध्या

राम मंदिर में पहुंच रहे श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन अब आसानी से नहीं मिल सकेंगे। इसके लिए पहले उन्हें कड़ी 'परीक्षा' से गुजरना होगा। इसके बाद ही रामलला के दर्शन के लिए एंट्री मिलेगी। फर्जीवाड़ा पर अंकुश के लिए पास धारक श्रद्धालुओं की त्रिस्तरीय जांच की व्यवस्था पहली बार लागू कर दी गई है। इस जांच के लिए पास धारकों को निर्गत पास के आईडी को अपने साथ लेकर जाने की अनिवार्यता हो गयी है। पहले यह अनिवार्यता नहीं थी और पास देखकर श्रद्धालुओं को प्रवेश दे दिया जाता था लेकिन अब पास धारक को सत्यापन के रोक कर पूछताछ की जा रही है। फिर प्रवेश दिया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि पूर्व व्यवस्था के कारण साइबर खिलाड़ी दूसरों के आईडी



प्रूफ पर लोगों को भेजकर वसूली कर ले रहे थे। पिछले दिनों धनराशि लेकर दर्शन कराने के मामले की जांच हुई तो इस प्रकार के चौंकाने वाले मामले भी सामने आए। इसके कारण आईडी प्रूफ के सत्यापन की व्यवस्था को प्रभावी कर दिया गया है। इस नयी व्यवस्था में इंट्री गेट पर सुरक्षा कर्मी पहले पास की सामान्य जांच कर अपना हस्ताक्षर कर नियत संख्या में श्रद्धालुओं के प्रवेश सुनिश्चित कराते हैं।

#### आईडी प्रूफ की मांग


*पुनः फ्रीस्किंग एरिया में यूपी पुलिस के एक उपनिरीक्षक पास धारक के आईडी प्रूफ की मांग करते हैं। उसके आईडी प्रूफ से सम्बन्धित पास धारक के चेहरे का मिलान करने के अलावा पास में स्लाट के समय व तिथि की भी जांच की जाती है। इस जांच से संतुष्टि के बाद जांच अधिकारी भी अपना हस्ताक्षर करते हैं। फ्रीस्किंग एरिया में जांच के बाद तीसरी बार पुनः पास की सामान्य जांच होती है और निर्धारित श्रद्धालुओं की गिनती कराकर उन्हें आगे जाने दिया जा रहा है।*

यूजीसी नेट में हुए दो बड़े बदलाव, इसी साल से होंगे लागू

# 4-वर्षीय स्नातक डिग्री वाले भी दे सकेंगे यूजीसी नेट परीक्षा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूजीसी नेट एग्जाम 2024 पर बड़ी खबर आई है। नेट एग्जाम में दो बड़े बदलाव किए गए हैं। ये दोनों बदलाव इसी बार की जून 2024 यूजीसी नेट परीक्षा से लागू किए जा रहे हैं। चार वर्षीय स्नातक डिग्री वाले छात्र अब सीधे राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) में शामिल होने के साथ ही पीएचडी भी कर सकते हैं। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने यह जानकारी दी। जूनियर रिसर्च फेलोशिप के साथ या उसके बिना पीएचडी करने के लिए अभ्यर्थियों को अपने चार साल के स्नातक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड की आवश्यकता होगी। अब तक, नेट के लिए अभ्यर्थी को न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री की आवश्यकता होती थी। कुमार ने बताया, चार साल की स्नातक डिग्री वाले अभ्यर्थी अब सीधे पीएचडी कर सकते हैं और नेट परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को जिस भी विषय में वे पीएचडी करना चाहते हैं, उसमें करने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने किसी भी विषय में चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्राप्त की हो। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, चार साल या आठ सेमेस्टर के स्नातक डिग्री कार्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि यूजीसी द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णय के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर), दिव्यांग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और कुछ अन्य श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए पांच प्रतिशत अंक या इसके समकक्ष ग्रेड की छूट दी जा सकती है।




#### यूजीसी नेट की प्रमुख तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन शुरू | - | 21 अप्रैल |
| आवेदन की अंतिम तिथि | - | 10 मई |
| आवेदन शुल्क की अंतिम तिथि | - | 12 मई 2024 |
| आवेदन में ऑनलाइन संशोधन की तिथियां | - | 13 से 15 मई |
| एग्जाम सिटी स्लिप और एडमिट कार्ड तिथि | - | बाद में जारी होगी |
| यूजीसी नेट 2024 परीक्षा की तिथि | - | 16 जून 2024 |

#### ये दो बड़े बदलाव

**पहला**

कैंडिडेट जो चार साल का ग्रेजुएशन या 8 सेमेस्टर का यूजी कोर्स कर रहे हैं और वो अपने आखिरी साल में पढ़ रहे हैं या अंतिम सेमेस्टर में हैं, तो उन्हें भी यूजीसी नेट 2024 जून एग्जाम के लिए योग्य माना जाएगा। ऐसे उम्मीदवार भी जून 2024 नेट एग्जाम के लिए अप्लाई कर सकते हैं।

**दूसरा**

जो कैंडिडेट 4 चार साल का ग्रेजुएशन कर रहे हैं, उन्हें ये छूट दी जाएगी कि वे किसी भी विषय में नेट की परीक्षा दे सकते हैं। यानी उनके लिए सिर्फ उसी सब्जेक्ट में नेट एग्जाम देने की बाध्यता नहीं होगी जिसमें उन्होंने ग्रेजुएशन किया है। हालांकि कैंडिडेट को नेट एग्जाम सब्जेक्ट में से वह विषय चुनना होगा, जिसमें वह आगे पीएचडी करना चाहते हैं।

खबर संक्षेप

## ईडी का समनः हाईकोर्ट में सीएम केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट द्वारा दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत देने से इनकार करने के बाद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। केजरीवाल ने गिरफ्तारी, पूछताछ और जमानत के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी है। याचिका न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए निर्धारित है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक ने ईडी द्वारा जारी नौवें समन के मद्देनजर हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसमें उन्हें 21 मार्च को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। हाईकोर्ट की पीठ ने 20 मार्च को ईडी से मामले के संबंध में अपना जवाब दाखिल करने को कहा था। ईडी ने आरोप लगाया है कि आरोपी आबकारी नीति तैयार करने के लिए केजरीवाल के संपर्क में थे, जिसके परिणामस्वरूप आप को रिश्वत के बदले में उन्हें अनुचित लाभ हुआ। याचिका में केजरीवाल ने कई मुद्दे उठाए हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या कोई राजनीतिक दल धन शोधन रोधी कानून के तहत आता है। याचिकाकर्ता को सत्तारूढ़ पार्टी का 'मुखर आलोचक' बताते हुए याचिका में आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार ईडी का दुरुपयोग कर रही है।

## माता पिता के बीच चल रहे खराब रिश्ते से परेशान बेटी ने दी जान

**नई दिल्ली।** माता पिता के रिश्ते में खटास 12 साल की बेटी को सहन नहीं हो पाई और उसने मौत को गले लगा लिया। किशोरी का नाम लवीना (परिवर्तित नाम) बताया गया है। मामला बवाना के पूठ खुर्द इलाके में सामने आया। केस में कोई सुसाइड नोट अभी पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार राज वाटिका, बवाना इलाके में लवीना परिवार के साथ रहती थी। रविवार सुबह पुलिस को इस घटना की जानकारी मिली। किशोरी ने चुन्नी के सहारे फांसी लगाई थी। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि किशोरी की मां पूनम तीन साल से अपने मायके शाहबाद डेयरी में रह रही है। जबकि लड़की अपने पिता, भाई और दादी के साथ रहती थी। महिला का पति से तलाक का केस चल रहा है। पीड़ित परिजनों का कहना है शनिवार सुबह लवीना स्कूल गई थी लेकिन स्कूल बंद होने की वजह से वापस लौट आई। करीब नौ बजे वह स्कूल ड्रेस में ही घर में पंखे के सहारे लटक गई। अभी तक की जांच में पुलिस को यही जानकारी मिली है कि वह अपने माता पिता के रिश्तों में चल रही अनबन के कारण परेशान थी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस की जांच अभी जारी है।

# सिंघू-कुंडली बॉर्डर फ्लाईओवर का कुछ हिस्सा खुला, लोगों को मिली राहत

दया राम ⏭ नई दिल्ली

किसान आंदोलन को लेकर बंद किए गए सिंघू-कुंडली बॉर्डर फ्लाईओवर के खुलने का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और शनिवार की देर रात इस फ्लाईओवर के दोनों तरफ के हिस्सों को खोल दिया गया है।

इसके बाद वाहन चालकों सहित आसपास के स्थानीय निवासियों, पेट्रोल पंप, डिम्ट्स बस संचालकों, नरेला कुंडली औद्योगिक क्षेत्रों के मालिकों, मजदूरों आदि को आंशिक रूप से राहत मिल गई है और खुशी का माहौल है। साथ ही बंद सिंघू बॉर्डर से नरेला मार्ग को भी छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है।

### आवागमन हुआ आसान

बता दें कि इस फ्लाईओवर को लेकर हरिभूमि ने पहले कई खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की हैं जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और बंद सिंघू-कुंडली बॉर्डर फ्लाईओवर का प्रशासन ने संज्ञान लिया और इसे शनिवार रात वाहनों के आवागमन को लेकर खोल दिया। हालांकि इसे खोलने की प्रक्रिया 17 अप्रैल 2024 को शुरू कर दी गई थी और रविवार तक दोनों तरफ के मार्गों की दो दो लाइनों को खोलने की बात प्रशासन ने कही थी। आपको यह भी बता दें कि सिंघू-कुंडली बॉर्डर यातायात जाम के कारण दिल्ली सरकार के अंतर्गत दो रूट बंद होने और बस यात्रियों को हो रही भारी परेशानी की खबर भी प्रकाशित होने के बाद डिम्ट्स, आर्ट्स बस कंपनी प्रशासन हरकत में आया और उन्होंने दिल्ली सरकार के उत्तरी जिला के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (डीएम) यश चौधरी से फ्लाईओवर खोलने के लिए उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनसे फ्लाईओवर खुलवाने का निवेदन किया। इस दौरान डीएम ने आश्वासन दिया कि प्रक्रिया के तहत नियमानुसार इसे खुलवाया जाएगा।





खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन

फ्लाईओवर खुले तो मिले राहत, डीएम से की मुलाकात

दया राम ⏭ नई दिल्ली

सिंघू-कुंडली बॉर्डर यातायात जाम के कारण ... रूट बंद होने की खबर हरिभूमि में ...काशित होने के बाद डिम्ट्स, आर्ट्स बस कंपनी प्रशासन हरकत में आया और उन्होंने सोमवार को दिल्ली सरकार के उत्तरी जिला के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट (डीएम) यश चौधरी से फ्लाईओवर खोलने के लिए उनके कार्यालय में मुलाकात कर उनसे फ्लाईओवर खुलवाने का निवेदन किया। इस दौरान डीएम ने आश्वासन दिया कि प्रक्रिया के तहत नियमानुसार इसे खुलवाया जाएगा। बस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को सिंघू-कुंडली बॉर्डर का निरीक्षण किया और पाया कि यदि सिंघू-कुंडली बॉर्डर के दोनों तरफ के फ्लाईओवर खुल जाएंगे तो ...

क्योंकि फिर यहां फ्लाईओवर से वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा और बसों के संचालन में कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली के अन्य बॉर्डर खुल चुके ...

जिसके चलते नीचे दोनों तरफ लंबा जाम लग रहा है और बसों के संचालन में बाधा बन रहा है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि बसों के रूट बंद होने से बड़ी ...

फ्लाईओवर क्यों नहीं खोल रहा है प्रशासन

सिंघू-कुंडली बॉर्डर के आसपास के निवासी भी इस बॉर्डर के फ्लाईओवर नहीं खुलने से परेशान हैं क्योंकि यहां आसपास के सिंघू, सेरसा, कुंडली, नरेला, सफियाबाद गांव से होकर बड़ी संख्या में वाहन गुजर रहे हैं। निवासियों का कहना है कि जब नीचे के मार्ग खोल दिए गए हैं और यहां पुलिस प्रशासन के टेंट, सीसीटीवी कैमरे आदि उखाड़ दिए गए हैं तो फ्लाईओवर खोलने में प्रशासन क्यों देरी लगा रहा है। यह आसपास के लोगों की समझ में भी नहीं आ रहा है।

### भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा

# गाजीपुर लैंडफिल साइट पर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर 'लैंडफिल' स्थल (कचरा एकत्र करने का स्थान) पर रविवार को भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि हमें शाम पांच बजकर 22 मिनट पर आग लगने की सूचना मिली। दो दमकल गाड़ियों को काम पर लगाया गया है। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस को सूचित कर दिया गया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए उत्खननकर्ताओं को भी काम पर लगाया गया है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने पिछले साल 31 दिसंबर तक गाजीपुर लैंडफिल स्थल को खाली कराने का वादा किया था, लेकिन अपना वादा पूरा नहीं किया। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने एक बयान में कहा कि लैंडफिल स्थल पर आग लगने के परिणामस्वरूप पूरे क्षेत्र में धुआं फैल गया है, जिससे निवासियों और व्यवसायों को असुविधा हो रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 2022 के एमसीडी चुनाव से पहले 31 दिसंबर,2023 तक इस लैंडफिल स्थल को खाली करने का वादा किया था, लेकिन कचरा हटाने के बजाय यहां और अधिक कचरा डाल दिया गया। वर्ष 2019 में गाजीपुर लैंडफिल स्थल की ऊंचाई 65 मीटर थी, जो कुतुब मीनार से केवल आठ मीटर कम थी।





### सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट साइट पर लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** जनपथ चौराहे के पास रविवार शाम करीब छह बजे सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की एक निर्माणाधीन इमारत में रखे कचरे में आग लग गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि हमें एक इमारत में आग लगने के संबंध में शाम छह बजकर 18 मिनट पर कई कॉल मिली थी। मौके पर छह अग्निशमन वाहनों को भेजा गया था। छह बजकर 35 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। आग एल एंड टी साइट पर इकट्ठा कचरे में लगी थी। पुलिस के अनुसार आग की यह घटना जनपथ चौराहे के नजदीक लगी थी।

## सरिता विहारः दुष्कर्म के आरोपी की चाकू मारकर हत्या



**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के सरिता विहार में एक दुष्कर्म आरोपी की चाकू से गोदकर हत्या का मामला सामने आया है। मृतक का नाम अक्षय भड़ाना बताया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया गया है। हत्या का आरोप पीड़ित महिला के ही दोस्त पर लगा है। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार अक्षय सरिता विहार में परिवार के साथ रहता था। 2018 में उसके खिलाफ एक महिला ने दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया था। आरोप है कि अक्षय महिला पर केस वापस लेने का दवाब बना रहा था। मुकदमें की सुनवाई की तारीख भी 30 अप्रैल तय थी। महिला ने अपने दोस्त विशाल को समस्या बताई। विशाल ने चार बार चाकू से वार कर अक्षय को मौत के घाट उतार दिया। अधिक जानकारी के लिये डीसीपी राजेश देव से संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

# जज बनकर अपराधियों को जमानत देने वाले शातिर कार चोर की मौत

## चोरी के 150 मामलों में 90 से अधिक बार गया था जेल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

न्यायाधीश बनकर अपराधियों को जमानत देने से लेकर लग्जरी कार चुराने में माहिर अपराधी धनीराम मित्तल की 85 साल की उम्र में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दशकों तक अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे मित्तल की बृहस्पतिवार को मौत हो गई, जो स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से जूझ रहा था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और राजस्थान में चोरी के 150 मामलों में मित्तल 90 से अधिक बार जेल गया था। उन्होंने कहा कि मित्तल के अपराधों की सूची लंबी है, वह अपने जीवनकाल में चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के 1,000 से अधिक मामलों में सीधे तौर पर शामिल था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मित्तल सबसे पहले 1964 में धोखाधड़ी के एक मामले में फंसा था और उसके बाद वह लगातार अपराध में लिप्त रहा।

### निजी इस्तेमाल के लिए पार्किंग से चुराता था कारें

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने याद किया कि मित्तल ने निजी इस्तेमाल के लिए हरियाणा स्थित झज्जर अदालत की पार्किंग से कारें चुराई थीं। उन्होंने कहा कि जब हम मित्तल की आपराधिक प्रोफाइल पढ़ रहे थे, तो हमें पता चला कि वह कुछ दिनों के लिए झज्जर में न्यायाधीश बनकर पहुंचने में कामयाब रहा और लंबी सजा काट रहे अपराधियों को रिहा करने का आदेश पारित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि मित्तल काफी पढ़ा लिखा था और उसने रोहतक से प्रथम श्रेणी में बीएससी और बाद में राजस्थान से एलएलबी किया। अधिकारी ने बताया कि एलएलबी के बाद, उसने विभिन्न अधिवक्ताओं के लिए मुंशी (क्लर्क) के रूप में काम किया। लेकिन वह अपनी निजी खुशी के लिए कारें चुराता था। उसने जाली दस्तावेज भी बनाए और स्टेशन मास्टर की नौकरी हासिल की और 1968 से 1974 तक काम किया। बृहस्पतिवार को उसकी मौत हो गई, क्योंकि वह बीमार था और उसे दिल का दौरा पड़ा था। मित्तल का दिल्ली के निगमबोध घाट पर उसके बेटे ने अंतिम संस्कार किया।

## मांगों के पूरा न होने के चलते आक्रोशित हैं सफाई कर्मचारी : गहलोत

**नई दिल्ली।** सफाई कर्मचारी ज्वलंतशील मांगों के पूरा न होने के चलते आक्रोशित है जिसका केवल एक ही उपाय है कि सभी एकजुट होकर संघर्ष करें। राष्ट्र व्यापी सामाजिक संगठन अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में रविवार को विशेष रूप से आमंत्रित अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के मुख्य संरक्षक एवं दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने यह बातें कही। बता दें कि यहां सर्वसम्मति से प्रमुख समाज सेविका पूनम सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला मोर्चा) मनोनीत किया गया। गहलोत ने बताया कि संजय गहलोत ने आह्वान किया कि महापंचायत द्वारा एकजुट होकर कौम हित में कार्य करके अधिकार दिलाएंगे। संगठन की अन्य नियुक्तियों में अमित टांक को अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, अनिता बालगुहेर को अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश (महिला मोर्चा) एवं पूजा डुलगच को पदोन्नत करते हुए राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में शेर सिंह वाल्मीकि, श्रीपाल, विनोद, तरुण उज्जैनवाल, राखी ,सूरज इत्यादि भी मौजूद रहे।

# रिजॉर्ट व होटल बुक कराने के नाम पर ठगी

## तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हिल स्टेशनों पर रिसॉर्ट व होटल बुक कराने के नाम पर डॉक्टर को चूना लगाने वाले तीन जालसाजों को नॉर्थ साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम अभिषेक, करण मजूमदार और अभिषेक वर्मा हैं। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल, डेबिट कार्ड, चेकबुक, पासबुक, पेटीएम, सिमकार्ड, वाईफाई राउटर आदि सामान बरामद किया है। पुलिस को इन जालसाजों के खिलाफ कई अन्य शिकायतें भी दर्ज होने का पता चला है।

डीसीपी मनोज कुमार मीना के अनुसार हिंदू राव अस्पताल के एक डॉक्टर ने ठगी की शिकायत साइबर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई थी। उन्होंने बताया कि टूर पैकेज की खोज में वह कैनेव्स कॉन्टिनेंटल रिजॉर्ट एंड स्पा प्राइवेट लिमिटेड के वेबपेज पर पहुंचे। वहां संपर्क करने के बाद वह परिवार के साथ मनाली पहुंचे। वहां दीपक शर्मा और अभिषेक वर्मा ने उनसे संपर्क किया, जिन्होंने उपरोक्त कंपनी के कर्मचारी और प्रबंधक होने का दावा किया। इन लोगों ने झूठे दिखावे के तहत पीड़ित को अपने पैकेज का लाभ उठाने और सदस्यता के लिए एक घंटे के सेमिनार में भाग लेने के लिए राजी किया और उनके डेबिट कार्ड से केवल 2 रुपये का भुगतान किया। बाद में पीड़ित डॉक्टर को पता चला कि उनके नाम और डेबिट कार्ड का इस्तेमाल कर जालसाजों ने धोखे से 95 हजार रुपए का लोन ले लिया है। जांच के दौरान पुलिस ने लगभग 200 मोबाइल नंबरों और आईएमईआई के कॉल डिटेल रिकॉर्ड का गहन विश्लेषण किया। टैक्नीकल सर्विलांस के जरिए पुलिस ने 17 अप्रैल को मंडावली इलाके में रेड की, जहां जालसाज की फर्जी कंपनी में वेतन के आधार पर काम करने वाला एक मार्केटिंग एजेंट मिला। इससे पूछताछ के बाद मुख्य आरोपी का पता लगा। बाद में पुलिस ने शिमला और हिमाचल प्रदेश में रेड कर जालसाजों को पकड़ा। अभिषेक और करण मजूमदार उक्त कंपनी के निदेशक बने हुए थे, जबकि अभिषेक वर्मा मैनेजर। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्होंने नकली आईडी और दस्तावेजों का उपयोग करके कई पर्यटकों को धोखा दिया है। अभिषेक शिव विहार दिल्ली, करण मजूमदार लखनऊ और अभिषेक वर्मा हरिनगर दिल्ली का रहने वाला है। इनसे चार लैपटॉप, चार क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन और अन्य सामान बरामद हुआ है।



# सड़कों पर गति उल्लंघन के मामलों में आई कमी

## साल के शुरुआती साढ़े तीन माह का आंकड़ा जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ट्रैफिक पुलिस ने ओवर-स्पीडिंग उल्लंघनों में मामलों में महत्वपूर्ण कमी हासिल की है। यह उपलब्धि यातायात पुलिस के मेहनती प्रयासों के प्रमाण के रूप में देखी जा रही है। यातायात पुलिस के अनुसार आंकड़ों से पता चला कि इस साल 15 अप्रैल तक ओवर स्पीड़िंग के कुल 816372 नोटिस जारी किए गए थे। इसकी तुलना में 2023 में इस अवधि तक 952367 नोटिस जारी हुये थे।

इस प्रकार ओवर स्पीड के लिए जारी किए गए चालान या मामलों की संख्या में लगभग 15 प्रतिशत की कमी आई है। यातायात पुलिस की योजनाओं और कार्यान्वयन के माध्यम से शहर की सड़कों पर तेज गति के मामलों पर काफी हद तक अंकुश लगा है। ओएसवीडी कैमरों की व्यवस्थित तैनाती ने वाहनों की गति की निगरानी और विनियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे सभी यात्रियों के लिए सुरक्षित सड़क की स्थिति को बढ़ावा मिला है। कैमरों की उपस्थिति एक निवारक के रूप में कार्य कर रही है। ड्राइवरों के बीच जिम्मेदारी की भावना को भी इससे बढ़ावा मिला है। कैमरे ओवर-स्पीडिंग के मामलों को सटीक रूप से पकड़ते हैं, जिससे उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ त्वरित और सटीक प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित होती है। यह यातायात कानूनों का निष्पक्ष और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है। प्रवर्तन प्रयासों के अलावा, दिल्ली यातायात पुलिस सड़क सुरक्षा के लिए गति सीमा का पालन करने के महत्व के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए जन जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से लगी हुई है। इन अभियानों ने आम जनता के बीच अनुपालन और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद की है। दिल्ली यातायात पुलिस ने सभी मोटर चालकों से सुरक्षा को प्राथमिकता देने और हर समय गति सीमा का अनुपालन करने की अपील भी की है। क्योंकि जिम्मेदार ड्राइविंग न केवल व्यक्तिगत जीवन की रक्षा करती है बल्कि सभी के लिए सुरक्षित सड़कों के निर्माण में भी योगदान देती है।

## पांच साल से अधिक छात्रावास में रहने की अनुमति न दें

# जेएनयू में 'मुफ्तखोरों' की समस्या हैः कुलपति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलपति शांतिश्री धूलिपुड़ी पंडित ने कहा है कि जेएनयू मुफ्त के भोजन-आवास की सुविधा भोगने वालों का सामना कर रहा है और यह स्थिति निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरने वाले विद्यार्थियों एवं अवैध रूप से रहने वाले अतिथियों की वजह से उत्पन्न हो रही है।

पंडित ने एक साक्षात्कार में कहा कि उन्होंने छात्रावास प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी विद्यार्थी को पांच साल से अधिक समय तक छात्रावास में रहने की अनुमति न दी जाये। करदाताओं के पैसों पर विश्वविद्यालय परिसर में मुफ्तखोरों के रहने-खाने के आरोपों पर पूछे गये एक सवाल के जवाब में पंडित ने कहा कि आप बिल्कुल सही (कह रहे) हैं, हमारे यहां 'मुफ्तखोरों' की समस्या है। जेएनयू से पढ़ाई कर चुकी पंडित (61) ने कहा कि यह समस्या तब भी थी जब वह छात्रा थीं, लेकिन अब यह और बढ़ गई है।



उन्होंने कहा कि जब मैं वहां थी, तो कई ऐसे छात्र थे जो विश्वविद्यालय में रुके हुए थे, लेकिन ऐसे छात्रों की संख्या बहुत कम थी...कुछ छात्र...सब कुछ मुफ्त और सब्सिडी वाला चाहते हैं...यहां तक कि लोकसभा कैंटीन भी जेएनयू कैंटीन से महंगी है, लेकिन हमारे समय में शिक्षक बहुत सख्त होते थे। पंडित ने कहा कि मेरे शोध का निरीक्षण करने वाले प्रोफेसर ने मुझसे कहा था कि यदि आप इसे साढ़े चार साल में पूरा नहीं करेंगी, तो आप बाहर हो जाएंगी। मैं जानती थी कि वह मेरी 'फेलोशिप एक्सटेंशन' पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे... मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में इसमें बदलाव आया है। कुछ प्रोफेसर ने इस तरह के विस्तार की अनुमति दी और इस तरह आज यह संख्या बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि कैंपस में ऐसे भी अतिथि हैं जो अवैध रूप से रह रहे हैं, जो जेएनयू के छात्र भी नहीं हैं, लेकिन यहां आते हैं और रहते हैं। वे या तो यूपीएससी या अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं... उनके लिए, जेएनयू रहने की सबसे सस्ती जगह है... दक्षिण पश्चिम दिल्ली में आपको हरियाली वाला, दो हजार एकड़ में फैला हुआ, ढाबों और सस्ते भोजन के साथ ऐसा आवास कहां मिल सकता है। इस मुद्दे के समाधान के लिए उनके प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर पंडित ने कहा कि अब हम इसे काफी हद तक नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं...हमारे लिए कमरों में जाना बहुत मुश्किल है... हम अभी भी मानदंडों का पालन करते हुए ऐसा करते हैं।

### छात्रावास प्रशासन पर सख्ती

हम विद्यार्थियों से अपील करते हैं यदि वे कोई अतिथि ला रहे हैं तो कम से कम सूचित करें। उन्होंने कहा कि हमने छात्रावास प्रशासन पर भी सख्ती कर दी है कि वह किसी भी छात्र को पांच साल से अधिक न रहने दे। हम अब आईडी कार्ड अनिवार्य कर रहे हैं... हम विद्यार्थियों से कहते हैं कि वे हर समय आईडी कार्ड अपने साथ रखें और मांगे जाने पर उन्हें दिखाएं। जेएनयू ने 2019 में छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों से 2.79 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि की एक सूची जारी की थी, जिससे विभिन्न हलकों में हंगामा मच गया था। विश्वविद्यालय में 2019 में भी उस वक्त बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था, जब उसने शुल्क वृद्धि की थी।

# कैब ड्राइवर की हत्या में शामिल आरोपी दबोचा

## बाएं पैर में गोली लगने से हुआ जख्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लाल किले के पास गत रविवार और सोमवार की दरमियानी रात कैब चालक की गोली मारकर हत्या और एक नाबालिग की हत्या के प्रयास केस में शामिल आरोपी को नॉर्थ पुलिस ने शूटआउट के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी बाएं पैर में गोली लगी है। आरोपी का नाम लोनी निवासी फिरोज बताया गया है। पुलिस के अनुसार लाल किले के नजदीक एक कैब ड्राइवर की रोडरेज के बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात में एक नाबालिग भिखारी को भी गोली लगी थी। दरअसल वैगनार कैब और ई रिक्शा के बीच टक्कर हो गई थी। इसी दौरान उनकी मदद के बहाने मौके पर जमा हुए लोगों ने कैब चालक की जेब तराशी और सामान लूटने की कोशिश की थी। विरोध करने पर वारदात की गई थी। पुलिस इस केस में एक युवती समेत तीन आरोपियों को पहले ही पकड़ चुकी थी। मामले में पुलिस को फिरोज की तलाश थी। 21 अप्रैल को इसके बारे में इनपूट मिला, जिसके बाद वजीराबाद इलाके में पुलिस ने ट्रेप लगाया। आरोपी को सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो बदमाश के बाएं पैर में लगी। उसे इलाज के लिये अरुणा आसिफ अली अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मामले में हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट सम्बंधी धाराओं के तहत एक अन्य मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।



## 'केजरीवाल को इंसुलिन दो और उनकी जान से खिलवाड़ मत करो' लिखी तख्तियां, पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे

# आप कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ तिहाड़ जेल के बाहर जमकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

तिहाड़ में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं देने को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने भाजपा सरकार के खिलाफ तिहाड़ जेल के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के विरोध प्रदर्शन में कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ नेता अतिशी, विधायक संजीव झा और मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़, आदिल खां समेत अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री आतिशी ने रविवार को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि स्वयं सहित आप के अन्य नेता अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली के लोगों द्वारा भेजी गई इंसुलिन के इंजेक्शन लेकर पहुंचे थे। आतिशी ने जेल के बाहर मौजूद अधिकारियों को इंसुलिन देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने नहीं ली। इस पर आतिशी ने कहा कि दिल्ली की जनता को अपने मुख्यमंत्री की सेहत को लेकर चिंता है। इसलिए उन्होंने अरविंद केजरीवाल के लिए इंसुलिन भेजी है। लेकिन जेल अधिकारियों ने इंसुलिन लेने से इन्कार कर दिया। भाजपा इंसुलिन को रोक कर अरविंद केजरीवाल की जान को खतरे में रखने की साजिश कर रही है। इस दौरान 'आप' नेता हाथों में 'अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन दो और अरविंद केजरीवाल की जान से खिलवाड़ मत करो' लिखी तख्तियां, पोस्टर और बैनर लेकर पहुंचे थे। संजीव झा ने बताया कि भाजपा गहरी साजिश कर अरविंद केजरीवाल को जान से मारना चाहती है, इसमें जेल प्रशासन और एलजी भी शामिल हैं। वहीं, प्रियंका कक्कड़ जेल प्रशासन और एलजी तय करने वाले कौन होते हैं कि केजरीवाल को इंसुलिन की जरूरत है या नहीं, यह तो डॉक्टर ही बताएगा।

मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने अपने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए इंसुलिन भेजा है। अरविंद केजरीवाल पिछले 20 सालों से डायबिटीज के मरीज हैं। आज उनका शुगर लेवल 300 से ऊपर पहुंच गया है और शुगर लेवल लगातार 300 के पार बना हुआ है। दिल्ली और देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के किसी भी डॉक्टर से परामर्श लिया जाए तो वो बता देगा कि 300 से ऊपर शुगर लेवल है तो बिना इंसुलिन का इंजेक्शन लिए कम ही नहीं हो सकता है। अगर 300 से ऊपर शुगर लेवल बिना इंसुलिन के कंट्रोल नहीं हो सकता है और तिहाड़ प्रशासन इंसुलिन देने से मना कर रहा है, तो साफ तौर पर अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा है। आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार ज्यादा स्तर पर बना हुआ है। इससे किड़नी, लीवर, आंखों समेत नर्वस सिस्टम पर असर पड़ता है। अगर अरविंद केजरीवाल को कुछ हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा। अगर अरविंद केजरीवाल की किडनी और आंखें खराब हो गई तो कौन जिम्मेदार होगा।




### केजरीवाल की दवाइयां रोकने के पीछे निश्चित तौर पर गहरी साजिश है

आतिशी ने कहा कि सीएम केजरीवाल की दवाइयां रोकने के पीछे निश्चित तौर पर गहरी साजिश है। आतिशी ने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के वकील को कोर्ट में उपस्थित होकर तिहाड़ जेल प्रशासन का पक्ष रखना चाहिए, लेकिन तिहाड़ प्रशासन के लिए एलजी के दो वकील व्यक्तिगत तौर पर कोर्ट में उपस्थित हुए थे। ये दोनों वकील एलजी के केस देखते हैं। तिहाड़ जेल प्रशासन को अपनी रिपोर्ट दिल्ली सरकार को भेजनी चाहिए, लेकिन वो एलजी को भेज रहा है। इन घटनाओं से साफ है कि वर्तमान में तिहाड़ जेल प्रशासन पूरी तरह एलजी साहब के अधीन उनके आदेश के मुताबिक काम कर रहा है। जेल प्रशासन द्वारा साजिशन अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन रोकी जा रही है।

### तिहाड़ में डायबटिज का डॉक्टर ही नहीं है तो कौन कर रहा है मॉनिटरिंग ?

आतिशी ने कहा कि तिहाड़ प्रशासन ने इतने समय बाद शनिवार को एम्स को चिट्ठी लिखी कि उन्हें डायबिटिज के विशेषज्ञ डॉक्टर की जरुरत है। यानि इतने समय से तिहाड़ प्रशासन, कोर्ट को झूठ बोल रहा है कि केजरीवाल की मेडिकल मॉनिटरिंग हो रही है। इसलिए सवाल उठता है कि जब तिहाड़ में डायबटिज का डॉक्टर ही नहीं है तो मॉनिटरिंग कौन कर रहा है? उन्होंने कहा कि ये भाजपा की कैसी क्रूरता है। भाजपा की अरविंद केजरीवाल से कैसी नफरत है कि उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अरविंद केजरीवाल की इंसुलिन को रोककर उनकी जान को खतरे में रखने की साजिश कर रही है। भाजपा की शह पर तिहाड़ प्रशासन अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दे रहा है। इसलिए दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल के लिए इंसुलिन भेजी है और ये संदेश भेजा है कि हमारे मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाए।

### तिहाड़ जेल के डीजी ने एम्स अस्पताल से मांगा शुगर स्पेशलिस्ट डॉक्टर : भारद्वाज




तिहाड़ जेल के डीजी ने बीते कल 20 अप्रैल को एम्स को एक चिट्ठी लिख कर एम्स अस्पताल से एक शुगर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर तिहाड़ जेल को मुहैया कराने की मांग की है। पार्टी मुख्यालय में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए यह चिट्ठी मीडिया के साथ साझा की और बताया कि आज भाजपा शासित केंद्र सरकार पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हो गई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस बढ़ी हुई शुगर की परेशानी से जूझ रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने भाजपा शासित केंद्र सरकार का, जेल प्रशासन का और अब न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है कि मुझे इंसुलिन दवाई दे दी जाए। भारद्वाज ने कहा कि 1 अप्रैल से अरविंद केजरीवाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है और जैसा कि सभी जानते हैं, अरविंद केजरीवाल को शुगर की गंभीर बीमारी है और वह शुगर नियंत्रित करने के लिए लगातार इंसुलिन दवाई लेते हैं। केजरीवाल लगातार इस बात को कह रहे थे, कि मेरी शुगर बढ़ती जा रही है और तिहाड़ जेल में मुझे इंसुलिन नहीं दी जा रही है, या तो मुझे शुगर के स्पेशलिस्ट डॉक्टर को दिखाया जाए या फिर मेरे फैमिली डॉक्टर जिन्हें मेरी बीमारी की पूरी केस हिस्ट्री मालूम है, से मुझे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए परामर्श करने दिया जाए। परंतु भाजपा शासित केंद्र सरकार और तिहाड़ प्रशासन लगातार इस बात को कह रहा था, कि अरविंद केजरीवाल की शुगर ठीक है और उनको इंसुलिन की कोई जरूरत नहीं है और हमारे पास यहां क्लिनिक है, पर्याप्त सुविधाएं हैं, स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं, सभी दवाइयां उपलब्ध हैं। परंतु जेल के डीजी द्वारा एम्स अस्पताल को लिखी गई यह चिट्ठी इस बात का सबूत है, कि जेल प्रशासन और भाजपा शासित केंद्र सरकार अभी तक झूठ बोल रही थी। भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ और सिर्फ एक ही बात समझ में आती है, कि भाजपा शासित केंद्र सरकार चाहती है, कि अरविंद केजरीवाल की शुगर लगातार बढ़ी रहे और तर्क कुतर्क करके मीडिया में माहौल बना के रखा जाए और बढ़ी हुई शुगर के कारण धीरे-धीरे अरविंद केजरीवाल के शरीर के जो अन्य अंग हैं, जैसे की किडनी, लीवर, हार्ट, आंखें आदि खराब हो जाए और धीरे-धीरे उनकी मृत्यु हो जाए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सीधे तौर पर भाजपा केजरीवाल की हत्या करने की साजिश रच रही है।

### एम्स और आरएमएल अस्पताल के डॉक्टरों से सीएम ने नहीं की इंसुलिन की मांग : सचदेवा



तिहाड़ जेल के डॉक्टरों द्वारा शनिवार 20 अप्रैल, जारी की गई चिकित्सा रिपोर्ट के साथ ही सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ हुई एम्स और राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल के डॉक्टरों के साथ वीडियो संवाद की रिपोर्ट ने साबित किया है कि बेशक सीएम अरविंद केजरीवाल मधुमेही हैं, लेकिन उनकी शुगर जेल में नियंत्रित है क्योंकि उन्होंने एम्स और राम मनोहर लोहिया अस्पताल के डॉक्टरों के साथ वीडियो संवाद में इंसुलिन की मांग नहीं की। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को आम आदमी पार्टी की खोखली राजनीति की पोल खोलते हुए यह खुलासा किया है कि सीएम केजरीवाल के शुगर लेवल को लेकर आप के दावों की पोल खुल गई है। सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली के लोगों के साथ जनसंवाद होने में तकलीफ हो रही है और पार्टी राजनीतिक निराशा हताशा की अ वस्था में है और "आप" नेताओं की आज की राजनीतिक आशा केवल अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य पर जन सहानुभूति पैदा करने में है। दिल्ली के लोग अब अच्छी तरह से जानते हैं कि "आप" नेताओं के सभी नाटक नकली हैं और राजनीतिक उत्तेजना से प्रेरित हैं और दिल्लीवासियों ने तय कर लिया है कि दिल्ली में भ्रष्ट आप - कांग्रेस गठबंधन को खारिज करेंगे।

---

## कांग्रेस ने पूर्व अध्यक्ष चोपड़ा को सौंपी चेयरमैन की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही कांग्रेस पार्टी ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी से समन्वय बनाने के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा को चुनाव प्रबंधन कमेटी और समन्वय समिति का चेयरमैन बनाया है। इसकी घोषणा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी महासचिव दीपक बावरिया ने की। बावरिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने दिल्ली के अनुभवी नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चोपड़ा को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। चोपड़ा चुनाव प्रबंधन कमेटी और समन्वय समिति के चेयरमैन के तौर पर आप पार्टी से विभिन्न मुद्दों पर समन्वय स्थापित करेंगे। बावरिया ने कहा कि चोपड़ा दिल्ली के अनुभवी नेता के अलावा एक सुलझे हुए इंसान भी है। ऐसे में गठबंधन में चुनाव लड़ रही कांग्रेस व आप पार्टी के बीच बेहतर तालमेल बनाने में उनकी क्षमता दोनों दलों के लिए बेहतर साबित होगी। इस मुदे पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि अत्यधिक अनुभवी नेता सुभाष चोपड़ा को जो जिम्मेदारी पार्टी ने सौंपी है उस पर वह शत प्रतिशत खरा उतरेंगे। लवली ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस, भाजपा की केंद्र सरकार और उनके सांसदों के 10 वर्षों की विफलताओं को जमकर उजागर करने के लिए आक्रामक चुनाव प्रचार अभियान चलाएगी।

# एलजी ने भगवान महावीर जयंती पर दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक (जयंती) पर रविवार को उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने सबको हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। एलजी ने अपने सोशल मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि भगवान महावीर का चिंतन तथा उनके सन्मार्ग ने भारतीय मानस तथा पुरातन संस्कृति को विशिष्ट रूप दिया है। उन्होंने लिखा कि भारतीयता में निहित अहिंसा, सद्भाव, उद्यम तथा त्याग के सर्वोच्च आदर्श उनकी अद्वितीय विरासत हैं। एलजी ने लोगों को आह्वान करते हुए लिखा कि, हम सब इन आदर्शों को आत्मसात करें। महावीर जयंती पर सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

### जैन समाज ने निकाली रथयात्राएं

भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक (जयंती) पर दिल्ली के कई क्षेत्रों में जैन समाज ने रथयात्राएं निकाली, जिनमें लोगों को मूल रूप से शांति व अहिंसा का संदेश दिया गया। चांदनी चौक जैन मंदिर में सुबह से ही समाज के अनुयायियों की भीड़ लगी रही। वहीं यमुनापार शाहदरा में जैन समाज की तरफ से रथ यात्रा के अलावा शालीमार पार्क में भगवान महावीर के 2623 वें जन्म कल्याणक पर विशाल धर्म सभा का आयोजन किया। इस मौके पर समाज के संत एलक श्री 105 श्री विज्ञान सागर महाराज, भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा, विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शाहदरा जिलाध्यक्ष विपिन जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। समाज को संदेश देते हुए एलक श्री 105 श्री विज्ञान सागर महाराज ने कहा कि भगवान महावीर द्वारा समस्त प्राणियों कल्याणार्थ दिया गया अहिंसा का संदेश आज के दौर में भी विश्व शांति का सबसे बड़ा मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि इस पर किया गया अमल आज भी अशांति के मकड़ जाल में फंसते विश्व को नई दिशा दे सकता है।

# डीयू में आवासीय कोचिंग अकादमी खोलने के लिए फोरम ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) ने शिक्षा मंत्रालय व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पत्र लिखकर मांग की है कि अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय में भी आवासीय कोचिंग अकादमी खोली जाए। फिलहाल छात्रों के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी जामिया मिल्लिया इस्लामिया (दिल्ली) में चल रही है जहां से प्रति वर्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा व अन्य सेवाओं में छात्र उत्तीर्ण हो रहे हैं। विश्वविद्यालय यदि इन छात्रों को आवास एवं निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था कर दे तो ये छात्र भी उच्च स्तरीय नौकरियों में अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इस समय देश भर में जितने भी निजी कोचिंग संस्थान हैं उनका शुल्क बहुत ज्यादा है। ऐसे में असमर्थ गरीब प्रतिभाशाली छात्रों के लिए शुल्क का भुगतान करना असंभव है।



■ निजी कोचिंग संस्थानों में शुल्क है बहुत ज्यादा

फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने शिक्षा मंत्रालय व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को लिखे पत्र में बताया है कि आज अधिकांश विश्वविद्यालय अपने छात्रों के लिए यूपीएससी और अन्य अखिल भारतीय परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवासीय सुविधाओं का प्रबंध करते हैं। जामिया मिल्लिया इस्लामिया (दिल्ली) ने भी अपने छात्रों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से इजाजत लेकर अकादमी की स्थापना की है। इसलिए उसी तर्ज पर दिल्ली विश्वविद्यालय में भी ऐसी अकादमी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित की जाए। उन्होंने पत्र में यह भी बताया है कि डीयू में आवासीय कोचिंग अकादमी की इसलिए भी आवश्यकता है क्योंकि दिल्ली विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, जहां बहुत बड़ी संख्या में छात्र प्रशासनिक और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। इनमें ज्यादातर दलित, पिछड़े और वंचित समाज से आने वाले छात्र होते हैं। उपेक्षित समाज से आने वाले इन छात्रों के पास अध्ययन के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं होती है। ऐसे में तमाम प्रतिभा के बावजूद उपेक्षित समाज के छात्र अखिल भारतीय परिक्षाओं और प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षा में असफल हो जाते हैं।

### आईपी यूनिवर्सिटी : 24 अप्रैल से शुरू होगी काउंसलिंग प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी में एमबीए कैट स्कोर से और एलएलबी एवं एलएलएम क्लैट स्कोर से के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 24 अप्रैल से शुरू होगी। यह काउन्सलिंग पूरी तरह ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। इस काउंसलिंग का विस्तृत विवरण 22 अप्रैल को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। आईपी यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी नलिनी रंजन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिन आवेदकों को कैट और क्लैट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर आईपी यूनिवर्सिटी के इन प्रोग्राम में दाखिला लेना है उन्हें यह सलाह है कि वह यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट पर हो रहे हो अपडेट्स पर नजर रखे।

### स्कूलों में दाखिले देरी को लेकर दिल्ली सरकार जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की जमीन पर बने पब्लिक स्कूलों में ईडब्ल्यूएस वर्ग के गरीब, गांवों व दिल्ली देहात के बच्चों के दाखिले में देरी के लिए दिल्ली सरकार व पब्लिक स्कूलों को जिम्मेदार है। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने रविवार को दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल से सामान्य वर्ग में हुए दाखिले की जांच कराने मांग की है। उन्होंने कहा कि हमेशा गांव, गरीब, ग्रामीण ही क्यों शासन प्रशासन की गलत नीतियों के शिकार होते है। गांवों की कृषि भूमि जबर्दस्ती अधिग्रहण कर पब्लिक स्कूलों को कोड़ियों के भाव जमीन दी। जिस पर खुलेआम शिक्षा के नाम पर मजाक हो रहा है। दाखिले को लेकर कोई सही नीति नहीं है और इसका पालन नहीं हो रहा। वहीं अभी तक ईडब्ल्यूएस वर्ग के बच्चों के दाखिले की प्रक्रिया शुरु नहीं हुई है और सामान्य वर्ग के बच्चे स्कूलों में जा रहे है। दिल्ली सरकार गांवों, गरीबों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार कर रही है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार व पब्लिक स्कूल आपस में मिले हुए है। इनके खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है।

### आज हो सकती है हल्की बारिश, कल से बढ़ने लगेगा सूरज का ताप, पारा पहुंच सकता है 41 पार

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच हल्की बारिश और तेज हवाएं राहत भरी महसूस होती है। यह राहत दिल्ली वालों को आज सोमवार को महसूस होने की संभावना जताई गई है। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) का कहना है कि सोमवार को दिल्ली में हल्की बारिश के साथ 25-35 किमी की गति से हवाएं भी चल सकती है, जिससे राहत मिल सकती है। लेकिन मंगलवार से एक बार फिर दिल्ली वालों को भीषण गर्मी और लू की मार झेलनी पड़ सकती है। आईएमडी का अनुमान है कि मंगलवार को अधिकतम पारा 38-39 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। जिससे लोगों को एक बार फिर भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

### गर्मियों में पानी की किल्लत से बचने के लिए डीजेबी दे रहा है जल बचाने का संदेश

**नई दिल्ली।** जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है दिल्ली में पीने के पानी की किल्लत भी बढ़ती जा रही है। लोगों को पेयजल के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी की कई वजह है, जिसमें लोगों द्वारा लापरवाही से पानी को बेकार बहाना भी एक बड़ी वजह है। इस समस्या को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) भी भली भांति जानता है। इसलिए समय समय पर डीजेबी लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करता आया है। अब गर्मियों की शुरूआत हो चुकी है, ऐसे में डीजेबी लोगों को पुन पानी बचाने के लिए जागरूक कर रहा है। डीजेबी के आला अधिकारी ने बताया कि यह सही है कि गर्मियों की शुरुआत से ही पानी की मांग बढ़ने लगती है। अब अप्रैल समाप्त होने को है, ऐसे में मई के महीने में प्रचंड गर्मी पड़ेगी और पेयजल की मांग बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी। अधिकारी की माने तो पेयजल आपूर्ति जो लोगों के पास पहुंचती है उसका एक बड़ा हिस्सा उपभोक्ताओं की लापरवाही व अनदेखी की वजह से व्यर्थ होकर नालियों में बह जाता है।
अधिकारी ने कहा कि ऐसे में डीजेबी लोगों को जागरूक कर रहा है कि शेव बनाने, दांत साफ करने, कार व अन्य वाहन धोने, कपड़े धोने, घरों के बाहर पानी के छिड़काव आदि से हजारों गैलन पीने का पानी बेकार चला जाता है। डीजेबी अब उपभोक्ताओं से आग्रह कर रहा है कि इन सब पर पीने के बेशकीमती पानी को बेकार नाली में न बहाए।

## श्रद्धेय संतजनों, महामंडलेश्वरों के सानिध्य में नेताओं, भजन गायकों ने किया दीप प्रज्वलन

# भाजपा ने हिन्दू नव वर्ष समारोह का आईजीआई स्टेडियम में किया भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा ने रविवार को आईजीआई स्टेडियम में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में भव्य हिन्दू नव वर्ष संवत 2081 अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। पार्टी के मंदिर प्रकोष्ठ द्वारा संयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिल्लीवासी शामिल हुए। समारोह में प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी के हर भजन ने ना सिर्फ लोगों को झुमाया बल्कि पर खचाखच भरे स्टेडियम में लोगों ने भजनों के बीच जब जब भगवा ध्वज लहराये तो अलग ही समा बंधा। समारोह स्थल पर स्थापित एक विशेष मंच पर विराजित श्रद्धेय संतजनों, महामंडलेश्वरों के सानिध्य में दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, संगठन महामंत्री पवन राणा एवं मंदिर प्रकोष्ठ संयोजक करनैल सिंह, भजन गायिका अनुराधा पोड़वाल ने दीप प्रज्वलन कर समारोह प्रारम्भ किया। कथावाचक संत सुधांशु एवं अनेक श्रद्धेय संतजनों एवं महामंडलेश्वरों की गरिमापूर्ण उपस्थिती में संतजनों की ओर से स्वामी ज्ञानंद महाराज ने एकत्र विशाल जनसमूह को आशीर्वाद दिया। केन्द्रीय मंत्री पियूष गोयल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, मंदिर प्रकोष्ठ संयोजक करनैल सिंह ने समारोह में एकत्र जनसमूह को सम्बोधित किया। इस कार्यक्रम में सभी सातों सांसद प्रत्याशी सम्मिलित हुए और लोगों का अभिनंदन किया।



पार्टी के सोशल मीडिया विभाग द्वारा श्री राम मंदिर लोकार्पण पर बनाई विशेष क्लिपस ने स्टेडियम को जय श्री राम के उदघोष से गूंजा दिया। पार्टी के सभी सातों संसदीय प्रत्याशियों मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, बांसुरी स्वराज, कमलजीत सहरावत, हर्ष मल्होत्रा, योगेंद्र चंदोलिया एवं प्रवीन खंडेलवाल ने कार्यक्रम मंच से लोगों का अभिनंदन किया। प्रसिद्ध कवयित्री अनामिका अंबर की प्रस्तुति एवं श्री रामायण पर आधारित नृत्य नाटिकाओं ने लोगों का मन मोहा। कार्यक्रम के संयोजन में विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं को सम्भालने में समारोह प्रमुख विनय रावत के साथ योगिता सिंह, जयप्रकाश, अशोक गोयल, बृजेश राय, प्रवीण शंकर कपूर, रोहित उपाध्याय, गजेंद्र यादव, किशन शर्मा, अशोक ठाकुर, गजेंद्र सोलंकी, सागर त्यागी, मोहनलाल गिहारा, विक्रम बिधूड़ी, विक्रम मित्तल आदि की प्रमुख भूमिका रही।

कार्यक्रम के संयोजक करनैल सिंह ने समारोह में आए सभी महामंडलेश्वर का स्वागत किया और कहा कि देश में सनातनियों को हम सिर्फ एक संदेश देने की कोशिश इस कार्यक्रम के माध्यम से कर रहे हैं कि जिस प्रकार से अन्य लोग अपनी संस्कृति को धूमधाम से मनाते हैं वैसे ही हम भी अपनी संस्कृति को पहचाने और समाज में हिंदू नववर्ष को लेकर लोगों में जागरुकता हो।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में आए सभी साधु संतों को सनातन संस्कृति का प्रहरी बताया और कहा कि यह हिंदू नव वर्ष समारोह कई मायनों में विशेष है कि इतने सारे विद्वानों का सानिध्य यहां पर प्राप्त हुआ है

पीयूष गोयल ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है क्योंकि आज मुंबई में महावीर जयंती का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया और दिल्ली में यह माहौल देखकर कह सकते हैं कि आज पूरा देश राममय हो गया है। दिल्ली भाजपा लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि स्टेडियम में साधु-संतों की गरीमामयी उपस्थिति और इतने महान मंडालेश्वरों की उपस्थिति के बाद हम कह सकते हैं कि हमें ईश्वर के साक्षात दर्शन हो गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि आज संतों का समागम हुआ है और यह देखकर अब कहा जा सकता है कि जैसे केन्द्र में रामभक्त का शासन है वैसे ही दिल्ली में भी रामभक्त का शासन होना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### विवाह समारोह में 25 जोड़े बंधन में बंधे

**फरीदाबाद।** साई धाम द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में 25 जोड़े परिणय सूत्र में बांध गए। मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा रहीं। उनका स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

### पांच एफ ब्लॉक पार्क में चलाया सफाई अभियान

**फरीदाबाद।** रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन 5 एफ पार्क व नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा पार्क में



सफाई अभियान चलाया । मौके पर समाजसेवी परविन्दर राजपाल ने कहा कि हर नागरिक को अपने आस-पास के पार्कों में सप्ताह में एक दिन सफाई करनी चाहिए, ताकि पार्क साफ-सुथरा रहे । यहां आने वाले बुजुर्ग व बच्चों का स्वास्थ्य ठीक रहे। स्वयंसेवकों ने पेड़ों के पत्तों को एकत्र कर निगम टीम को सौंपा।

### गत्ता फैक्टरी में लगी आग 10 करोड़ का माल खाक


**गाजियाबाद।** यहां ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक गत्ता फैक्टरी में आग लग गई। आग



लगने से 10 करोड़ रुपए से अधिक का सामान जलकर राख हो गया है। इस नुकसान की जानकारी फैक्टरी मालिक दिल्ली निवासी वीरपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बराबर में खाली प्लॉट है, खाली प्लॉट में घास उग रही थी। किसी ने घास में आग लगाई थी, जिसके बाद आग उनकी फैक्टरी तक पहुंच गई। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है।

### 4 साल तक बेटी से दुष्कर्म करता रहा पिता

**गाजियाबाद।** मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र से पिता-बेटी के पवित्र रिश्ते को तार-तार करने वाला मामला



सामने आया है। यहां एक पिता ने अपनी बेटी के साथ दरिंदगी की इंतहा पार की है। आरोपित ने पत्नी की मौत के बाद बेटी के साथ चार साल तक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं ताऊ-चाचा ने भी मामले की जानकारी होते हुए पीड़िता का साथ नहीं दिया। पीड़िता के घर से बाहर निकलने पर भी पाबंदी लगाई। भाई, ताऊ व परिवार के अन्य लोगों पर मामले को दबाने का आरोप है। पीड़िता किसी तरह घर से निकलकर ट्रेन से गाजियाबाद पहुंच गई। वहां अकेली बैठा देख पुलिस ने पूछा तो रोते हुए सारी बात बताई।

# महावीर जयंती पर फरीदाबाद के मुख्य बाजार से शुरू हुई विशाल रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्री दिगंबर जैन सभा सेक्टर-16 फरीदाबाद द्वारा महावीर जयंती पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उसके पश्चात विशाल रथ यात्रा फरीदाबाद के मेन बाजार से निकल कर बैंड मार्केट, एमसीएफ ऑफिस, नई सब्जी मंडी होते हुए वापिस मंदिर प्रांगण में पहुंची। इसके पश्चात भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक किया गया।



मुख्य अतिथि केंद्र राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने ध्वजारोहण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक नरेन्द्र गुप्ता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड उपस्थित थे।

**जैन धर्म में दान के प्रति भी एक विशिष्ट दृष्टिकोण**

### आत्मा के अविनाशी गुणों में दान को भी किया गया सम्मिलित

पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड ने कहा कि जैन धर्म में दान के प्रति एक विशिष्ट दृष्टिकोण रखा गया है। जैनधर्म में आत्मा के अविनाशी गुणों में दान को भी सम्मिलित किया गया है। दानांतराय कर्म के क्षय से आत्मा में क्षायिकदान नामक गुण प्रगट होता है। एक अपेक्षा से दान क्षायिक गुण होने के कारण आत्मा के साथ अरिहंत एवं सिद्ध अवस्थाओं में भी विद्यमान रहता है। दिगंबर जैन सभा के प्रधान मनीष जैन ने सभी अतिथियों को पटका एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया एवं वरिष्ठ उप प्रधान प्रदीप जैन ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम आयोजन में धन कुमार जैन, विकास जैन, पारस जैन, प्रणय जैन, ऋषभ जैन, अजय जैन, सुशील जैन, वी के जैन, एम के जैन, रतिराम जैन, डी के जैन का विशेष योगदान रहा।

### गुर्जर ने दीप प्रज्जवलन व ध्वजारोहन किया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्र राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने ध्वजारोहण एवं दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक नरेन्द्र गुप्ता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड उपस्थित थे। युवा मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा एवं जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा नरेन्द्र जैन कार्यक्रम के विशेष आमंत्रित सदस्य मौजूद रहे।

एनआईटी क्षेत्र के गांव गौंछी में कृष्णपाल गुर्जर ने कहा

# 10 वर्षों में मोदी सरकार ने ही हर वर्ग के उत्थान के लिए किए अनेक कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि पूरे देश में नरेंद्र मोदी का बोलबाला है, विपक्ष के पास सत्तापक्ष को घेरने के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है, क्योंकि पिछले दस वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है, यही कारण है कि छत्तीस बिरादरी एक बार फिर से देश की बागडोर नरेंद्र मोदी को सौंपने का मन बना चुकी है।

- भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव समान विकास किया

गुर्जर एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के गांव गौंछी में कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दस वर्षों के दौरान केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है। किसान, मजदूर, महिला, दलित, पिछड़े सभी वर्ग सरकार की नीतियों से लाभांवित हो रहे है। उन्होंने एनआईटी क्षेत्र के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव समान विकास किया है, इस क्षेत्र में भाजपा विधायक न होने के बावजूद यहां विकास में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ी और लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का भरसक प्रयास किया है।

> पिछले दस वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है, यही कारण है कि छत्तीस बिरादरी एक बार फिर से देश की बागडोर नरेंद्र मोदी को सौंपने का मन बना चुकी है।

**जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में भाजपा अव्वल**

भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव समान विकास किया

मोदी लहर में अन्य प्रत्याशियों को सता रहा हार का डर



**अभी तक कांग्रेस प्रत्याशी भी घोषित नहीं कर पाए**

उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस बार एनआईटी क्षेत्र में कमल खिलेगा और यहां से भाजपा उम्मीदवार विजयी होकर क्षेत्र के विकास को और गति देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें चुनावों के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे, यही कारण है कि अभी तक उन्होंने टिकटों की भी घोषणा नहीं की, कोई भी उम्मीदवार चुनाव लड़ने को तैयार ही नहीं है। उन्हें पता है कि देश में चल रही मोदी लहर में उनकी हार निश्चित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह खुद को कृष्णपाल गुर्जर मानकर जनता के बीच जाए और उन्हें सरकार की नीतियों के बारे में जागरुक करें ताकि एनडीए का 400 पार का नारा सार्थक हो सके और देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन सके।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने भी अपने संबोधन में भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया और लोगों से अपील की कि अगर वह देश-प्रदेश को उन्नति के मार्ग लाने चाहते है तो देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का काम करें। इस अवसर पर एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व भाजपा प्रत्याशी यशवीर डागर, वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मबीर भड़ाना, सतीश फागना, मुकेश डागर आदि ने श्री गुर्जर को विश्वास दिलाया कि इस बार एनआईटी क्षेत्र की जनता उन्हें यहां से भारी मतों से विजयी बनाकर भेजेगी और मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो पर अपने विश्वास की मोहर लगाएगी।

नंददकिशोर पुंडीर के समर्थन में

# गड़बड़ी नहीं हुई तो भाजपा केंद्र में वापस नहीं आएगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख व उत्तर प्रदेश को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भाजपा व कांग्रेस पर जमकर बरसीं। उन्होंने कहा कि इस बार यदि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व साफ सुथरे माहौल में हुआ तो भाजपा इस बार केंद्र में वापस नहीं आने वाली है। चूंकि भाजपा ने कोई कार्य नहीं करके केवल जुमलेबाजी की है। जिसको जनता पूरी तरह से समझ चुकी है। जनता अच्छे दिन आने के सपनों की असलियत जान चुकी है। राशन से लोगों का भला होने वाला नहीं है, काम देने से ही जीवन स्तर में सुधार होगा।

मायावती रामलीला मैदान में गाजियाबाद लोकसभा से बसपा प्रत्याशी नन्दकिशोर पुंडीर के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं।

### किसानों पर ध्यान नहीं दिया

मायावती ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने पूर्व में केंद्र में सत्ता में रही कांग्रेस सरकार की तरह किसानों पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा की जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवादी सोच और नीतियां किसानों का उत्थान नहीं कर पाई हैं। गरीब, आदिवासी, दलित, मुस्लिम और समाज के अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के स्तर को सुधारने और उनके कल्याण को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। बेरोजगारों को रोजगार देने व शिक्षा नीति में सुधार को लेकर कोई काम नहीं हुआ। भाजपा ने कांग्रेस से भी आगे जाकर जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया है। उन्होंने कहा कि टिकट बंटवारे में भी क्षत्रिय को उचित भागीदारी दी है। गाजियाबाद इसका जीता जागता उदाहरण है।

### गलत नीतियों के चलते किसान आंदोलित

मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में चार बार बसपा सरकार रही और उन सरकारों ने किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम दिया, किसानों का भला किया। लेकिन मौजूदा सरकार की गलत कृषि नीतियों के चलते किसान आंदोलित रहता है। गलत आर्थिक नीतियों की वजह से देश का विकास रुक गया है। देश में फैला भ्रष्टाचार विकास में बड़ी बाधा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा समाज के सभी वर्गों की उपेक्षा कर रही है। आरक्षित श्रेणी के सरकारी नौकरियों में खाली पड़े पदों पर सरकार 10 साल बाद भी पर्याप्त संख्या में भर्ती नहीं कर पाई है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट से पता चला है कि दलित और आदिवासी समाज की उपेक्षा की जा रही है।

# ब्रांड इंडिया सबसे अच्छा एंबेसडर, व्यापारी व उद्यमी ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारे व्यापारी एवं उद्यमी ही हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और ब्राण्ड इंडिया के सबसे अच्छे अम्बेसडर भी हैं। पुष्कर धामी हिंदी भवन में आयोजित व्यापारी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में जब भारत एक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित होगा, उसमें व्यापारियों, उद्यमियों का अहम योगदान होगा। मंत्री कमल अग्रवाल, लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग मंच पर मौजूद रहे।

**आने वाले सालों में विकसित होगा भारत**



### 370 व्यापार मंडलों के सदस्य कार्यक्रम रहे मौजूद

कार्यक्रम में पूर्व विधायकप्रशांत चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, कार्यक्रम संयोजक गोपीचंद प्रधान, मंच संचालन महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, संजीव गुप्ता, अतुल जैन, अनुज मित्तल, सुनील गोयल, बृज मोहन, अशोक चावला, आनंद प्रकाश, विपिन मोहन गर्ग, सुधीर गोयल मोनू, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, अनिल सांवरिया, बालकिशन गुप्ता बालू भाई, अशोक भारतीय सहित अन्य व्यापार मण्डलो के अध्यक्ष तथा 370 विभिन्न व्यापार मंडलों व संगठनों के सदस्य व्यापारी तथा उद्योगपति उपस्थित रहे।

### पढ़ने गई किशोरी से कमरे में किया दुष्कर्म

**गाजियाबाद।** वेवसिटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक कॉलोनी की नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर खाली पड़े कमरे में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया। कई घंटे बाद नाबालिग को पिता ने एनएच 9 से आरोपी के साथ पकड़ा। आरोपी युवक चकमा देकर फरार हो गया।

घर जाकर नाबालिग ने अपनी मां को घटना की जानकारी दी। नाबालिग छात्रा के पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर दुष्कर्म व पॉक्सो अधिनियम में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

# लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना अधिकार, लोकतंत्र का भाग्य विधाता...

स्कूलों में स्वीप के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

'लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना अधिकार', लोकतंत्र का भाग्य विधाता, हर एक जागरूक मतदाता आदि नारों के साथ जिला के राजकीय विद्यालयों में स्वीप अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। छात्र-छात्राएं गीतों, पोस्टर, जनचेतना रैली तथा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को वोट देने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

**ग्रामीणों को वोट देने के लिए प्रेरित किया**




स्वीप के नोडल अधिकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि जिला में मतदाता जागरूकता का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। गुरुग्राम, फर्रूखनगर, पटौदी आदि खंडों के राजकीय विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा। इसलिए प्रत्येक वोटर इस तारीख को ध्यान में रखे और सारे काम छोडकर सबसे पहले वोट डालने के लिए बूथ पर जाए।

### रैली व भाषण प्रतियोगिता के जरिए कर रहे जागरूक

गुरुग्राम के सीएमओ वीरेंद्र यादव ने निजी चिकित्सकों की एक बैठक ली और उन्हें मतदान जागरूकता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों में मतदान के लिए प्रेरित करते हुए पोस्टर, बैनर, स्टैंडीज आदि लगाए जाएं। सभी डॉक्टर अपने स्टाफ को वोट देने के लिए प्रेरित करे।

# निजी भवनों पर पोस्टर लगाने भूस्वामी की लेनी होगी अनुमति

सरकारी संपत्ति पर वॉल पेटिंग की अनुमति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्द्धघ सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरूद्घ डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**सर्विलेंस टीमों को दिए निर्देश**



डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई सर्विलेंस टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि कहीं सरकारी भवन की दीवार पर चुनावी नारे लिखे नजर आते हैं तो संबधित राजनीतिक पार्टी या लिखवाने वाले कार्यकर्ता के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने के लिए संपत्ति मालिक की लिखित में पूर्व अनुमति लेना जरूरी है।

### पेंटर को पेंटिंग के नीचे लिखना होगा नाम व अपना मोबाइल नंबर

उन्होंने कहा कि निजी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग करने वाले पेंटर को अपना नाम व मोबाइल नंबर भी पेंटिंग के नीचे लिखना होगा। उन्होंने कहा कि किसी निजी भवन पर पोस्टर, बैनर लगाने के लिए भवन मालिक की अनुमति नहीं ली गई है तो वह अपने क्षेत्र के एसडीएम -कम-एआरओ ऑफिस में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

दो दिवसीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप परफेक्ट 10 का समापन

# पैरा एथलिट कंचन लखानी ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

दो दिवसीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप परफेक्ट टेन कप नॉर्थ स्टार स्पोर्ट्स अकादमी में संपन्न हुआ। इस चैम्पियनशिप में दिल्ली एनसीआर के स्कूलों और अकादमी से 4 से 12 वर्ष की आयु के 400 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर श्रीराम मिलेनियम स्कूल फरीदाबाद का कब्जा रहा।दो दिवसीय चली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ अन्तराष्ट्रीय स्तर की जिमनास्ट खिलाड़ी अरूणा रेड्डी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुणा रेड्डी द्वारा चैंपियनशिप में भाग लेने वाले जिमनास्टों को फेयरप्ले की शपथ दिलाई गई। बाद में अरुणा रेड्डी ने यंग जिमनास्ट्स के साथ अपने अनुभव सांझा किए। वे उसके शब्दों से ऊर्जावान और प्रेरित महसूस करते थे।



**बॉलीवुड गायक हिमानी कपूर ने हौसला अफ़जाई की**

जबकि समापन पैरा एथलीट कंचन लखानी ने खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी प्रदान करके सम्मानित किया। वहीं विशेष अतिथि के रूप में भारत की मशहूर बॉलीवुड गायक हिमानी कपूर ने भी शिरकत कर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पैरा एथलीट कंचन लखानी ने कहा कि जिमनास्ट में चार से 12 आयु वर्ग के खिलाड़ी इस खेल में भाग लेने का अच्छा मंच है।

### खेल में हार स्वीकार करना चाहिए

इससे उनके अंदर छुपी प्रतिभा उजागर होती है। यही खिलाड़ी बड़े मंचों के माध्यम से देश-विदेश में भारत का नाम रोशन करते है। उन्होंने कहा कि हमेशा खेल में हार को स्वीकार नहीं करना चाहिए और मेहनत करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी चाहिए। अगर आप प्रण कर लेते है कि मुझे हर कीमत पर आगे बढना है, तो आपकी जीत निश्चित है। इस चैम्पियनशिप को करवाने के लिए उन्होंने आयोजकों को बधाई दी।फरीदाबाद के श्रीराम मिलेनियम स्कूल के विभिन्न-विभिन्न आयु वर्ग में प्रतिभागियों ने चार ट्रॉफी जीती। वहीं विभिन्न-विभिन्न आयु वर्ग में स्वर्ण, कांस्य व रजत कुल मिलाकर 45 पदक श्रीराम मिलेनियम स्कूल फरीदाबाद ने अकेले जीते। इस प्रकार श्रीराम मिलेनियम स्कूल फरीदाबाद में परफेक्ट टेन पर पर कब्जा किया।इस मौके पर हरियाणा जिम्नास्टिक एसोसिएशन के सचिव कोच संदीप कुमार, फरीदाबाद के सरकारी जिम्नास्टिक कोच बलराम कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता वरुण श्योकंद ने विजेताओं को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप



### पुलिस की पहल पर सभी ने की मदद, हुई विदाई

**मिर्जापुर।** बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में मिठाई लाल की बेटी अनिता की शादी थी। घर पर बारातियों के लिए खाना तैयार हो रहा था। इसी बीच आग लग गई और सबकुछ जलकर स्वाहा हो गया। मौके पर पहुंचे सीओ लालगंज शैलेशपति त्रिपाठी ने मदद के लिए पहल की। स्वयं 5 हजार देने के साथ लोगों से मदद के लिए गुजारिश की। उनकी पहल पर एसडीएम, बीडीओ हलिया, थानाध्यक्ष हलिया व ग्राम प्रधान ने आर्थिक व बारातियों के रुकने का इंतजाम किया, जिसके बाद बिटिया की शादी हो सकी।

### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

**मैनपुरी।** पिकअप ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो



गई। वहीं साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे मेडिकल कॉलेज, सैफई रेफर कर दिया गया। एलाऊ थाना क्षेत्र के मधुपुरी गांव निवासी रोहित कुमार (30) तारापुर गांव स्थित बैंड में काम करता था। रोहित के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### 7वीं में पढ़ने वाले बच्चे की गला रेतकर हत्या

**गोंडा।** तिलक समारोह में शामिल होने आए एक छात्र की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। कातिल ने किशोर के चेहरे



व पेट पर कई ताबड़तोड़ हमले किए। दोनों हाथ भी रेत डाले। रविवार की सुबह घर से 100 मीटर की दूरी पर गेहूं के खेत के पास उसका शव पड़ा मिला। हत्या की सूचना पर पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीमें भी तफ्तीश में लगी हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष व प्रलोभनमुक्त मतदान के लिए पुख्ता प्रबंध

# उत्तर प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 313 करोड़ की शराब व ड्रग्स की गई जब्त

चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में तलाशी के दौरान 313.99 करोड़ रुपए की शराब ड्रग्स व अन्य सामग्री जब्त की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र निष्पक्ष व प्रलोभनमुक्त मतदान के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद प्रदेश के विभिन्न जिलों में तलाशी के दौरान 313.99 करोड़ रुपये की शराब, ड्रग्स व अन्य सामग्री जब्त की गई है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व प्रलोभनमुक्त मतदान के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जांच के दौरान अभी तक 29.51 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। वहीं 40.6 करोड़ रुपये की शराब, 210.7 करोड़ की ड्रग, 21.5 करोड़ की बहुमूल्य धातुएं एवं 11.5 करोड़ रुपये की अन्य सामग्री जब्त की गई है।




### जब्त किए गए 4,291 लाइसेंसी शस्त्र

चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के मद्देनजर पुलिस ने 4,291 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए हैं। साथ ही सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही में 19,28,329 लोगों को पाबन्द किया गया है। तलाशी के दौरान मिले 7,168 बिना लाइसेंसी शस्त्र को भी जब्त किया गया है। वहीं 2,856.5 किलोग्राम विस्फोटक, 376 बम तथा अवैध शस्त्र बनाने वाले 138 केंद्रों को सील किया गया है।

### तिलोई विस में सबसे ज्यादा 30 लाख की 150 ग्राम ड्रग

उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 19 अप्रैल को कुल 1.47 करोड़ रुपए की शराब, ड्रग व नगदी जब्त की गई है। इसमें 22.43 लाख रुपए नकद, 46.43 लाख रुपए कीमत की शराब एवं 78.18 लाख रुपए की ड्रग्स शामिल हैं। अमेठी की तिलोई विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 30 लाख रुपए की 150 ग्राम ड्रग तथा बरेली की मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में 28 लाख रुपए की 280 ग्राम ड्रग पकड़ी गई है।

## बिलासपुर में सीएम योगी का बुलडोजर से हुआ शानदार स्वागत, बरसाए गए फूल

# कांग्रेस समस्या देती है, भाजपा करती है समाधान छत्तीसगढ़ को पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छत्तीसगढ़ पहुंचे। उन्होंने राजनांदगांव में चुनावी सभा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि राजनांदगांव सीट से कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिनके ऊपर शराब, गोठान, शराब, महादेव घोटाला का आरोप है, लेकिन अब नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे।

एजेंसी ▶▶ राजनांदगांव

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनांदगांव के कुमरदा पहुंचे। यहां सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वे बिलासपुर पहुंचे जहां उनका शानदार तरीके से स्वागत किया गया। सड़क किनारे लाइन से बुलडोजर खड़ी की गई थी। जैसे ही सीएम योगी के काफिले पर फूल बरसाए गए। राजनांदगांव की सभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब सुबह लखनऊ से रायपुर के लिए रवाना हुआ तो कुछ पत्रकारों ने पूछा कि आप छत्तीसगढ़ जा रहे हैं क्या कहेंगे, तो मैंने कहा छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया। छत्तीसगढ़ प्रभू राम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ अपनी पहचान हजारों सालों से अपनी विरासत का संरक्षण करती आ रही है। लोगों ने गलत तरीके से यहां कि छवि को प्रस्तुत किया होगा, लेकिन भाजपा की सरकार ने मजबूती के साथ छत्तीसगढ़ को अपनी पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राजनांदगांव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर साधा निशाना

छत्तीसगढ़ है प्रभू राम का ननिहाल

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटा

नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे




### कांग्रेस राममंदिर नहीं बना पाई

अयोध्या में रामलला, विराजे भव्य मंदिर बना। कांग्रेस सरकार अयोध्या में यह काम नहीं करा सकती थी। कांग्रेस राम मंदिर नहीं बना पाई। रायपुर में भगवान राम का मंदिर बना रहा था, तब डॉ. रमन सिंह ने कहा था कि अयोध्या से पहले छत्तीसगढ़ में राम मंदिर बना रहा है, तो मैंने कहा था बालक तो पहले ननिहाल ही आते हैं। कांग्रेस के लोग कहते थे तो राम हुए ही नहीं. गांधी के नाम पर जिन लोगों ने सत्ता पाई वह राम के नाम पर सवाल खड़े करते हैं। इसी वजह से कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया।

### कांग्रेस की सरकार में गोबर का घोटाला तक कर दिया

सीएम योगी ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा हे राम कहा, लेकिन कांग्रेस राम है ही नहीं कहती है। राजनांदगांव सीट से कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिनके ऊपर शराब, गोठान, शराब, महादेव घोटाला का आरोप है। लेकिन अब नए भारत में घोटालेबाज नहीं चलेंगे। कांग्रेस की सरकार में गोबर का घोटाला तक कर दिया। लव जिहाद की घटना हो रही थी। छत्तीसगढ़ की जनता ने इश्वर साहू को विधायक बनाया गया और उनके बेटे को एक तरह से श्रद्धांजलि दी है। कांग्रेस ने युवाओं को उकसाने का काम किया है। कांग्रेस की सरकार में गरीब भूखा मरता था और महिलाएं असुरक्षित थी। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने कहा है देश को बड़ी ताकत बनाना है, आत्मनिर्भर भारत बनाना है, ग्लोबल भारत बनाना है।कांग्रेस समस्या देती है, भारतीय जनता पार्टी समस्या का समाधान करती है। सीएम योगी ने पीएम मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने की लोगों से अपील की है।

## कटिहार में बोले सीएम नीतीश कुमार

# अब रात में लड़का - लड़की सड़कों पर एक साथ घूमते हैं



◆ *नीतीश कुमार ने कहा कि हम इधर उधर भागे भी थे तो भी अमित शाह बात करते थे। अब हम दाएं-बाएं नहीं जाएंगे। सीएम नीतीश ने जनता से वोट देने का संकल्प दिलाया।*

**पटना।** कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित चुनावी सभा को सभा को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि कटिहार आगमन के लिए अमित शाह का धन्यवाद करता हूं और और उनका स्वागत करता हूं। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने कटिहार की जनता का भी अभिनंदन किया। नीतीश कुमार ने कहा कि यहां तो हम बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। आखिरकार इसी बिहार में क्या होता था। पहले कांग्रेस फिर 15 साल तक पति-पत्नी का राज था तो क्या हुआ. हम तो दो बार बीच में मौका दिए तो गड़बड़ किया हटा दिए।

### बिहार पुलिस में 30 हजार से ज्यादा महिलाएं

नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग 5 में आए तो 6 में पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत महिलाओं को दिया। बिहार पुलिस में 30 हजार से ज्यादा महिलाएं हैं। हमलोग जब साथ थे तभी सभी क्षेत्रों में 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया। केंद्र से लेकर बिहार में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम हो रहा है। दो बार से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं और फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि हम इधर उधर भागे भी थे तो भी अमित शाह बात करते थे। अब हम दाएं-बाएं नहीं जाएंगे। सीएम नीतीश ने जनता से वोट देने का संकल्प दिलाया।

### नामकरण के साथ ही भाजपा के साथ है हम

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमारा संबंध भाजपा से आज से नहीं है. जब नामकरण हुआ तभी से हम भाजपा के साथ हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि रात में अब लड़का लड़की सब साथ घूमते हैं। अब कोई डर नहीं है किसी को। यहां मुस्लिम को भी पहले क्या करते थे ,हमेशा तो झगड़ा होता था। हम जब भाजपा के साथ काम किए तो कभी हिंदू मुस्मिल के बीच झगड़ा नहीं हुआ और सभी मल-जुलकर साथ रह रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### गरीबी,बेरोजगारी और...

ये मोदी की गारंटी, सब मोदी-मोदी है। मैं आप लोगों से पूछता हूं, मोदी ने 15 लाख रुपए देने का वादा किया था, मिले क्या? हर साल 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था, 10 साल में 20 करोड़ नौकरियां मिलीं क्या? किसानों से वादा किया था, उनकी आमदनी डबल हुई क्या? मोदी कहते हैं- भाइयों और बहनों, मैं 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा हूं। हमने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया था, इसी कानून के तहत हम पहले से राशन देते थे। आपने इसमें 5 किलो जोड़ दिया और कह रहे हैं कि मैं मुफ्त राशन दे रहा हूं। हमारी सरकार में जो कानून बना इसे मोदी भी नहीं बदल सकते।

### राहुल गांधी पड़े...

होंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी रविवार को मध्य प्रदेश के सतना में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में जनसभा करने वाले थे। वहीं, कांग्रेस पार्टी के मीडिया सेल प्रभारी जयराम रमेश ने भी एक्स पर एक पोस्ट में एक जानकारी दी- राहुल गांधी सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, जहां इंडी गठबंधन की रैली हो रही थी। लेकिन, वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने 8 अप्रैल को मंडला और शहडोल में चुनावी सभाएं की थी।

### शादी के 17 दिन...

साथ यौन संबंध बनाने में असमर्थ हो सकता है, लेकिन दूसरे व्यक्तियों के साथ वह यौन संबंध बनाने में सक्षम होता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न स्थिति होती है। न्यायमूर्ति विभा कांकणवाड़ी और न्यायमूर्ति एस जी चपलगांवकर की खंडपीठ ने फैसले में यह भी कहा कि यह ऐसे युवाओं की मदद करने के लिए उपयुक्त मामला है जो एक-दूसरे के साथ मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक रूप से नहीं जुड़ पाए। हाईकोर्ट ने कहा कि 'रिलेटिव इंपोटेंसी' एक जानी-पहचानी स्थिति है और यह सामान्य नपुंसकता से अलग है। अदालत ने कहा कि 'रिलेटिव इंपोटेंसी' की विभिन्न शारीरिक और मानसिक वजह हो सकती हैं।

### एक्सपायर्ड चॉकलेट...

एक्सपायर हो चुकी थी। बच्ची के परिवार का कहना है कि चॉकलेट का एक टुकड़ा खाते ही मासूम के मुंह से खून बहने लगा था। इसके बाद आनन-फानन में उसे क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची ने दुनिया को अलविदा कह दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में हर साल खराब खानपान के चलते फूड पॉइजनिंग से 60 करोड़ से ज्यादा लोग प्रभावित होते हैं। इन 60 करोड़ में से हर साल करीब 4 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। वहीं, अधिक चिंता की बात यह है कि मरने वालों की इस लिस्ट में 30 प्रतिशत, 5 साल से कम उम्र के बच्चे हैं।

### जो करना है कर...

कि उद्धव गुट ने चुनाव प्रचार के लिए पार्टी का मशाल गाना (प्रमोशन सॉन्ग) बनाया है, जिसमें 'भवानी' शब्द का जिक्र है। ठाकरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव का पहला फेज पूरा हो गया और दूसरे फेज के लिए प्रचार भी शुरू हो गया है। देश में अहम मुद्दे पर अब बात नहीं हो रही। राम के नाम पर वोट मांगा जा रहा है।

बजरंग बली का नाम लिया जा रहा है। हिंदुत्व का प्रचार किया जा रहा है। उनके लिए कोई नियम नहीं है क्या? हमारे प्रधानमंत्री ने कहा कि 'बजरंग बली की जय बोलकर' वोट दीजिए और अमित शाह ने राम के नाम पर वोट मांगे। उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र में 'जय भवानी' और 'हर हर महादेव' की बात कही गई है। बता दें कि शिवसेना ने अपने चुनाव चिह्न मशाल को लेकर अपना थीम सॉन्ग लॉन्च किया है। यह गाना 17 अप्रैल 2024 को उद्धव ठाकरे की मौजूदगी में लॉन्च हुआ। गाने को लॉन्च करते हुए पार्टी के नेताओं का कहना था कि शिवसेना की मशाल अब तानाशाही को भस्म करने के लिए धधक उठी है। यह गीत अब महाराष्ट्र के घर-घर और कोने-कोने में गूंजेगा। यह शिवसैनिकों में चेतना और ऊर्जा जगाने का काम करेगा।

### मानवता के लिए...

बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है। वैश्विक मंच पर भारत की उभरती भूमिका का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस नई जिम्मेदारी का श्रेय भारत की बढ़ती क्षमताओं और विदेश नीति को जाता है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष में फंसी दुनिया भारत से शांति की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत इस भूमिका में आया है क्योंकि हम वैश्विक मंचों पर पूरे विश्वास के साथ सत्य और अहिंसा को सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है। ऐसे अवसर कई विशेष संयोगों को भी जोड़ते हैं। ये वो समय है, जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है। देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है। इस साल हमारे संविधान को भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं। इसी समय देश में एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव भी चल रहा है। देश का विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी। उन्होंने भारत मंडपम में महावीर जयंती के अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया।

## उलगुलान में पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा

# भारतीय जनता पार्टी से बदला लेगी झारखंड की जनता

एजेंसी ▶▶ रांची

राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रांची में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली से पहले कहा कि झारखंड की जनता भाजपा से बदला लेगी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होने आए तेजस्वी यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ नाइंसाफी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इस उलगुलान न्याय महारैली का संदेश साफ है कि भाजपा हटाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ देश का लोकतंत्र बचाओ।

तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन



के साथ गलत हो रहा है। आईएनडीआईए गठबंधन के सभी दल मजबूती के साथ हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ जो नाइंसाफी हुई है, उसका बदला झारखंड की जनता लेगी।

उन्होंने कहा कि बहन कल्पना सोरेन का फोन आया था। उनके बुलावे पर आईएनडीआईए के घटक दलों के सदस्य यहां उलगुलान न्याय महारैली में आए हैं।

# न बदमाशी चलेगी न दबंगई सहन की जाएगी : नायब

## बहादुरगढ़ और नांगल चौधरी में विजय संकल्प रैली में गरजे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी व्यापारियों को मिल रही धमकियों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए चेतावनी दी है कि या तो दबंगई-दबंगई छोड़ दें या फिर कड़े परिणाम भुगतान के लिए तैयार रहें। पुलिस किसी भी सूरत में किसी भी दबंगई को नहीं बख्शेगी।

उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि व्यापारियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। सीएम सैनी रविवार को रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर अरविंद शर्मा के समर्थन में बहादुरगढ़ में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।हरियाणा के



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कार्यकर्ताओं से प्रदेश की सभी लोकसभा सीटें व करनाल विधानसभा सीट बड़े अंतराल से जीतने का आह्वान करते हुए कहा कि हर घर जाकर लोगों को साधने का काम करें, ताकि भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित हो सके। नायब सैनी ने कहा कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि उनके पास टिकट लेने वाला कोई नहीं है। कोई चुनाव लड़ना ही नहीं चाहता। इसलिए कांग्रेस अब तक प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा किप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के दौरान सबका विकास किया है और योजनाबद्ध तरीके से गरीबों को लाभ पहुंचाने का काम किया है।

## गर्भवती पत्नी की इलाज के लिए सिपाही इमरजेंसी लीव की लगाता रहा गुहार

## यूपी के जालौन से सनसनीखेज मामला

# एसओ ने नहीं दी छुट्टी, जच्चा-बच्चा की मौत

जालौन में तैनात एक सिपाही को इमरजेंसी लीव नहीं मिली। जिसके चलते वह घर नहीं पहुंच सका और समय से प्रसव न होने पर उसकी बीवी और गर्भवस्त शिशु की मौत हो गई।

एजेंसी ▶▶ जालौन

जालौन से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक सिपाही को एसओ ने इमरजेंसी लीव नहीं दी। जिसके चलते वह घर नहीं पहुंच सका और समय से प्रसव न होने से उसकी बीवी व गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद सिपाही ने थानाध्यक्ष पर छुट्टी न देने का आरोप लगाया है। हालांकि बाद में आला अधिकारियों ने उसे छुट्टी दी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। फिलहाल सिपाही को उसके पैतृक गांव भेज दिया गया है।



सिपाही विकास निर्मल दिवाकर मैनपुरी के कुरावली थाना क्षेत्र के बेलाहार गांव के रहने वाला हैं। उनकी पोस्टिंग जालौन जिले के रामपुरा थाने में है। उसने थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह पर आरोप लगाया है कि एक हफ्ते से वह गर्भवती पत्नी का प्रसव कराने का हवाला देते हुए छुट्टी के लिए मिन्नतें करता रहा लेकिन एसओ ने छुट्टी नहीं दी। जिससे पत्नी की समय पर उचित उपचार न मिलने के कारण मौत हो गई। शुक्रवार को पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई। परिजन गांव के अस्पताल ले गए, वहां से जिला अस्पताल मैनपुरी के लिए भेज दिया गया था।

### कहीं न कहीं गलती थानाध्यक्ष रामपुरा की है: एसपी


इस मामले एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया कि कहीं न कहीं गलती थानाध्यक्ष रामपुरा की है, जिन्होंने ऐसी हालत में छुट्टी नहीं दी। सिपाही विकास रामपुरा थाने में तैनात है। वह कई दिन सीएल, ईएल ले चुका था, ज्यादा छुट्टी हो जाने के कारण एसओ ने उसकी छुट्टी स्वीकृत नहीं की थी। सिपाही मुझे भी अवगत करा सकता था तो उसकी छुट्टी स्वीकृत कर दी जाती। हालांकि एसपी पहले ही एक पत्र जारी कर चुके थे कि थाना प्रभारी अनावश्यक रूप पुलिसकर्मियों को छुट्टी न रोकें। उन्होंने सभी सीओ, एसओ को अवगत कराया है कि किसी भी सिपाही को छुट्टी लेने के अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।



# 'कल्कि 2898 एडी' से अमिताभ का लुक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के नए पोस्टर में उनका लुक रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। पिछले साल अमिताभ बच्चन के जन्मदिन पर जब उनका पहला लुक पोस्टर सामने आया था। उत्साह को बढ़ाते हुए 'कल्कि 2898 एडी' का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। नया पोस्टर आज हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम सहित विभिन्न भाषाओं में साझा किया गया है।

## लाइफ Style



# ममता

## टॉपलेस फोटोशूट से चर्चा में आ गईं

बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ममता कुलकर्णी 52 वर्ष की हो गईं। मुंबई में 20 अप्रैल, 1972 को जन्मीं ममता कुलकणी ने वर्ष 1991 में तमिल फिल्म ननबरगल से अपने सिने करियर की शुरुआत की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ममता कुलकर्णी की मां ने एक अखबार में मॉडलिंग एजेंसी का ऐड देखा। ममता को लेकर उनकी मां ऐड एजेंसी के दफ्तर गईं। बाद में ममता कुलकर्णी ने मॉडलिंग में खूब नाम कमाया। ममता कुलकर्णी ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म तिरंगा से की। राजकुमार और नाना पाटेकर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में ममता कुलकणी ने छोटी सी भूमिका निभाई थी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने 'मेरा दिल तेरे लिए' में काम किया, लेकिन अपनी पहचान नहीं बना सकी। 1993 में स्टारडस्ट मैगजीन के लिए टॉपलेस फोटोशूट करवाकर ममता कुलकर्णी चर्चा में आ गई थीं। वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म 'आशिक आवारा' ममता कुलकर्णी के करियर की पहली हिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी की जोड़ी सैफ अली खान के साथ काफी पसंद की गयी। इसके बाद ममता कुलकर्णी ने 'वक्त हमारा है' और 'क्रांतिवीर' जैसी हिट फिल्मों में भी काम किया। वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म 'करण-अर्जुन' ममता कुलकर्णी के करियर की सुपरहिट फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में ममता कुलकर्णी ने सलमान खान के अपोजिट काम किया।

## हॉलीवुड मसाला




# ...अब थोड़ा बहुत पीना कर दिया शुरू

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड एक्टर किम कार्दशियन ने हाल ही में बड़ा खुलासा किया है। बता दें एक्ट्रेस ने बताया है कि वह अब कॉफी और शराब दोनों का सेवन करती हैं। किम ने 'द गोप' पोडकास्ट के एपिसोड में खुलासा करते हुए कहा, मैंने अब थोड़ा बहुत पीना शुरू कर दिया है, कॉफी और शराब। मुझे ऐसा लगता है कि मुझे खुद को थोड़ी छूट दे देनी चाहिए। बता दें कि रिपोर्ट के मुताबिक किम ने इन्हें पीना क्यों शुरू किया, इस पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा काम के मूड में रहने की अपनी आदत में बदलाव लाना चाहती हैं।




# 'आयरन मैन' को 6 साल की उम्र में लगी थी ड्रग्स की लत

**लॉस एंजिलस।** मारवल के सुपरहीरो 'आयरन मैन' की दीवानगी पूरी दुनिया में है। जब आयरन मैन की मौत को 'एवेंजर्स एंडगेम' में स्क्रीन पर दिखाया गया तो सिनेमाहॉल में सिसकियां गूंजने लगी थीं। बीते 20 सालों से 'आयरन मैन' का किरदार निभाने वाले हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर भी लोगों के काफी चहेते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं रॉबर्ट को महज 6 साल की उम्र में ड्रग्स की लत हो गई थी और इसके लिए जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि उनके पिता थे। सालों बाद एक्टर के पिता ने अपनी इस हरकत पर अफसोस जताया। दरअसल, रॉबर्ट डाउनी जूनियर का अपने पिता रॉबर्ट डाउनी सीनियर के साथ करीबी रिश्ता था। हालांकि दुर्भाग्य से बचपन से ही उनके बेटे पर उनका बुरा प्रभाव पड़ा। ऐसशोबिज डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, गोल्डन ग्लोब विजेता अभिनेता ने 'सीनियर' नामक एक नई डॉक्यूमेंट्री में अपने फिल्म निर्माता पिता और अपने निराशाजनक पालन-पोषण में अपने पिता की भूमिका पर प्रकाश डाला है।



# 'सिंघम अगेन' में जबरदस्त एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं। सिंघम अगेन का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म में दीपिका पादुकोण की लेडी सिंघम के तौर पर एंट्री हो रही है, और वह फिल्म में शक्ति शेट्टी का किरदार निभाएंगी। रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में दीपिका पादुकोण सिंघम अजय देवगन की तरह पंजे वाला पोज करती नजर आ रही हैं।



# नए संसद भवन का किया दौरा...

**नई दिल्ली।** अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना ने 16 अप्रैल को चुनाव से पहले नए संसद भवन का दौरा किया, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की हैं। इसके साथ अभिनेता ने खूबसूरत नोट लिखा है। आयुष्मान ने लिखा, 'नए संसद भवन का दौरा कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस अविश्वसनीय चमत्कार को देखकर गर्व महसूस हो रहा है, जो हमारे चमकदार लोकतंत्र, हमारी विरासत और संस्कृति को उसकी महिमा में दर्शाता है। वार्नर म्यूजिक इंडिया से आयुष्मान ने मिलाया हाथ बता दें कि आयुष्मान ने हाल ही में उन्होंने देश के अग्रणी संगीत लेबल वार्नर म्यूजिक इंडिया से हाथ मिला लिया है, जो दुनियाभर के दर्शकों और कलाकारों तक उनका संगीत पहुंचाएगा।

## टीवी मसाला



# होने वाले पति ने आरती को दिया हल्दी पर सरप्राइज नाचने लगीं गोविंदा की भांजी

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और गोविंदा की भांजी आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने के लिए तैयार हैं। वो अपनी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं और उनका परिवार भी उनकी शादी को लेकर उत्साहित है। एक्ट्रेस अपनी शादी से जुड़ी हर छोड़ी-बड़ी बात अपने फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। आज आरकी सिंह की हल्दी रखी गई और इस खास मौके पर उन्हें खास सरप्राइज भी मिला, जिसका वीडियो उन्होंने शेयर किया है। वीडियो में खूब ठुमके लगाती दिख रही हैं। ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

***कौन हैं आरती सिंह के होने वाले पति :*** आरती सिंह ने अपनी शादी का ऐलान करने के बाद भी अपने होने वाले पति का चेहरा छिपाकर रखा था। उन्होंने लंबे इंतजार के बाद फैंस को उनकी झलक दिखाई लेकिन इसमें उनका चेहरा देखने को नहीं मिला। काफी वक्त के बाद उन्होंने उनका चेहरा उजागर किया और नाम भी लोगों से शेयर किया। एक्ट्रेस के होने वाले पति का नाम दीपक चौहान है। दीपिक चौहान को फिल्म स्टार नहीं है, वो एक बिजनेसमैन हैं।

***आरती का है इन सितारों से रिश्ता :*** बता दें, आरती सिंह गोविंदा की भांजी। वो कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की सगी बहन यानी एक्ट्रेस कश्मीरा शाह रिश्ते में उनकी भाभी हैं। कृष्णा अभिषेक ने ही पहली बार उनकी शादी की जानकारी लोगों को दी थी। आरती खुद भी टीवी इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं। उन्हें असली पहचान टीवी रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से मिली, वही सीजन जिसे सिद्धार्थ शुक्ला ने जीता था। इस शो में उनकी सिद्धार्थ के साथ खास दोस्ती भी देखने को मिली। इसके अलावा एक्ट्रेस कई टीवी शोज में भी नजर आया करती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और अपनी शादी से लेकर लाइफ की हर छोटी-बड़ी अपडेट शेयर करती रहती हैं।

## आरती ने किया स्पेशल शख्स के लिए पोस्ट

आरती सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो ब्लैक ट्रैक सूट पहने ढोल-नगाड़ों पर नाचती झूमती नजर आ रही हैं। इस दौरान उनके दोस्त और उनकी मम्मी भी साथ नजर आ रही हैं। आरती सिंह काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। शादी को लेकर उत्साह और ग्लो उनके चेहरे पर साफ नजर आ रहा है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए आरती ने कैप्शन में लिखा, 'आज मेरी हल्दी है और मेरी दुल्हन के घर भी ढोल नगाड़े बजने चाहिए। इतना प्यारा सरप्राइज। दीपक जिम के बाद घर में आए और लगा हाए मेरी शादी बस दो-तीन दिन में है। दीपक की आरती और अप्पुउउ धन्यवाद बस 3 मिनट में दूसरे विंग से आ जाने के लिए।

# 'खलनायक-2' की स्क्रिप्टिंग पूरी, बल्लू का रोल निभाने अभिनेता की तलाश...

**मुंबई।** निर्देशक सुभाष घई ने फिल्म खलनायक 2 की स्क्रिप्टिंग पूरी हो गयी है। इन्होंने ही करीब तीन दशक पहले संजय दत्त के साथ खलनायक बनाई थी। वे बल्लू बलराम की भूमिका निभाने के लिए कुछ लोकप्रिय युवा अभिनेताओं के साथ भी बातचीत कर रहे हैं। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है कि 1993 की फिल्म के सीक्वल में संजय दत्त को वापस लाया जाएगा या नहीं।




***रणवीर सिंह-रणबीर कपूर से भी संपर्क :*** घई बल्लू बलराम की भूमिका के लिए एक युवा और गतिशील अभिनेता को लेने की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल साउथ के पॉपुलर एक्टर भी उनकी लिस्ट में हैं। सुभाष घई बल्लू बलराम के किरदार के लिए रणवीर सिंह और रणबीर कपूर जैसे अभिनेताओं से संपर्क करना चाहते हैं। दरअसल वह सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं हैं।

## अल्लू अर्जुन और यश भी लिस्ट में

अल्लू अर्जुन और यश भी उनकी लिस्ट में हैं और वह उनसे भी संपर्क करना चाहते हैं। वह बस कोई ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो बल्लू बलराम की विरासत को आगे ले जा सके। खलनायक में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर थे। पिछले साल फिल्म की 30वीं सालगिरह मनाने के लिए कई कलाकार एक साथ आए थे। यह फिल्म रिलीज होते ही विवादों से घिर गई थी। फिल्म का गाना चोली के पीछे क्या है एक बड़ा हिट था और इसे 2024 की फिल्म क्रू में दोहराया गया था।

# 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' जारी, जुबिन और तुलसी ने लगाए सुर



**मुंबई।** मौजूदा वक्त में राजकुमार राव अपनी आगामी फिल्म 'श्रीकांत' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में राजकुमा की जोड़ी अलाया एफ के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म पहले आगामी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। अब यह फिल्म 10 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच 'श्रीकांत' का पहला गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो चुका है। श्लोक लाल ने लिखे हैं गाने के बोल 'तू मिल गया' को जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार ने मिलकर अपनी आवाज दी है। इस गाने के बोल श्लोक लाल ने लिखे हैं। 'श्रीकांत' का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है, वहीं इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी ने मिलकर किया है।

# 'साइलेंस 2' रिव्यू: मनोज की बेमिसाल अदाकारी खींच रही दर्शकों को...

*मुंबई। अभिनेता मनोज बाजपेयी पिछली बार फिल्म 'जोरम' में दिखे थे। भले ही बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म फेल हो गई, लेकिन अभिनेता ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों का दिल भी जीत लिया। पिछले कुछ दिनों से अभिनेता फिल्म 'साइलेंस 2' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो आज यानी 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हो गई है। अबन भरूचा के निर्देशन में बनी यह फिल्म कैसी है।*



***हत्याओं की गुत्थी सुलझाने की कहानी :*** *'साइलेंस 2: द नाइट आउल' की कहानी एसीपी अविनाश वर्मा (मनोज) के इर्द-गिर्द घूमती है। 'साइलेंस' केवल एक हत्या पर आधारित थीं, वहीं 'साइलेंस 2' एक से ज्यादा हत्याओं पर आधारित है। पूरे शहर में अराजकता है और हत्यारा खुलेआम घूम रहा है। एक-दूसरे से जुड़ीं और उलझी हुईं इन हत्याओं की गुत्थी सुलझाने में लगे हैं अविनाश और उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट। अब अपराधियों तक कैसे तार जुड़ते जाते हैं, यह जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।*

*मनोज ने लगाई दमदार अदाकारी की मोहर इस फिल्म से मनोज ने फिर साबित कर दिया है कि उनके अभिनय का कोई सानी नहीं है। वह अपनी दमदार अदाकारी की छाप छोड़ने में सफल रहे। उनका रौबीला अंदाज देखते ही बनता है। मनोज ने फिल्म को शानदार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, लेकिन कहानी और लेखन ने उन्हें 'धप्पा' कर दिया। पुलिस अधिकारी के रूप में प्राची देसाई स्क्रिप्ट से मात खा गईं, वहीं साहिल वैद्य और श्रुति भोपना जैसे कलाकारों ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया।*

# दुनिया की पहली एआई सौंदर्य प्रतियोगिता होगी मई में, नकली हसीनाएं लेंगी भाग

**नई दिल्ली।** पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर होने लगा है। एआई से हर तरह के काम लिए जा सकते हैं। यह हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया है। अब जो खबर आ रही है, वो मनोरंजन जगत के लिए खास है। दरअसल, अब एआई ब्यूटी पेजेंट का ऐलान हो गया है, जो दुनिया की पहली अपनी तरह की सौंदर्य प्रतियोगिता होगी, जिसमें एआई द्वारा संचालित हसीनाएं भाग लेंगी।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फैनव्यू' ने किया ऐलान

इस प्रतियोगिता को 'मिस एआई' नाम दिया गया है, जो एआई द्वारा संचालित और निर्मित हसीनाओं को ध्यान में रखकर शुरू की गई है और दुनियाभर में यह ऐसी पहली सौंदर्य प्रतियोगिता होगी। लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'फैनव्यू' ने इसकी शुरुआत की है, जिसका आयोजन मई में होने वाला है। 'मिस एआई' का ताज पाने के लिए प्रतियोगियों को उनकी सुंदरता, तकनीक और सोशल मीडिया पर उनके दबदबे या लोकप्रियता के आधार पर आंका जाएगा।



## एआई मॉडल लोपेज के बारे में भी जान लीजिए

ऐटाना स्पेन की कंपनी द्वारा निर्मित एआई मॉडल है, जो देखने में बिल्कुल परी की तरह नजर आती है और हद की खूबसूरत हैं। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इंस्टाग्राम पर इसके 3 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। मनमोहक मुस्कान और गुलाबी बालों वाली यह सुंदरी अक्सर दुनिया में होने वाली घटनाओं की तस्वीरें साझा करती है। तमाम ब्रांड्स के विज्ञापन करती है और हर विज्ञापन से लगभग 9 लाख रुपये कमाती है।

## जीतने वाली मॉडल को मिलेगा बड़ा इनाम

जजों के पैनल में 2 व्यक्ति भी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता का ताज जिस हसीना के सिर सजेगा, उसे 5,000 डॉलर (लगभग 4.2 लाख रूपये) का कैश प्राइज मिलेगा। इसी के साथ उसे 3,000 डॉलर के 'इमेजिन क्रिएटर मेंबरशिप प्रोगाम' का हिस्सा भी बनाया जाएगा। साथ ही 5,000 डॉलर का पब्लिक रिलेशन सपोर्ट भी दिया जाएगा। ये इनाम कुल लगभग 17 लाख रूपये के हैं। दूसरी और तीसरी रनर-अप को 5,000 और 2,000 डॉलर का पैकेज मिलेगा।

## *ऑस्कर की तरह होगी ये स्पर्धा*

*मिस एआई पेजेंट में एआई-जनित सुंदरियां जजों के सामने होंगी, जिनमें दो एआई इंफ्लुएंसर भी शामिल होंगे। उन मॉडलों को बनाने वाले निर्माताओं को एआई टूल की कितनी समझ है, उन्हें इस आधार पर भी परखा जाएगा। फैनव्यू के सह-संस्थापक विल मोनानेज ने कहा, हमें उम्मीद है कि ये खास कवायद एआई क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक ऑस्कर की तरह होगी। यहां तक कि इस प्रतियोगिता के जज भी एआई जनित होंगे। पैनल में एआई मॉडल ऐटाना लोपेज भी शामिल होगी।*

लोकसभा क्षेत्र
धार
1 भाजपा प्रत्याशी
सावित्री ठाकुर
2 कांग्रेस प्रत्याशी
राधेश्याम मुवेल
पिछली बार कौन जीता
छत्तरसिंह दरबार
जीत का अंतर
1लाख 56 हजार 29

## भाजपा प्रत्याशी रह चुकीं सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, कांग्रेस के मुवेल पहली बार लड़ रहे कोई बड़ा चुनाव

# धार में राधेश्याम ने खड़ी की सावित्री की राह में मुश्किल

*विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के गृह क्षेत्र धार में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर पहले भी सांसद रह चुकी है। वे जिला पंचायत अध्यक्ष भी रही हैं, जबकि कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल पहली बार कोई बड़ा चुनाव लड़ रहे हैं। फिर भी उन्होंने सावित्री ठाकुर की राह में मुश्किल खड़ी कर रखी है। मुवेल आदिवासियों से जुड़े एक संगठन के अध्यक्ष हैं। इस नाते वे उनके बीच काम करते हैं और लोकप्रिय भी। देश की राजनीतिक आबोहवा का असर धार में भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राम मंदिर की लहर के सहारे भाजपा को चुनावी वैतरणी पार करने की उम्मीद है। दूसरी तरफ कांग्रेस को आदिवासियों के पार्टी के प्रति झुकाव से उम्मीद है। इस झुकाव की बदौलत ही कांग्रेस ने क्षेत्र की 8 में से 5 विधानसभा सीटों में कब्जा कर रखा है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

### क्या रहेंगे मुद्दे?

मालवा अंचल में भोजशाला का मुद्दा हमेशा बड़ा रहा है। इसे लेकर कई बार सांप्रदायिक तनाव के हालात बनते हैं। कोर्ट के निर्देश पर इस समय भोजशाला का सर्वे चल रहा है, इसलिए चुनाव में यह मुद्दा सबसे ऊपर आ गया है। इसे लेकर मुस्लिम समाज के अपने-अपने तर्क, दावे हैं। यह मुद्दा लोकसभा चुनाव पर प्रभाव डाल सकता है। इसे लेकर हिंदू- मुस्लिम के बीच ध्रुवीकरण होता है। इसके अलावा भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और राम लहर के सहारे चुनाव लड़ रही है। केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकारों द्वारा किए गए कामों का प्रचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ महंगाई, बेरोजगारी सहित कई मसलों पर कांग्रेस केंद्र की नाकामियां गिना रही है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाया जा रहा है। भाजपा पर वैमनस्यता फैलाने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित प्रदेश की धार लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की सावित्री ठाकुर और कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। भाजपा ने सांसद छत्तरसिंह दरबार का टिकट काट कर पूर्व सांसद सावित्री को चुनाव लड़ाया है। सावित्री 2014 में सांसद थीं। तब पार्टी ने उनका टिकट काट कर छत्तरसिंह को टिकट दिया था। छत्तरसिंह पहले भी दो बार सांसद रह चुके हैं। टिकट काटे जाने से छत्तर सिंह नाराज बताए जाते हैं। वे प्रचार में हिस्सा लेते दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस की ओर से सबसे अच्छे


सावित्री ठाकुर


राधेश्याम मुवेल

दावेदार नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और सुरेंद्र सिंह बघेल हनी थे, लेकिन ये चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हुए। कांग्रेस के राधेश्याम की स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चुनाव के बीच उनका टिकट बदले जाने की चर्चा चल पड़ी थी। शिकायत थी कि भाजपा का प्रचार उफान पर है और कांग्रेस के कार्यालय तक नहीं खुले। इन अटकलों के बीच मुवेल उमंग सिंघार से मिले, इसके बाद टिकट बदलने की चर्चा पर विराम लगा। सावित्री ठाकुर सांसद रही हैं और जिला पंचायत अध्यक्ष भी, इसलिए उनके पास चुनाव लड़ने का अनुभव है। भाजपा जैसा मजबूत संगठन उनके साथ है ही। दूसरी तरफ कांग्रेस के मुबेल पहली बार कोई बड़ा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा में कांग्रेस ने 5 सीटें जीती हैं, लेकिन कांग्रेस का संगठन मजबूत नहीं। कांग्रेस के विधायक भी उस तरह काम करते नजर नहीं आ रहे, जैसा उन्होंने खुद अपना चुनाव लड़ा। मुद्दों के धरातल पर भी भाजपा मजबूत है। भाजपा के सांसद छत्तरसिंह नाराज हैं तो कांग्रेस के पूर्व सांसद गजेंद्र सिंह राजूखेड़ी भी पार्टी छोड़कर भाजपा में चले गए हैं। राजूखेड़ी भी धार से तीन बार सांसद रहे हैं और एक भी चुनाव नहीं हारे। फिर भी कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो उन्होंने पार्टी छोड़ दी। धार लोकसभा सीट की जवाबदारी उमंग सिंघार ने ले रखी है।

### विधानसभा चुनाव में पिछड़ गई भाजपा

धार में भारतीय जनता पार्टी का कमजोर पहलू यह है कि 4 माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस से पिछड़ गई। लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाली 8 में से 5 विधानसभा सीटें कांग्रेस जीत गई, जबकि भाजपा को सिर्फ 3 सीटों से संतोष करना पड़ा। कांग्रेस का पांच सीटों में जीत का अंतर 79 हजार 819 वोट रहा, जबकि भाजपा तीन सीटें 44 हजार 442 वोट के अंतर से जीती। लोकसभा चुनाव की दृष्टि से लगभग 35 हजार वोटों का यह अंतर ज्यादा नहीं है। इससे भी पता चलता है कि धार में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने वाला है। पिछले चुनाव पर नजर डालें तो 2018 के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने 8 में से 5 सीटें जीती थीं और भाजपा के खाते में 3 सीटें गई थीं, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा लगभग डेढ़ लाख वोटों के अंतर से जीत गई थी। माहौल को देख कर लगता है कि यह इतिहास फिर दोहराया जा सकता है।

### धार लोकसभा क्षेत्र में इंदौर का भी एक हिस्सा

भौगोलिक दृष्टि से धार लोकसभा क्षेत्र में इंदौर का भी एक हिस्सा आता है। इसके तहत धार जिले की 7 और इंदौर जिले की एक विधानसभा सीट डॉ अंबेडकर नगर महू आती है। महू भाजपा का गढ़ है। भाजपा की ऊषा ठाकुर यहां से विधायक हैं। विधानसभा का चुनाव वे 34 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से जीती हैं। शेष 7 सीटों में से 5 सरदारपुर, गंधवानी, कुक्षी, मनावर, धरमपुरी धार जिले की आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित सीटें हैं जबकि धार और बदनावर सामान्य हैं। आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 5 में से 4 सीटें कांग्रेस के पास हैं। इससे इस वर्ग के कांग्रेस की ओर झुकाव का पता चलता है। इसके विपरीत सामान्य वर्ग की 3 सीटों से 2 भाजपा के पास हैं और कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट है। इससे पता चलता है कि सामान्य वर्ग भाजपा के साथ ज्यादा खड़ा है।

### आदिवासी भिलाला, भील समाज की तादाद ज्यादा

धार लोकसभा क्षेत्र आदिवासी बहुल है। यहां भिलाला और भील आदिवासियों की तादाद सबसे ज्यादा है। भाजपा की सावित्री ठाकुर और कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल दोनों भिलाला आदिवासी हैं। इसलिए इस समाज के वोटों का बंटवारा हो सकता है। कांग्रेस के आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया इसी समाज से हैं। इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र में पाटीदार, सिरवी, जाट के साथ पिछड़ वर्ग के मतदाताओं की बड़ी तादाद है। सामान्य वर्ग का मतदाता बदनावर, महू और धार में ज्यादा है। समाजों को अपनी ओर आकर्षित करने के उद्देश्य से भाजपा- कांग्रेस संबंधित समाजों के नेताओं को प्रचार के लिए तैनात कर रही है। लोगों का कहना है कि यहां हिंदू, मुस्लिमों के बीच ध्रुवीकरण ज्यादा होता है।

---

## चाय पे चर्चा

▶▶ सोनागिरी पिपलानी स्थित ओम टी स्टॉल पर भोपाल में लोकसभा उम्मीदवारों को लेकर आम जनता ने की चर्चा

# भोपाल में चुनावी टक्कर, दोनों प्रत्याशी दमदार, जनता का वोट तय करेगा जीत

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान का दिन जैसे ही नजदीक आ रहा है, चुनावी सरगर्मी भी बढ़ती नजर आ रही है। राजनीति से जुड़े लोग तो जीत-हार का आंकलन कर रहे हैं, लेकिन आम मतदाता अभी तक खामोश है। अंदर ही अंदर कहा जा रहा है कि इस बार भी यहां एक प्रमुख दल के उम्मीदवार को बढ़त मिलेगी। इस तरह की बातें आम लोगों में चाय की दुकान पर सुनी जा रही है। शनिवार को हरिभूमि की टीम सोनागिरी पिपलानी स्थित ओम टी-स्टॉल पहुंची, जहां चाय की चुस्कियों के साथ जगदीश मेहड़े,



कालीचरण, हमीर सिंह और भगवत विश्वकर्मा चर्चा कर रहे थे। जगदीश और कालीचरण ने कहा कि इस बार कांग्रेस के अरुण श्रीवास्तव की स्थिति मजबूत है। आलोक शर्मा हाल ही में विधानसभा का चुनाव भी हारे हैं। ऐसे में आलोक की जीत आसान नहीं होगी। इधर, इंडिया गठबंधन के तहत अन्य पार्टियां भी कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं। इन लोगों की बात खत्म भी नहीं हुई थी कि हमीर सिंह ने कहा कि इस बार मोदी की लहर है। ऐसे में उम्मीदवार को लेकर कोई बात नहीं की जा सकती है।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मैं वोट करूंगा, दूसरे लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करूंगा

युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले, शिक्षा प्रणाली ओर बेहतर हो, इन मुद्दों को लेकर ही युवा इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान करेगा। हमारी गति, दिशा, अप्रोच कैसी होगी, इसका एक माध्यम मतदान होगा। जरूरी है कि भारत का भाग्य उज्ज्वल बनाने के लिए वोट दें। इसके लिए मैं वोट करूंगा। दूसरे लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करूंगा। एक वोट भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आपका एक वोट भारत में डिजिटल क्रांति को एक और ऊर्जा देगा।



**हिमांशु श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

### परिवार के लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करूंगी

दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में बहुत ज्यादा एक्साइटेड हूं। मैं क्लीयर माइंड से वोट दूंगी। मैं अपनी पसंद के नेता को वोट करूंगी। लोकसभा चुनाव में लोकल मुद्दे तो कम होते हैं। यह चुनाव केंद्रीय व देश के विकास के मुद्दों पर होता है। इसी को ध्यान में रखकर कि कौन सी पार्टी देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकेगी। उसको वोट दूंगी। परिवार के लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करूंगी।



**संगम शर्मा**, युवा मतदाता

---

# आरोपी के साथियों ने थाने में किया बवाल, तोड़फोड़ की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर के मुजगहन थाना पुलिस की टीम ने अभनपुर निवासी आसकरण गिलहरे को अवैध शराब बिक्री के मामले में पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। इसी दौरान देर रात लगभग 12 बजे आसकरण गिलहरे के साथी सोनू पाल, राजा, कमल नारंग, सोनू, इंद्र कुमार, मिथून, राहुल, विजय, मोनू तारक, शेष राज और अन्य साथी थाना पहुंचे। आरोपी के उकसाए जाने पर आरोपियों ने एक राय होकर आसकरण गिलहरे को थाना क्यों लेकर आए हो कहकर हो-हल्ला शुरू कर दिया। साथ ही शासकीय काम में बाधा डालने लगे।

### सरकारी संपत्ति को पहुंचाया नुकसान

आरोपियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी और उपस्थित पुलिस बल से झूमाझटकी की। थाना परिसर में रखे गमले और थाने के मेन गेट में लगे स्टील की रेलिंग और टेबल कुर्सी को तोड़फोड़ कर शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।

## आपत्तिजनक हालत में बॉयफ्रेंड ने प्रेमिका और दोस्त को पकड़ा, हत्या

**जगदलपुर।** कोंडागांव जिले में दोस्त ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। दोस्त ने दोस्त की प्रेमिका को प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ संबंध बनाए थे। इस दौरान आरोपी दोस्त ने उसे देख लिया था और उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान फरसगांव निवासी प्रकाश नाग के रूप में हुई। पुलिस को परिजनों ने बताया कि प्रकाश नाग 15 दिन से विजय नुरेटी के साथ नारंगी मुक्तिधाम स्थित शौचालय आवास में रह रहा था। पुलिस ने विजय नुरेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में विजय ने बताया कि 15 दिन पहले प्रकाश नाग के साथ दोस्ती हुई थी। प्रकाश नाग ने विजय की प्रेमिका को प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोपी विजय ने प्रकाश नाग और अपनी प्रेमिका को आपत्तिजनक स्थिति मे देख लिया। इसके प्रकाश नाग की हत्या की।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने रीवा लोकसभा में जनसभाओं को किया संबोधित

# राहुल गांधी वामपंथियों के बंधक, इंडी गठबंधन टिकने वाला नहीं: शिवराज

**चौहान ने कहा: राहुल जहां जाते है, वहां दूसरी पार्टी के वोट बढ़ जाते हैं**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा लोकसभा क्षेत्र में कई नगरों व ग्रामों में जनसभा को संबोधित किया। चौहान ने कहा कि राहुल गांधी वामपंथियों के बंधक हैं। राहुल जहां जाते हैं, दूसरी पार्टियों के वोट बढ़ जाते हैं।

### जनता की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा

चौहान ने कहा कि भाजपा केवल देश और जनता की सेवा के लिए है। जनता की सेवा ही हमारे लिए भगवान की पूजा है। मैं मैया से एक ही चीज मांगता हूं। मां मुझे धन, बल, नहीं चाहिए। बस मुझे बार-बार जन सेवा करने का मौका मिले।

### जो पैसा खाएगा, वो जेल जाएगा

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि ये इंडी गठबंधन इस चुनाव में न तो बचने वाले है, न चलने वाले हैं। आज कल कुछ लोग जेल में हैं, आरोप लगाए जाते हैं ईडी, इनकम टैक्स। अगर कोई नेता पैसा खाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए या नहीं..? नेता कोई विशेष अधिकार लेकर नहीं आया है। जो पैसा खाएगा वो जेल जाएगा। ये तो कांग्रेस के जमाने में होता था कि कितना भी भ्रष्टाचार कर लो, लेकिन कुछ नहीं होने वाला, बस जांच चलेगी और मामला खत्म हो जाएगा, लेकिन पीएम मोदी ने कह दिया न खाऊंगा न खाने दूंगा, इसलिए भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त ने पन्ना में सामाजिक सम्मेलन, गुन्नौर में त्रिदेव और पंच परमेश्वर सम्मेलन को किया संबोधित**

# लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से करना है काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव के आने वाले चरणों में हमें भ्रम नहीं पालना है की मैदान साफ है और कोई नहीं है। यह और बड़ा चैलेंज है, इसलिए पूरी ताकत के साथ कार्यकर्ताओं को काम करना है। जनहितैषी योजनाओं को घर-घर जाकर बताकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की बात कहनी होगी। यह चुनाव सबसे हटकर चुनाव है।

इसलिए पार्टी के कार्यकर्ताओं को ज्यादा मेहनत करनी होगी कि हर सीट पर प्रचंड वोटों से जीत हासिल करके नया इतिहास रचा जा सके। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना जिले के गुन्नौर में त्रिदेव और पंच परमेश्वर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कुछ बूथ हम पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हारे थे, लेकिन अब लोकसभा चुनाव में उन बूथों को जीतकर हमेशा के लिए हारे हुए बूथों को पार्टी का बूथ बनाना है।

### मोदी के नेतृत्व में मुस्लिम समाज में बड़ा बदलाव आया

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण मुस्लिम समाज में अब बड़ा बदलाव आया है। तीन तलाक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाप्त कर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना हो या आयुष्मान कार्ड योजना सहित अन्य जनहितैषी योजनाएं सभी का लाभ मुस्लिम समाज को मिल रहा है। मुस्लिम समाज की महिलाएं और पुरुष अब खुलकर कहने लगे हैं कि हमारे जीवन में अगर बदलाव आया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण आया है।*

### समाजवादी पार्टी भी मैदान छोड़कर भाग गई

*प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा खजुराहो लोकसभा सीट से पहले कांग्रेस ने मैदान छोड़ दिया, फिर समाजवादी पार्टी भी मैदान छोड़कर भाग गई। अब कोई और चुनाव लड़ रहा है, जिनका यहां कोई असर हमें दिखाई नहीं देता। गृह और सहाकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा था कि कार्यकर्ताओं की ताकत कुछ भी कर सकती है।*

### कुशवाहा और स्वर्णकार समाज की बैठक को किया संबोधित

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने लव कुश वाटिका पन्ना में कुशवाहा एवं स्वर्णकार समाज की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछड़ा वर्ग लगातार भाजपा के साथ रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग का सदैव सम्मान किया है। इसी का परिणाम है कि आज भारतीय जनता पार्टी से पिछड़ा वर्ग की कई मंत्री हैं।

---

## कांग्रेस के पूर्व विधायक शुक्ला समेत 100 से अधिक कांग्रेसी भाजपा में शामिल

# कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं को राजनीति में अवसर नहीं दिया: डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस के पूर्व विधायक हरिवल्लभ शुक्ला सहित 100 से अधिक कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सभी को सदस्यता दिलाई और स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजनीति में कभी भी कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं को समान अवसर नहीं दिया।

आज संविधान बचाने की बात जगह-जगह कहते हैं, लेकिन राजनीति में सभी को समान अवसर देने की बात संविधान लागू होने के समय कही गई थी, लेकिन कांग्रेस ने संविधान को नहीं परिवारवाद को लागू कर अपने परिवार को बढ़ाने का काम किया। आज भी देश में कई पार्टियों में परिवारवाद को ही महत्व दिया जाता है। लोकतंत्र और संविधान से उनका कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में ही छोटे से कार्यकर्ता को भी बड़ा मौका मिलता है।



### मुख्यमंत्री लाए पुंगनूर गाय और नंदी, किया पूजन



*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुंगनूर गाय की तस्वीरें पोस्ट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज अत्यंत शुभ दिन है, जब सौभाग्य से निवास पर गोमाता मीरा और नंदी महाराज गोपाल का का आंध्र प्रदेश से आगमन हुआ है। गोमाता की सेवा से जीवन धन्य करना परम पुण्यदायक है।*

बातचीत कर हालचाल जाना

## दिव्यांगों को मुख्यमंत्री ने कराई सड़क पार

**भोपाल।** खंडवा में नामांकन रैली के दौरान शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीन दिव्यांगों को सड़क पार कराइ। इसके उन्होंने दिव्यांगों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव भाजपा कार्यालय से नामांकन रैली के लिए जा रहे थे। इस दौरान यातायात के कारण सड़क पार करने में दिव्यांगों की कठिनाई को देखकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपनी गाड़ी से उतरे और उन्हें सड़क पार कराई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के नामांकन और प्रचार के लिए खंडवा पहुंचे थे।



# क्लाइमेट चेंज पर विकसित देशों का रवैया चिंताजनक

जलवायु परिवर्तन के खतरे बेशक आम चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दे न हो, लेकिन यह तेजी से बढ़ता वैश्विक संकट है। धरती पर तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, इसका प्रमाण बढ़ रही प्रचंड गर्मी है। क्लाइमेट चेज पर पेरिस करार के तापमान को डेढ़ डिग्री कम करने के संकल्पों की दिशा में ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। इस बार भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। यूं तो मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने का अनुमान जारी किया है, लेकिन वैश्विक रिपोर्टों में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है। ऐसे में विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति चिंता की बात है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे बार-बार विफल रहे। हाल ही में हुए एक विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। इसका मतलब है कि इन देशों को बाहरी वित्तपोषण से मिलने वाली राशि से अधिक भुगतान कर्ज चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के मकुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं और ब्याज दरों में बढ़ोतरी से यह राशि बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से तमाम जलवायु परिर्वतन सम्मेलनों में विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने व वैश्विक तापमान में कमी लाने के लिए सहयोग करने के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर विकसित देशों की ओर से प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर देने पर सहमति बनती है, लेकिन विकसित देश इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हैं। सबसे अधिक अमेरिका की ओर से हीलहवाली है। अब तो वैश्विक तापमान बढ़ने को लेकर अनेक अध्ययन डराने लगे हैं। पत्रिका 'एडवांसेज इन एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के कई क्षेत्रों में एक साथ अत्यधिक गर्मी का अनुभव करना एक गर्म ग्रह का 'उभरता लक्षण' बन सकता है। वर्ष 2023 के मौसम और जलवायु की समीक्षा करने वाले नए अनुसंधान में कहा गया है कि पिछले वर्ष अनुभव की गयी कई घटनाएं गर्म होती दुनिया के बारे में पूर्व में की गयी भविष्यवाणियों के अनुरूप हैं। भविष्य में पृथ्वी के अत्यधिक गर्म होने पर साल की शुरुआत में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और चक्रवात के कारण अत्यधिक बारिश होने की आशंका है। दक्षिण पश्चिमी यूरोप, ब्राजील, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में 2023 की वसंत ऋतु में गरम हवा देखी गई। उत्तर अमेरिका, दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और एशिया के कई क्षेत्रों में पिछले साल जुलाई में एक साथ रिकॉर्ड तोड़ गर्मी देखी गई। पिछले साल हवाई और कनाडा के जंगलों में लगी आग भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही है। गर्मी में उम्मीद से अधिक बढ़ोत्तरी बढ़ते तापमान की दस्तक है,चेतना होगा।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत



विश्लेषण

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ।

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।

गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गाँवों में फ्रिज, दो पहलिया वाहन और टीवी की खरीदारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है उनमें कृषि भी प्रमुख है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के



सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहाँ एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभांवित हो रहे हैं।

जहाँ कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए है। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूँकि मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है।

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभांवित हो रहे हैं।

यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थाई समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बड़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियाँ बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा।


24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा

एस.एन. वर्मा



# महिलाओं को जागरूक बनाने के लिए डिजिटल शक्ति

देश की आधी आबादी महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने की काफी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में जागरूक न होने के कारण अधिकाशं महिलाएं साइबर क्राइम का शिकार होती जा रही हैं। हालाकि देश भर में महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए जून 2018 में डिजिटल शक्ति की शुरुआत हुई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में परामर्श और सूझ-बूझ के बारे में अवगत कराया गया है। लेकिन यह संख्या का काफी कम है और यह सिर्फ बड़े शहरों तक ही सीमित है। बिहार,उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के शहरों की महिलाएं इस पहुंच से दूर है। जबकि उनकी आबादी इन छोटे शहरों में ही अधिक हैं और ये महिलाएं ही दूर दराज बैठे साइबर अपराधियों के शिकार आसानी से हो जाते हैं।

पहले हम यह जान लें कि डिजिटल शक्ति क्या है? डिजिटल शक्ति साइबर स्पेस में महिलाओं एवं बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त तथा कुशल बनाने की एक अखिल भारतीय परियोजना है। डिजिटल शक्ति महिलाओं को किसी भी अनुचित घटना के विरुद्ध खड़ा करने की पहल है, जो वे ऑनलाइन स्पेस में देख सकती हैं पिछले एक दशक में भारत में साइबर क्राइम की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दुर्भाग्य से, इन अपराधों का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं के खिलाफ होता है। इसका प्रमुख कारण भारत में प्रचलित भारी लैंगिक भेदभाव और डिजिटल ज्ञान की कमी भी हैं। एक और चुनौती यह है कि साइबर क्राइम के शिकार ज्यादातर महिलाएं शिकायत दर्ज नहीं कराती हैं। इसके पीछे सामान्य कारण या तो परिवार और कानून प्रवर्तन से समर्थन की कमी और उनमें जागरूकता का अभाव है। हालांकि साइबर क्राइम के लिए स्पेशलाइज्ड पोर्टल स्थापित किया गया है, लेकिन कई मामले अनसुलझे रह गए हैं। जिन मामलों से जुड़े और जुड़े मामले हैं, वे औसतन 6-12 महीने की रिपोर्ट में बताए गए हैं।

बताते चलें कि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने नवंबर 22 में डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया था। यह अभियान, साइबर क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों को डिजिटल रूप से सशक्त और कुशल बनाने का एक अखिल भारतीय परियोजना है। महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन स्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, डिजिटल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाने और ऑनलाइन माध्यम से किसी भी अवैध व अनुचित गतिविधि के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे साइबरपीस फाउंडेशन और मेटा के सहयोग से शुरू किया है। डिजिटल शक्ति की शुरुआत जून 2018 में देश भर की महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने, लचीलापन अपनाने और साइबर अपराध से सबसे प्रभावी तरीकों से लड़ने में मदद करने के लिए की गई थी। पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा परामर्शों और सूझ-बूझ, रिपोर्टिंग और निवारण व्यवस्था, डेटा गोपनीयता और उनके लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग से अवगत कराया गया है। हालाँकि, अभी भी महिला जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत ऐसा है जिसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि साइबरस्पेस में जाने से समय पर महिलाएं सुरक्षित रहें, और सलाह और इंटरनेट द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं के कौशल से लाभ हैं। दूसरे चरण में, अभियान को वी थिंक डिजिटल - डिजिटल शक्ति अभियान के रूप में नया रूप दिया गया और 11 फरवरी 2020 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक ऑफ़लाइन कार्यशाला के साथ लॉन्च किया गया, जो लखनऊ में 300 से अधिक महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी। 12 महीनों की अवधि में, कुल 167 कार्यशालाएँ और छात्रों, शिक्षकों और केस कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न पृष्ठभूमियों के 1,05,000 से अधिक नेटीजनों को निम्नलिखित विषयों पर प्रशिक्षित किया गया था। डेटा और डिजिटल फ़ुटप्रिंट को समझना , जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, गलत सूचना से लड़ना, साइबर अपराध और निवारण। अभियान को डब्ल्यूएसआईएस पुरस्कार 2020 के लिए एक चौंपियन प्रोजेक्ट नामित किया गया था। भारत के 6 राज्यों-दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, मेघालय, तमिलनाडु और मणिपुर में कुल 62,000 लड़कियों और महिलाओं को जागरूक किया गया ।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना




संकलित

दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

# पांच मिनट का जीवन



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कंगना-विक्रमादित्य की बयानबाजी का औचित्य

कांग्रेस के विक्रमादित्य और भाजपा की कंगना रनौत लोकसभा चुनाव के लिए मंडी से प्रत्याशी हैं। कंगना की राजनीति में नई-नई एंट्री है और वह शायद पहली बार चुनाव लड़ रही हैं, जबकि विक्रमादित्य राजनीति में पिछले कुछ वर्षों से सक्रिय हैं और विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस बार मंडी से राजनीति का पुराना खिलाड़ी विक्रमादित्य बाजी मारेगा या फिर कंगना रनौत, यह तो मतदाता ही तय करेगा, लेकिन लोकसभा चुनाव जीतने के लिए ये दोनों विभिन्न तरह के मुद्दों पर बात कर रहे हैं। विक्रमादित्य कांग्रेस की उपलब्धियों को आमजन के समक्ष रख रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ कंगना मोदी सरकार की उपलब्धियों को।

*- महेंद्र तिवारी, रायगढ़*

## ट्रेंड

### लोकसेवकों को शुभकामनाएं



सिविल सेवा दिवस पर सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं। आपने देश की प्रगति के लिए अथक काम करने की महान विरासत को आगे बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि आप राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के नागरिकों की सेवा करना जारी रखेंगे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### महावीर के अहिंसा संदेश



महावीर जयंती के पावन अवसर पर देश के समस्त परिवारजनों को मेरी अनंत शुभकामनाएं। शांति, संयम और सद्भावना से जुड़े भगवान महावीर के संदेश विकसित भारत के निर्माण में देश के लिए प्रेरणापुंज हैं।

-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भाजपा एक पूजक पंथ बन गई



भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करती है। मोदी के 10 साल के शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।

-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता

### खरीद क्षमता कम हुई



मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में आज कम है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के चलते वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर


### तालिबान को आतंकी सूची से हटाने रूस कर रहा विचार



अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था। अफगानिस्तान के राजनीतिक एवं आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध के कारण रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों का मतलब है कि दोनों पक्षों को मजबूत रिश्ते से कुछ हासिल करना होगा। वर्ष 1999 में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव 1267 को अपनाया था। कुछ महीने बाद, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने और तालिबान के खिलाफ प्रतिबंध लगाने संबंधी एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए। रूस के उच्चतम न्यायालय ने 2003 में तालिबान को आतंकवादी संगठन घोषित करते हुए कहा कि इसने चेचन्या में अवैध सशस्त्र बलों के साथ संबंध बनाए रखे और उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश की।

## ऑफ बीट

### 'तनाव चक्र' को पूरा करने बर्नआउट से बचना होगा



क्या आप ऐसा समय याद कर सकते हैं जब आपने जीवन की एक बड़ी घटना से पहले तनाव महसूस किया हो और फिर बाद में ऐसा महसूस हुआ जैसे कोई बोझ उतर गया हो? यह प्रक्रिया - तनाव प्रतिक्रिया का तेज होना और फिर इसे वापस शांत महसूस करना - 'तनाव चक्र' के पूरा होने को दर्शाता है। दैनिक जीवन में कुछ तनाव अपरिहार्य है। लेकिन तनावग्रस्त रहना अस्वास्थ्यकर है। लंबे समय तक रहने वाला तनाव हृदय रोग और स्ट्रोक और मधुमेह सहित पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों को बढ़ाता है। इससे उदासी या अवसाद भी हो सकता है। व्यायाम, संज्ञानात्मक, रचनात्मक, सामाजिक और आत्म-सुखदायक गतिविधियाँ हमें तनाव को स्वस्थ तरीके से संसाधित करने और तनाव चक्र को पूरा करने में मदद करती हैं। तनाव चक्र कैसा दिखता है? वैज्ञानिक और शोधकर्ता 'तनाव प्रतिक्रिया' का उल्लेख करते हैं, अक्सर सामना करने या इससे बच निकलने की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 'तनाव चक्र' वाक्यांश को स्व-सहायता विशेषज्ञों द्वारा लोकप्रिय बनाया गया है लेकिन इसका वैज्ञानिक आधार है। तनाव चक्र किसी तनावपूर्ण घटना के प्रति हमारे शरीर की प्रतिक्रिया है, चाहे वह वास्तविक हो या कथित, शारीरिक हो या मनोवैज्ञानिक।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने किया महाराष्ट्र के बुलढाणा में विपक्ष पर तीखा प्रहार

# तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार अपनाकर लोगों को विभाजित करके सत्ता तक आने वाले दलों का करें बहिष्कार, अब मतदाता के प्रति जिम्मेदारी की राजनीति हो

एजेंसी ▶▶ बुलढाणा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक जनसभा में कहा कि पहले देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान अच्छे नारे लगाते थे, लोक-लुभावन वादे करते थे और भूल जाते थे। वे वोट बैंक की राजनीति करते थे। इलाके को इलाके से लड़ाना, जाति से जाति से लड़ाना, धर्म को धर्म से लड़ाकर और लोगों को विभाजित करके सत्ता तक आने का रास्ता प्रशस्त करते थे।मोदी के आने के बाद भारत की राजनीति, मतदाता के प्रति जिम्मेदारी की राजनीति हो गई। वोट बैंक की राजनीति की जगह रिपोर्ट कार्ड की और विकास की राजनीति हो गई है।



### मोदी ने बदल दी देश की राजनीति की परिभाषा

नड्डा ने कहा कि जब मैं विकसित भारत की बात कहता हूं तो हमें ये ध्यान में रखना चाहिए की पीएम मोदी ने भारत की राजनीति की परिभाषा बदल दी। नड्डा ने कहा कि, पीएम मोदी ने भारत की राजनीति का तौर तरीका बदल दिया, भारत की राजनीति के चलने का रास्ता बदल दिया। नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी भारत की राजनीति में परिवर्तन लेकर आए।

**कटिहार में बोले गृह मंत्री शाह**

## *लालू ने बिहार में जंगल राज ला दिया था, अब फिर लालटेन युग चाह रहे*

बिहार के कटिहार जिले के राजेंद्र स्टेडियम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा में संबोधन की शुरुआत के साथ ही लोगों से एनडीए के पक्ष में वोट करने और पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की जनता को तय करना है कि अगले 5 साल के लिए प्रधानमंत्री कौन होगा? मोदी जी ने परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण को भी समाप्त किया है। कांग्रेस और लालू जी कहते थे गरीबी हटाओ। बिहार को लालू ने जंगल राज में बदल दिया था। यहां फिर से लालटेन युग नहीं आए। गरीब, अति पिछड़े के साथ अत्याचार किया।



### कांग्रेस पार्टी की गोद में बैठे लालू और उनके बेटे

शाह ने कहा कि लालू और कांग्रेस एक होकर भाजपा और जदयू के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। आप लोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है न? जब से एनडीए की सरकार आई तो गरीबों पर अत्याचार खत्म हो गया। आज लालू यादव कांग्रेस पार्टी के साथ गोद में बैठे हैं। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस पार्टी ने पिछड़ा समाज का विरोध किया।

### भाजपा का झंडा फहराएं, ऐसी घटना को दोहराने की कौन करेगा जुर्रत ?

भाजपा के सीनियर नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बंगाल के मुर्शिदाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की ममता बेनर्जी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंगाल में अराजकता का माहौल है। बंगाल में अपराध और सांप्रदायिकता के लिए इसके चर्चे हो रहे हैं। यहां एक महिला सीएम के रहते संदेशखाली जैसी घटनाएं होती हैं। एजेंसियों के ऊपर गुंडे हमले करते हैं। एक बार बंगाल में भाजपा का झंडा फहरा दीजिए, फिर हम देखते हैं कि किसने मां का दूध पीया है जो संदेशखाली जैसी घटना को दोहराने की जुर्रत करता है।



### 40 सीटों पर इनकी लड़ाई, राहुल की सोच



**हमीरपुर।** केंद्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर में कांग्रेस पर निशाना साधा। अनुराग ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तब हथियारों के नाम पर दलाली करती थी और अब सत्ता से बाहर होने के बाद देश को कमजोर करने के लिए इस तरह के बयान दे रही है।कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपनाई है और कांग्रेस शासित कर्नाटक में जहां पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के अलावा बम विस्फोट होते हैं लेकिन कांग्रेस चुप बैठी है। इस दौरान उन्होंने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि इन चुनावों में भाजपा का लक्ष्य 400 पार करने का है जबकि कांग्रेस का लक्ष्य 40 सीटों से अधिक सीटें जीतने का है।

### राहुल ने साझा किया ट्रेन के टॉयलेट में यात्रियों का वीडियो

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए पर रेलवे को अयोग्य बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र रेलवे को अयोग्य साबित कर इसे अपने दोस्तों को बेचने वाली है। इसी के साथ कांग्रेस नेता ने लोगों से मोदी सरकार को हटाकर आम आदमी के परिवहन को बचाने की अपील की है। राहुल ने रेलवे के बाथरूम और फर्श पर बैठकर यात्रा करने वाले यात्रियों की एक वीडियो शेयर कर मोदी सरकार को घेरा है। पीएम के नेतृत्व में ट्रेन से यात्रा करना अब सजा बन गया है। मोदी सरकार आम लोगों के ट्रेनों से जनरल कोच कम कर केवल एलीट ट्रेनों को बढ़ावा दे रही है।



### वायनाड में कांग्रेस महासचिव का इस्तीफा

राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र वायनाड में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। वायनाड में कांग्रेस जिला समिति के महासचिव ने देश की सबसे पुरानी पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन साध लिया। रविवार को भाजपा में शामिल होने के बाद पीएम सुधाकरन ने विकास के प्रति पीएममोदी के दृष्टिकोण की सराहना की।



### राहुल खुद बन गए जुमला: द ग्रेट खली

भाजपा के स्टार प्रचारक द ग्रेट खली के नाम से मशहूर पहलवान और दलीप सिंह राणा ने बाड़मेर-जैसलमेर सीट के भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी के लिए वोट मांगे। पीएम का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम ने वो काम किया है जिसके बारे में लोगों ने सोचा भी नहीं होगा। राहुल पर तंज करते हुए कहा वे खुद 'जुमला' हैं।



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत, दो भर्ती

**यमुनागर।** यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात्रि सड़क हादसे में 5 लोगो की मौत और दो लोग घायल हो गए। यह सभी लोग दिल्ली से देवरिया शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। कार अनियन्त्रित होकर डिवाइडर पर टकराने से हादसा हो गया। हादसे में चंदन कुमार नोएडा, सुदेश कुमार विहार, संजीव शर्मा , गौतम कुमार पटना की मौके पर मौत हो गई। प्रवीण विहार रविवार सुबह इलाज के दौरान खत्म हो गया। घायलों में राहुल यादव, अजय कुमार और कुलदीप यादव की स्थिति गंभीर है।

### जवानों से भरी बस पलटी 12 जवान घायल

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। चुनाव ड्यूटी से लौट रहे जवानों से भरी बस सड़क हादसे का शिकार हो गई है। बस दुर्घटना में 12 से अधिक जवानों के घायल होने की खबर है। 3 जवानों को गंभीर चोट लगी है।घायल जवानों को उपचार के लिए ढिमरापाल अस्पताल पहुंचाया गया है।

## झारखंड में विपक्षी गठबंधन की महारैली में दिखा बड़ा 'तमाशा'

# 'उलगुलान रैली' में एकजुटता हो गई तार तार, दिखा अपनी ढपली और अपना राग

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की राजधानी रांची में इंडिया गठबंधन की रैली में जमकर मारपीट हुई है। प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की ओर से उलगुलान रैली का आयोजन किया गया था। इस दौरान चतरा लोकसभा सीट पर केएन त्रिपाठी की उम्मीदवारी को लेकर पहले तो आरजेडी और कांग्रेस समर्थक आपस में उलझ गए। फिर देखते ही देखते आरजेडी और कांग्रेस समर्थकों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। चतरा सीट पर कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन, रैली के दौरान ही आरजेडी समर्थकों ने केएन त्रिपाठी को बाहरी उनका विरोध करने लगे।

**रांची के प्रभात तारा मैदान में खुद का ही हो गया 'पर्दाफाश'**



### फिल्म आने से पहले ट्रेलर आ गया

त्रिपाठी के खिलाफ आरजेडी ऑफिस में काफी नाराजगी देखी गई। आरजेडी ऑफिस में त्रिपाठी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस और इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं के बीच कुर्सी फेंक कर तोड़फोड़ किए जाने पर मुख्य सचेतक विरोधी दल बिरंचि नारायण ने कहा कि फिल्म आने से पहले ही ट्रेलर आ गया। लोगों ने देख लिया इस गठबंधन का चरित्र, इस गठबंधन में सभी जमुरे और जोकर लोग है। इससे झारखंड की जनता का भला नहीं होने वाला है।

**सुनीता केजरीवाल बोलीं**

### अरविंद को जेल में मारने की साजिश



दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, सरकार अरविंद केजरीवाल को मारना चाहती है। उन्हें जेल में सही दवा नहीं दी जा रही। अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। ये सरकार की तानाशाही को दर्शाता है। सुनीता रांची में इंडी गठबंधन की रैली को संबोधित कर रही थीं।

**कल्पना ने पढ़ा सोरेन का पत्र**

### बेवजह जेल में बंद करके रखा



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन ने रैली में हेमंत सोरेन का पत्र पढ़ा। उन्होंने कहा कि मुझे बिना किसी वजह जेल में बंद करके रखा है। उसी तरह केजरीवाल को जेल में रखा है। आजाद ये ऐसी पहली स्थिति है जब चुनाव से पहले शीर्ष नेताओं को जेल के अंदर डाल दिया गया।

**उधर, ममता का भाजपा पर आरोप**

### हम सुरक्षित नहीं



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने दावा किया है। सीएम ने कहा है कि वह और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि मुझे और मेरे भतीजे अभिषेक को भाजपा निशाना बनाने की कोशिश कर रही है।

## इंडी गठबंधन की रैली में सिर फुटव्वल

# कुर्सियां तोड़ीं, सिर फोड़े, आपस में ही भिड़ गए कई कार्यकर्ता



एजेंसी ▶▶ रांची

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को रांची में विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की महारैली हो रही है। इस महारैली के दौरान ही दो राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता आपस में ही भिड़ गए हैं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कार्यकर्ता एक दूसरे पर कुर्सी फेंकते और झगड़ते नजर आ रहे हैं। रांची में इंडिया गठबंधन की रैली के दौरान यह सामने आया, कि भले ही शीर्ष स्तर पर एक दूसरे के विरोधी रहे नेता मोदी विरोध में एकजुट हो गए हैं, लेकिन जमीन पर कार्यकर्ताओं में अभी भी काफी रोष है।

### टिकट वितरण व सीट शेयरिंग को लेकर थी नाराजगी

रैली के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच काफी मारपीट देखने को मिली। ये कार्यकर्ता एक दूसरे के ऊपर कुर्सी और लाठी से हमला करते नजर आ रहे हैं। इस घटना में कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए। वीडियो में एक शख्स के सिर से खून भी बहता नजर आ रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच इस टकराव की वजह पर सामने आया कि ये सभी टिकट वितरण और सीट शेयरिंग को लेकर खफा थे।नतीजा ये वे आपस में एक दूसरे पर ही हमला बोलने लगे। चतरा सीट पर विवाद के चलते राजद और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच टकराव देखने को मिला। इस सीट से चतरा सीट से केएन त्रिपाठी का विरोध कर रही थी।

-जनता टीवी के समाचार संपादक वरुण गोयल ने पूर्वी दिल्ली के आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार से बात की। प्रमुख अंश...

# आज भाजपा लोकतंत्र खत्म करने के लिए जो कुछ करना पड़े,करने को उतारू है: कुलदीप

- *कुछ समय पहले आप पार्षद थे... विधायक हुए फिर सीधा लोकसभा चुनाव भी लड़ रहे हैं... क्या ये एक ड्रीम रन जैसा है?*

*यह तो सब आशीर्वाद है। मुझे 2017 में पार्टी ने टिकट दिया। 2017 में ही कल्याणपुरी के लोगों ने मुझे पार्षद बना के भेज दिया। ये सब जनता का आशीर्वाद है, जिसकी वजह से हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं।*

- *जो सबसे पहले टिकट डिक्लेर हुए थे उनमें आप की ओर से आप लोगों के नाम थे तो क्षेत्र तो पूरा घूम लिया होगा आपने?*

*पूर्व दिल्ली मेरे लिए काफी जान-पहचान वाला क्षेत्र रहा है। मैं एक-एक मोहल्ले और गली को पहले भी घूमता रहा हूं। लेकिन अभी यहां जब से मेरा टिकट डिक्लेर हुआ है। जब से मैं लगभग तीन-तीन बार तो जा चुका हूं।*

- *ज्यादा जल्दी टिकट डिक्लेयर होना भी ठीक नहीं रहता ?*

*नहीं, मुझे लगता है कि किसी भी कैंडिडेट को लेकर पार्टी सोचती है कि कैंडिडेट आए, जीते-हारे चला जाए। लेकिन हर व्यक्ति को अपने कैंडिडेट से मिलने का, उनके बारे में जानने का मौका मिलना चाहिए।*

- *जब हम बात करते हैं लोकसभा चुनाव की, तो दिल्ली में पैटर्न देखते हैं कि विधानसभा में जनता आप को चुनती है। लेकिन लोकसभा में कमल का बटन दबाती है ?*

*2024 का चुनाव 2019 से बिल्कुल अलग है। आज यह चुनाव इंडिया एलाइंस का चुनाव है। आप और कांग्रेस अन्य दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एक तरफ भाजपा है जिसने दस सालों में कोई काम दिल्ली के लिए नहीं किया। भाजपा को लग रहा था कि वह आप को खत्म कर देगी। केजरीवाल जेल में डालने के बाद उनको बड़ा आत्मविश्वास था कि केजरीवाल जेल चले जाएंगे तो पार्टी खत्म हो जाएगी। उन्हें अपने बेटे अरविंद केजरीवाल को जेल से बाहर लेकर आना है, और उनकी जान को बचाना है।*

- *ये काफी ज्यादा गंभीर आरोप लगा दिए हैं आपने, कि एक ओर आप कहते हैं कि गिरफ्तारी से ही माहौल जो है वो पूरा बदल गया है। बीजेपी का दांव उल्टा पड़ गया है। भाजपा ऐसा क्यों करेगी ?*

*भाजपा बहुत घबराती है मुख्यमंत्री से, देश में जैसे आप का ग्राफ बढ़ा है, वह दिल्ली से होकर पंजाब पहुंच गयी। पंजाब के बाद गुजरात में पहुंच गई आज गुजरात में लाखों की भीड़ उमड़ पड़ती है कैंडिडेट की रैली में, तो यह डर है। मैं तो कहता हूं कि निश्चित रूप से बहुत बड़ी साजिश केजरीवाल के खिलाफ की जा रही है।*

- *अगर झाड़ू का बटन दबेगा तो ये कैसे संभव है कि केजरीवाल बाहर आएंगे ?*

*बाबा साहब अंबेडकर ने इस देश में लोकतंत्र में एक हथियार दिया है वोट का हथियार। जो वोट का अधिकार है इसने बड़े-बड़े तानाशाहों की सत्ता को बदलने का काम किया है।*

- *दिल्ली में चुनाव हैं। जो प्रमुख चेहरे हैं, उनकी अनुपस्थिति उनका नुकसान नहीं है ?*

*मैं व्यक्तिगत तौर से मानता हूं कि आज अगर अरविंद केजरीवाल होते तो चुनाव एक अलग लेवल पर होता, लेकिन आज जनता को पता है कि आज इनके लोगों को चुनाव से रोकने के लिए मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है। जब भी कोई तानाशाह, तानाशाही से किसी पार्टी को प्रचार करने से रोकने की कोशिश करता है तो जनता खड़ी होती है।*

- *आपने कहा इंडिया गठबंधन है इसलिए इस बार का चुनाव अलग है। 2019 के आंकड़ों के मुताबिक आम आधमी पार्टी और कांग्रेस के जो ज्वाइंट वोट है, वो बीजेपी के सिंगल वोट शेयर को क्रॉस नहीं कर पाया। इस बार हो जाएगा ?*

*हर एक चुनाव अलग तरीके से होता है। ये कहना कि आम आदमी पार्टी अलग लड़ रही है, कांग्रेस अलग लड़ रही है और मिलाकर भी आगे नहीं हो पा रही है। ये सब कोई आंकड़े नहीं होते हैं। आंकड़े तो यह कि आज इंडिया एलायंस सामने खड़ा हुआ है जो खड़ा है इस देश के संविधान को बचाने के लिए है। सामने भारतीय जनता पार्टी खड़ी हुई है जो देश के संविधान को खत्म करने के लिए है। आज यह चुनाव जब इंडिया एलाइंस के रूप में होगा तो निश्चित रूप से जो वोटर स्विंग हो जाता था, आज वो वोटर भी निकलेगा और तानाशाही के खिलाफ जवाब देगा।*



- *पूर्वी दिल्ली में जो आपके प्रतिद्वंदी हैं भारतीय जनता पार्टी से, जब हमने उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि जो विधायक हैं उनके खुद के क्षेत्र में अच्छा पानी नहीं आता। पानी की दिक्कत है। वह अपनी उपलब्धि तो बताएं*

*मेरी उपलब्धि पूछना चाहते हैं तो जनता में जाकर पूछिए। आप मेरी कुंडली विधानसभा में जाइए और लोगों से पूछिए कुलदीप कुमार कौन है, उसने क्या काम किया। मोनू के नाम से ज्यादा लोग जानते हैं। आज कुंडली विधानसभा में 90 फीसदी से ऊपर गलियां में चार साल में बना चुका हूं। कुंडली विधानसभा के अंदर छह स्कूल थे जो टीन-टप्पर में चलते थे. आज चार साल में हम छह के छह स्कूल शानदार बिल्डिंग वाले बना चुके है... तो ऐसे में वह जनता के बीच में जाकर बात करें। उनको पता है कि कुलदीप कुमार मोनू कौन है। अगर मुख्यमंत्री जी ने मुझे टिकट दिया है, तो मेरे काम को देख कर दिया होगा। मैं जनता का सर्वे करके दिया होगा। तो मैं तो यह कह रहा हूं कि सबसे पहले तो हर्ष मल्होत्रा जी मेरे काम का ब्योरा तो मैं दे दूंगा। दिल्ली की जनता समझ चुकी है। अब इनके झांसे में नहीं आएगी*

- *भाजपा कहती है कि पूर्वी दिल्ली में मेरठ तक का जो रोड है वो दिया है। रैपिड मेट्रो आ रही है, और यह तमाम चीजें केंद्र सरकार की ही देन हैं।*

*यह तो सब जनता जानती है। मैं तो कह रहा हूं कि एक भी जगह उनके सांसद के नाम का पत्थर लगा दिखा दें। उनके लोगों ने पांच साल के लिए यहां पर काम तो छोड़िए, ये लोगों के सुख-,दुख में भी नहीं पहुंच पाए। तभी तो टिकट काटा गया ना*

- *अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी, बीजेपी इस मुद्दे को जिस तरह भुना रही है, जिस तरीके से पूरी तरह आक्रामक है। आपको लग रहा है कि चुनाव में बहुत बड़ा मुद्दा भाजपा के लिए बना हुआ है ?*

*शरत चंद्र रेड्डी के एक सौ साठ करोड़ रुपए के भारतीय जनता पार्टी से इलेक्टोरल बॉन्ड के लेनदेन ने सारा का सारा मामला फुस्स कर दिया है। जितना इन्होंने प्रोपेगेंडा और झूठ दिल्ली की गली में जा-जाकर केजरीवाल के खिलाफ फैलाया था। एक एंट्री ने सारा का सारा भांडा फोड़ दिया है। देश को पता लगे कि घोटाला तो हुआ है। लेकिन घोटाला भारतीय जनता पार्टी ने किया है। करोड़ों लेकर आपने रेड्डी को बेल दे दी।*

- *अगर इतना कुछ है तो फिर आपके जो साथी हैं राजकुमार आनंद वो इस्तीफा क्यों दे गए ?*

*यह दौर बहुत कठिन है। इस दौर में टिके रहना बड़ा मुश्किल है। इस दौर में भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी जी चरम पर हैं। उन्हें जो करना पड़े प्रवर्तन निदेशालय या सीबीआई जो भी इस लोकतंत्र को खत्म करने के लिए हो वो सब करने को उतारू हैं। तभी हम कहते हैं कि संविधान की हत्या हो रही है। क्यों इन चुनी हुई सरकारों को तोड़ने की कोशिश हो रही है।*

- *पूर्वी दिल्ली का जो क्षेत्र है, यहां बड़ी समस्याएं हैं। जिस तरह का इलाका है चाहें ट्रैफिक की बात हो या या गंदगी की बात हो। आपके दिमाग में क्या विजन है ?*

*पूर्वी दिल्ली में कई चीजें हैं। मैं एक बात कहता हूं हमेशा, कि आज यहां पर नॉर्थ कैंपस है, साउथ कैंपस है पर ईस्ट कैंपस क्यों नहीं है ? तो मैं लोगों से वादा करता हूं कि उनका बेटा अगर संसद में जाएगा, तो यहां ईस्ट कैंपस को भी लाने की तैयारी करेंगे। दूसरी बात यहां पर एक बड़ी समस्या है लॉ एंड ऑर्डर की। इसको भी ठीक करेंगे।*

- *जब आप कैंपेन कर रहे हैं तो कांग्रेसी चल रहे हैं कंधे से कंधा मिलाकर ?*


*बिल्कुल, आज जहां भी जाते हैं तो हमें सब कांग्रेस के साथी वहां मिलते हैं। मैं तो कहता हूं कि कभी-कभी तो ऐसा होता है कि हमारे लोग से ज्यादा कांग्रेस के भाई सपोर्ट में खड़े होते हैं। क्योंकि उनको पता है, यह चुनाव जो है केवल कुलदीप कुमार का चुनाव नहीं है। यह चुनाव इस देश के संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को बचाने का चुनाव है*

- *जब दिल्ली के और लोकसभा क्षेत्रों में जाते हैं तो सारी विधानसभाओं पर आम आदमी पार्टी काबिज है। सिर्फ पूर्वी दिल्ली है, जहां पर बीजेपी थोड़ी बेहतर है। दस में से तीन सीटें बीजेपी के पास है। थोड़ा सा यहां पर मुकाबला आपको दिखेगा ?*

*मैं कई जगह गया हूं जहां से भाजपा के ही पार्षद, विधायक और सांसद हैं। वहां भी लोगों को आम आदमी पार्टी के उन प्रत्याशियों के पास काम कराने जाना पड़ता है जो चुनाव हार गए ।*

## खबर संक्षेप

### जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का लाभ छह फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 311 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है।रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. से अलग हुई इस वित्तीय सेवा कंपनी ने दिसंबर तिमाही में 294 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था।

### मार्च में एलआईसी का कुल प्रीमियम बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने मार्च के महीने में 36,300.62 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम इकट्ठा किया। यह एक साल पहले के 28,716.23 करोड़ रुपये से 26.41 प्रतिशत अधिक है। पिछले महीने प्रीमियम संग्रह के मामले में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी 24.76 प्रतिशत वृद्धि के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### विदेशों में दाम टूटने से तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी दर्शाते बंद हुए। पामोलीन का दाम 1,020-1,025 डॉलर से घटकर 960-965 डॉलर प्रति टन रह गया।

# सुनील मित्तल की टॉप 10 में एंट्री, लक्ष्मी मित्तल को अमीरों की सूची से किया बाहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के रईसों की लिस्ट में बड़ा बदलाव आया है। भारती एयरटेल के शेयरों में आए जबरदस्त उछाल के चलते सुनील मित्तल देश के टॉप 10 अमीरों में शामिल हो गए हैं। उन्होंने लक्ष्मी मित्तल को इस लिस्ट से बाहर कर दिया है।

साल 2024 सुनील मित्तल एवं फैमिली के लिए अब तक बहुत शानदार गुजरा है। उनकी दौलत में जनवरी, 2024 से लेकर अब तक लगभग 3.8 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। दूसरी तरफ स्टील टायकून और आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति इतने ही समय में लगभग 1 अरब डॉलर कम हुई है।

## ब्लूमबर्ग ने देश के शीर्ष दस अमीरों की सूची की जारी

### भारत के टॉप 10 रईस

1. मुकेश अंबानी - 112.6 अरब डॉलर।
2. गौतम अदाणी - 97.5 अरब डॉलर।
3. शपूर पलोनजी मिस्त्री - 37.2 अरब डॉलर।
4. शिव नादर - 34.2 अरब डॉलर।
5. सावित्री जिंदल - 31.0 अरब डॉलर।
6. अजीम प्रेमजी - 25.3 अरब डॉलर।
7. दिलीप सांघवी - 24.9 अरब डॉलर।
8. राधाकृष्ण दमानी - 21.9 अरब डॉलर।
9. सायरस पूनावाला - 20.2 अरब डॉलर।
10. सुनील मित्तल - 19.7 अरब डॉलर।



### एयरटेल के शेयर ने छुआ 52 हफ्तों का उच्चतम स्तर

भारती इंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के पास भारती एयरटेल की 28 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा उनके पास हाल ही में लिस्टेड हुई मोबाइल सर्विसेज प्रोवाइडर भारती हेक्साकॉम की भी 70 फीसदी हिस्सेदारी है। भारती हेक्साकॉम की वैल्यूएशन शुक्रवार को लगभग 6 अरब डॉलर आंकी गई थी। भारती एयरटेल की वैल्यूएशन 91.84 अरब डॉलर आंकी गई है।

### केपी सिंह व कुमार मंगलम को पीछे छोड़ा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में भारती एयरटेल के शेयर लगभग 70 फीसदी ऊपर जा चुके हैं। इसके चलते सुनील मित्तल की नेट वर्थ 19.7 अरब डॉलर हो चुकी है। अब वह भारत के टॉप 10 रईसों की लिस्ट में 10वें नंबर पर आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के अनुसार, सुनील मित्तल इस साल की शुरुआत में इस लिस्ट में 13वें नंबर पर थे। मित्तल की नेट वर्थ इतनी तेजी से बढ़ी कि साल के पहले चार महीनों में उन्होंने डीएलएफ लिमिटेड के सीईओ केपी सिंह और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को भी पीछे छोड़ दिया।

### 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 प्रतिशत बढ़ा

# डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में जबरदस्त उछाल सरकार के अनुमान को भी संग्रह कर गया पार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 प्रतिशत) और संशोधित अनुमानों से 13,000 करोड़ रुपये अधिक रहा।

इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 प्रतिशत बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया।

*भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये हो गया। कर विभाग ने रविवार को कहा कि यह राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक है।*




- समाप्त वित्त वर्ष में 19 .58 लाख करोड़ रुपए पर
- राशि संशोधित अनुमानों से काफी अधिक
- बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ अधिक रही

### व्यक्तिगत व कॉरपोरेट की आय में वृद्धि

रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 प्रतिशत बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया।

### शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपए

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह के अनंतिम आंकड़े बताते हैं कि शुद्ध संग्रह 19.58 लाख करोड़ रुपये है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में इस वर्ष के लिए संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया।

### व्यक्तिगत आयकर संग्रह 25 फीसदी अधिक



इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 प्रतिशत अधिक है। बयान में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 प्रतिशत अधिक है।

***अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह भी बढ़ा*** *: बयान में कहा गया कि अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 प्रतिशत और संशोधित अनुमान से 0.67 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा।*

### सकल संग्रह 18.48 फीसदी अधिक

यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम), इससे पिछले वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 प्रतिशत बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया।

### कॉरपोरेट कर संग्रह 9.11 लाख करोड़ रुपए




वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 प्रतिशत अधिक है। समीक्षाधीन अवधि में प्रतिभूति लेनदेन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 प्रतिशत अधिक है।

# हेल्थ बीमा में हटी आयु सीमा, अब 65 वर्ष से ज्यादा आयु के लोग भी खरीद सकेंगे पॉलिसी

**नई दिल्ली।** अब आप अपने वृद्ध मां-बाप के लिए भी आसानी से हेल्थ इंश्योरेंस खरीद सकते हैं। बीमा नियामक इरडा (आईआरडीएआई) ने स्वास्थ्य बीमा खरीदने के लिए आयु सीमा हटा दी है। एक अप्रैल 2024 से प्रभावी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीज के लिए ऐसा किया गया है। इससे पहले ग्राहक केवल 65 साल की उम्र तक ही नई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीद सकते थे। अब किसी भी उम्र का व्यक्ति नई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीद सकता है। इरडा ने एक सर्कुलर में कहा कि बीमा कंपनियां यह सुनिश्चित करें कि उनके पास सभी एज ग्रुप के लोगों के लिए बीमा प्रोडक्ट्स हों। इरडा के इस कदम से अब 65 साल से अधिक उम्र के लोग भी नई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीज ले सकेंगे। बीमा कंपनियों को कैंसर, हार्ट और एड्स जैसी गंभीर बीमारियों वाले मरीजों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से भी प्रतिबंधित किया गया है। सर्कुलर के अनुसार, इरडा ने हेल्थ इंश्योरेंस वेटिंग पीरियड को भी घटाया है। इसे 48 महीने के बजाय 36 महीने कर दिया गया है। इरडा का कहना है कि भले ही पॉलिसीधारक ने पॉलिसी लेते समय खुलासा किया हो या नहीं, लेकिन सभी पहले से मौजूद स्थितियों को 36 महीने के बाद कवर किया जाना चाहिए।

### हेल्थकेयर सिस्टम बनेगा अधिक समावेशी

*इरडा के इस कदम का उद्देश्य भारत में एक अधिक समावेशी हेल्थकेयर सिस्टम को तैयार करना है। साथ ही बीमा कंपनियों को अपनी प्रोडक्ट रेंज में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित करना है। बीमा नियामक हेल्थ इंश्योरेंस प्रोवाइडर्स को सीनियर सिटीजंस जैसे लोगों के हिसाब से पॉलिसीज लाने और उनके क्लेम व शिकायतों से निपटने के लिए डेडिकेटेड चैनल स्थापित करने के भी निर्देश दिये हैं।*

# बदलाव की ओर बढ़ा रहा यूपीआई बाजार, नहीं होगी किसी की बादशाहत

**नई दिल्ली।** यूपीआई बाजार में बड़े बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एनपीसीआई ने यूपीआई मार्केट में किसी भी कंपनी के दबदबे को तोड़ने के लिए 30 फीसदी मार्केट शेयर की सीलिंग तय की थी। इसकी डेडलाइन नजदीक आ रही है। अगर यह फैसला लागू होता है तो इस सेगमेंट की दिग्गज कंपनियों फोनपे और गूगल पे के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो जाएगी। इन दो कंपनियों के पास यूपीआई मार्केट की लगभग 85 फीसदी हिस्सेदारी है। नए नियम 1 जनवरी से लागू होंगे। इसके बाद ये कंपनियां न सिर्फ नए कस्टमर नहीं जोड़ पाएंगी बल्कि इन्हें अपने कस्टमर भी कम करने होंगे। विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी सेगमेंट में एक कंपनी की बादशाहत होने के बाद वह अपने हिसाब से सेवाओं में बदलाव करने लगती है। वह छोटी कंपनियों को मार्केट में ठहरने ही नहीं देते। इससे मार्केट में इनोवेशन का स्कोप बिलकुल खत्म होने लगता है। इसका सबसे बुरा असर आखिरकार ग्राहक पर ही पड़ता है। इसलिए एनपीसीआई की कोशिश है कि यूपीआई सेगमेंट में किसी भी एक कंपनी का एकाधिकार न हो और बाजार में कम्पटीशन बना रहे।एनपीसीआई देश में यूपीआई ट्रांजेक्शन का रेगुलेटर है। सूत्रों के अनुसार, एनपीसीआई जल्द ही नए नियम को लागू करने के लिए विस्तार से सारे नियम लाने वाला है। वह नहीं चाहता कि किसी भी एक कंपनी का यूपीआई सेगमेंट में वर्चस्व हो।




# पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ नुकसान

**नई दिल्ली।** शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी। राम नवमी के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद थे। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन बढ़ा। दूसरी ओर टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।

### ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 53 फीसदी घटी

नई दिल्ली। ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग बीते वित्त वर्ष में 53 फीसदी घटकर 4,007 करोड़ रुपये रह गई है। मुंबई की ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग 2022-23 में 8,572 करोड़ रुपये की और 2021-22 में 3,889 करोड़ रुपये रही थी।



*यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली अंचल ने 19 अप्रैल 2024 को स्मार्केट आउटलुक और अवसर नामक एक कार्यक्रम की सफल मेजबानी की। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक (ईडी) श्री पंकज द्विवेदी, बैंक की मुख्य आर्थिक सलाहकार सुश्री कनिका पशरिचा, सीईओ - यूनियन एएमसी, श्री मधु नायर और सीआईओ श्री हर्ष पटवर्धन उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक श्री पंकज द्विवेदी ने नवीन रणनीतियों और वित्तीय समाधानों के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए यूनियन बैंक के अटूट समर्पण का उल्लेख करते हुए अपने दूरदर्शी संवाद से दर्शकों को अभिभुत किया। इसके अलावा उन्होंने आज के गतिशील बाजारिय परिदृश्य में समुदायों और व्यवसायों को सशक्त बनाने में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।*

# तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार का रुख



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल संघर्ष, कंपनियों के तिमाही नतीजे और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से इस सप्ताह शेयर बाजारों का रुख प्रभावित होगा। विश्लेषकों ने यह राय देते हुए साथ ही जोड़ा कि कच्चे तेल और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल से भी बाजार प्रभावित होगा। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष को लेकर चल रही चिंताओं के बीच यह सप्ताह बाजार के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि अगर तनाव काफी बढ़ जाता है, तो वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहट में बिक्री और अस्थिरता बढ़ने का जोखिम है। इसके अलावा, बाजार कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाएं अक्सर उन्हें प्रभावित करती हैं। इस सप्ताह टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति के तिमाही नतीजों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 प्रतिशत की गिरावट आई थी, जबकि निफ्टी 372.4 अंक या 1.65 प्रतिशत टूट गया। मोतीलाल सवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि इस सप्ताह वैश्विक संकेतों के साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजों पर नजर रहेगी।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

**मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त जुबेर, पुत्र सुलेमान, निवासी बी–34 बगड़िया बस्ती नबी करीम दिल्ली ने FIR No.551/2020 U/s 379/411 IPC, थाना पटेल नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त जुबेर मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त जुबेर फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है FIR No.551/2020 U/s 379/411 IPC, थाना पटेल नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त जुबेर से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 22.05.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।**

आदेशानुसार

**सुश्री उपासना सतीजा**

एल डी. अपर प्रमुख महानगर दण्डाधिकारी
पश्चिम जिला, कमरा नं–145, पहला तल
तीस हजारी, न्यायालय, दिल्ली

DP/4689/CD/2024

## ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे
फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण
ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार
रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया
पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन
छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5489



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5488 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | य | ती | म | खा | ना | | म | हा | वी | र |
| क | क्ष | | हा | | ना | ह | क | | र | म |
| हा | | ना | न | सें | स | | र | मा | | जा |
| नी | र | व | ता | | सु | र | | न | म | न |
| का | | खे | | अ | र | क्त | | | सी | |
| र | वा | ना | हो | ना | | पा | ल | न | हा | र |
| | ह | | | चा | ह | त | | का | | च |
| का | न | न | | र | म | | ब | र | सा | ना |
| म | | र | ज | | स | का | र | ना | | का |
| धा | र | | खि | ला | फ | | स | | भो | र |
| म | स | ख | रा | | र | म | ता | जो | गी | |

## सूडोकू नवताल - 5500

★★★★★ कठिनतम



■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5499 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप

### यूगांडा टी-20 टीम के मुख्य कोच बने अभय

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर अभय शर्मा को



यूगांडा राष्ट्रीय टीम के आगामी टी20 विश्व कप में पदार्पण से पहले उसका मुख्य कोच नियुक्त किया गया। शर्मा को भारत ए और भारत की अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका निभाने का अनुभव है और वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ भी काम कर चुके हैं। 54 साल के शर्मा ने अंतिम बार दिल्ली रणजी टीम को कोचिंग दी थी। नवंबर में यूगांडा अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली अंतिम टीम बनी थी।

### तैयारी करने का मिला फायदा : अभिषेक



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 12 गेंद में 46 रन की विस्फोटक पारी खेल सनराइजर्स हैदराबाद की बड़ी जीत की नींव रखने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि आईपीएल में प्रतिद्वंद्वी टीम के मुख्य गेंदबाजों को ध्यान में रख कर तैयारी करने का उन्हें काफी फायदा मिला है। अभिषेक ने कहा, 'मैं व्यक्तिगत तौर पर स्पिनरों और विरोधी टीम के मुख्य गेंदबाजों के मुताबिक तैयारी करता हूं। इस साल भी मैंने कुलदीप के खिलाफ खेलने की तैयारी की थी क्योंकि वे उनके मुख्य गेंदबाज है। मैं उनका वीडियो देखता हूं। इससे काफी फायदा होता है।'

### आप हमेशा कोहली पर निर्भर नहीं रह सकते

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने रविवार को कहा कि अब समय आ गया है जब



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए भारत के घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएं और विराट कोहली पर निर्भरता को कम करें। कोहली इस इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी के लिए शानदार फॉर्म में हैं और सात पारियों में 361 रन बनाकर 'ओरेंज कैप' में शीर्ष पर हैं। आरोन ने कहा, 'यह सिर्फ ऐसा है कि आरसीबी लय हासिल नहीं कर पा रही, घरेलू खिलाड़ी जिम्मेदारी नहीं उठा रहे।

### वापसी पर समर्थन से हो गया सहज

**रावलपिंडी।** तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि वह चार साल बाद पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम में




वापसी में सहज महसूस कर रहे हैं जिसके लिए उन्होंने श्रेय कप्तान बाबर आजम सहित सीनियर खिलाड़ियों को दिया। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी उन्हें फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए मनोबल बढ़ा रहे हैं। आमिर ने 2020 के अंत में सभी तरह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह पूर्व कोच मिस्बाह उल हक और वकार यूनिस के रवैये से खुश नहीं थे।

# विश्व क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल कराएगा डब्लूएफआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाराज और चिंतित भारतीय कुश्ती महासंघ ने विश्व क्वालीफायर में भारतीय टीम के चयन के लिए नए सिरे से ट्रायल कराने का फैसला किया है।

बिश्केक में एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने 18 में से चार ही कोटा स्थान हासिल किए और सभी महिला पहलवानों को मिले जिनमें विनेश फोगाट भी शामिल है। उनके अलावा अंतिम पंघाल (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो) और रीतिका (76 किलो) ने भी कोटा हासिल किया। अभी भी 14 श्रेणियां बची है और नौ मई से तुर्की में होने वाले विश्व क्वालीफायर में जीतना एशियाई क्वालीफायर की तुलना में कठिन होगा।



### 14 श्रेणियों में ट्रायल का होगा आयोजन


डब्लूएफआई सभी 14 श्रेणियों में ट्रायल का आयोजन करेगा। इनमें महिला वर्ग में दो (68 और 62 किलो), पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन में छह छह वर्ग शामिल है जिनके ट्रायल अप्रैल के आखिरी सप्ताह या मई के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, 'अध्यक्ष संजय सिंह ने भारतीय कोचों और चयन समिति के सदस्यों से प्रदर्शन पर चर्चा की। उन्होंने स्वीकार किया कि यह बेहद खराब प्रदर्शन रहा। यह पहली बार हुआ है कि फ्रीस्टाइल में भी भारत को कोटे के लिए जूझना पड़ रहा है।'

### भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का एशियाई क्वालीफायर में 'फ्लॉप शो'

**बिश्केक।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने रविवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे इनमें से कोई भी पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं कर सका। सुनील (87 किग्रा) ही एकमात्र भारतीय थे जो एक मुकाबला जीतने में सफल रहे वर्ना अन्य तो अपने पहले दौर में ही हारने के बाद बाहर हो गए। सुनील ने अपने पहले मैच में जापान के प्रतिद्वंद्वी सोह साकाबे को 5-1 से मात दी। लेकिन क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के जलगासबे बर्डीमुरातोव से 2-4 से हार गए। अंशु (67 किग्रा) की चुनौती दो मिनट से कम समय में ही समाप्त हो गई। वह उज्बेकिस्तान के अबरोर अताबाएव से क्वालीफिकेशन मुकाबला तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए। सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नीतेश (97 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) भी पहले ही दौर में हार गए।

### अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना बड़ी चुनौती : विनेश

**बिश्केश।** ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाए रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाए अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे



अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी। मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।'

## आईपीएल : 7 मैचों में 5वीं जीत से दूसरे स्थान पर पहुंची केकेआर

# कोलकाता की 1 रन से रोमांचक जीत रॉयल चैलेंजर्स की लगातार छठी हार

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को एक रन से शिकस्त दी। फिल साल्ट ने 14 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 48 रन बनाए तो वहीं श्रेयस अय्यर ने 36 गेंद में 50 रन की पारी के दौरान सात चौके और एक छक्का लगाया जिससे केकेआर ने सात विकेट पर 222 रन बनाए। आरसीबी की पारी मैच के आखिरी गेंद पर 221 रन पर सिमट गई। आरसीबी की यह लगातार छठी हार रही। वहीं कोलकाता की सात मैचों में यह पांचवीं जीत रही।

विल जैक्स (55 रन) और रजत पाटीदार (52 रन) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 102 रन की साझेदारी के दम पर आरसीबी ने पलटवार किया था लेकिन टीम ने 12वें और 13वें ओवर के अंदर चार विकेट गंवा दिए। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए दो विकेट रहते 21 रन की जरूरत थी और कर्ण शर्मा ने मिचेल स्टार्क की शुरुआती चार गेंद पर तीन छक्के लगाकर रोमांच बढ़ा दिया। वह पांचवीं गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए और आखिरी गेंद पर लॉकी फर्ग्युसन दूसरा रन चुराने की कोशिश में रन आउट हो गए जिससे टीम लक्ष्य के करीब पहुंच कर चूक गई।



### कार्तिक ने खेला 250वां मैच

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के नाम बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। वह कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रविवार को अपने करियर का 250वां आईपीएल मैच खेलने उतरे। वह रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी के बाद 250वां आईपीएल मैच खेलने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए। रोहित, धोनी और कार्तिक के बाद विराट कोहली इस लिस्ट में 245 मैचों के साथ चौथे स्थान पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट पाटीदार बो सिराज | 48 | 14 | 7 | 3 |
| नारायण बो दयाल | 10 | 15 | 2 | 0 |
| रघुवंशी बो दयाल | 03 | 04 | 0 | 0 |
| वेंकटेश बो ग्रीन | 16 | 08 | 3 | 0 |
| अय्यर बो ग्रीन | 50 | 36 | 7 | 1 |
| रिंकू बो फर्ग्यूसन | 24 | 16 | 2 | 1 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 27 | 20 | 4 | 0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 24 | 09 | 2 | 2 |

अतिरिक्त : 20, कुल : 20 ओवर में 222/6
गेंदबाजी : सिराज 4-0-40-1, दयाल 4-0-56-2, फर्ग्यूसन 4-0-47-1, कर्ण 4-0-33-0, ग्रीन 4-0-35-2

| बेंगलोर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोहली बो हर्षित | 18 | 07 | 1 | 2 |
| डुप्लेसी बो चक्रवर्ती | 07 | 07 | 1 | 0 |
| जैक्स बो रसेल | 55 | 32 | 4 | 5 |
| पाटीदार बो रसेल | 52 | 23 | 3 | 5 |
| ग्रीन बो नारायण | 06 | 04 | 0 | 1 |
| सुयश बो हर्षित | 24 | 18 | 3 | 0 |
| लोमरोर बो नारायण | 04 | 03 | 1 | 0 |
| कार्तिक बो रसेल | 25 | 18 | 3 | 1 |
| कर्ण शर्मा बो स्टार्क | 20 | 07 | 0 | 3 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन रन आउट | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 221/10
गेंदबाजी : हर्षित 4-0-33-2, स्टार्क 3-0-55-1, चक्रवर्ती 4-0-36-1, नारायण 4-0-34-2, सुयश 2-0-33-0, रसेल 3-0-25-3

### मुंबई की निगाहें राजस्थान से बदला चुकता करने पर

**जयपुर।** मुंबई इंडियंस की टीम सोमवार को जब यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें अपनी गेंदबाजी खामियों को दूर करके मेजबान टीम से बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पिछले चार मैच में तीन जीत से मुंबई इंडियंस की टीम उबरने की राह पर चल रही है और सत्र की खराब शुरुआत के बाद अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि राजस्थान रॉयल्स की टीम तूफानी रफ्तार से आगे बढ़ते हुए 12 अंक लेकर शीर्ष स्थान पर काबिज है। पांच बार की चैंपियन मुंबई ने पिछले मैच



में आशुतोष शर्मा के अंत में लगाए गए अर्धशतक के बावजूद पंजाब किंग्स के खिलाफ नौ रन से जीत हासिल की थी।

### साई किशोर की शानदार गेंदबाजी



# गुजरात टाइटंस की पंजाब किंग्स पर आसान जीत

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर

आर साई किशोर की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पंजाब किंग्स पर तीन विकेट से आसान जीत दर्ज की। साई किशोर राशिद खान और नूर अहमद ने पंजाब की टीम को 142 रन पर आउट कर दिया। साई किशोर ने 33 रन देकर चार विकेट लिये जबकि राशिद ने 15 रन देकर एक और अहमद ने 20 रन देकर दो विकेट चटकाये। लियाम लिविंगस्टोन ने बीच के ओवरों में दो विकेट चटकाकर पंजाब को मैच में लौटाने की कोशिश की लेकिन दूसरे स्पिनर हरप्रीत से उन्हें सहयोग नहीं मिला। बरार ने चार ओवरों में 35 रन दे डाले। गुजरात को आखिरी पांच ओवरों में 42 रन की जरूरत थी और तेवतिया के 16 गेंद में नाबाद 36 रन की मदद से उसने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

गुजरात की यह आठ मैचों में चौथी जीत थी जबकि पंजाब की आठ मैचों में छठी हार रही। शुभमन गिल (29 गेंद में 35 रन) को लिविंगस्टोन ने पवेलियन भेजा। सुदर्शन (33 गेंद में 31 रन) के लिये भी स्ट्रोक्स खेलना मुश्किल हो रहा था जबकि डेविड मिलर को लिविंगस्टोन ने दूसरा शिकार बनाया। पंजाब के गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाया लेकिन तेवतिया ने अपने अंदाज में खेलते हुए उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले इस सत्र में पावरप्ले में सबसे खराब खेल रहे पंजाब ने धीमी शुरुआत करते हुए पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 45 रन बनाये। पंजाब के लिये प्रभसिमरन ने 21 गेंद में 35 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। वह छह ओवर में आउट हुए और उसके बाद विकेट लगातार गिरते रहे। मोहित को थर्डमैन पर छक्का लगाने के बाद प्रभसिमरन विकेट के पीछे कैच दे बैठे।

# मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने नाशविले एससी को 3-1 से हराया

एजेंसी ▸▸ फोर्ट लॉडरडेल

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर में नाशविले एससी पर 3-1 से जीत दर्ज की। इन दो गोल से मेसी के एमएलएस में कुल सात गोल हो गए हैं।

मेसी ने दो मार्च को ओरलांडो के खिलाफ मैच के दौरान भी दो गोल दागे थे। मेसी ने नाशविले एससी के खिलाफ मैच में एक गोल करने में भी मदद की। इंटर मियामी के लिए सर्गियो बुस्कुवेट्स ने अपना पहला गोल दागा। लुईस सुआरेज ने मेसी को पहला गोल करने में मदद की।

मियामी के डिफेंडर फ्रैंको नेरी के दूसरे मिनट में आत्मघाती गोल से नाशविले एससी ने बढ़त बनाई। मेसी ने 11वें मिनट में अपना पहला गोल दागा जिसके बाद 39वें मिनट में बुस्कुवेट्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-1 से आगे किया। मेसी ने फिर 81वें



मिनट में पेनल्टी किक पर अपना दूसरा गोल किया।

### हॉकी इंडिया ने की 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने रविवार को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी कमियों को दूर करने के लिये पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 28 सदस्यीय कोर संभावित ग्रुप की घोषणा की। शिविर बेंगलुरु के साइ केंद्र में रविवार से शुरू होकर 13 मई तक चलेगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-5 की हार के बाद शिविर में लौटेगी। इस शिविर के बाद भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग के अपने अगले दो चरण के लिए बेल्जियम और लंदन की यात्रा करेगी जिसमें उसका सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से होगा।


कोर ग्रुप में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली शामिल हैं। मिडफील्डर्स में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रवीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह मौजूद हैं। फॉरवर्ड की सूची में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल शामिल हैं।

# बलराज पंवार ने भारत को नौकायन में दिलाया पहला ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बलराज पंवार ने रविवार को दक्षिण कोरिया के चुंग्जू में 2024 विश्व एशियाई और ओसनियाई ओलंपिक एवं पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहकर भारत को नौकायन में पहला पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया।

भारतीय सेना के 25 वर्षीय पंवार पिछले साल चीन के हांग्झोउ में अपने पहले एशियाई खेलों में कांस्य पदक से चूक गए थे। उन्होंने 7:01.27 मिनट का समय निकालकर 2000 मीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल कर ओलंपिक कोटा प्राप्त किया। पुरुष एकल स्कल में शीर्ष पांच नौकाचालक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करते हैं।



### बलराज ने जीता कांस्य पदक

एशियाई क्वालीफायर भी एशियाई रोइंग कप के साथ ही कराए जा रहे हैं जिसमें भारत ने सलमान खान और नितिन देओल की बदौलत पुरुष डबल स्कल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसके एक दिन बाद हरियाणा के करनाल के पंवार ने धीमी शुरुआत के बाद दबदबा बनाया और तीसरे स्थान पर रहने में सफल रहे। कजाखस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव (6:59.46) ने स्वर्ण पदक और इंडोनेशिया के मेमो मेमो ने दूसरा स्थान हासिल किया।

## कैंडिडेट्स शतरंज : नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा, कारुआना से आधा अंक आगे

# गुकेश ने अलीरेजा को हराकर हासिल की बढ़त

एजेंसी ▸▸ टोरंटो

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 13वें दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराकर एकल बढ़त हासिल की। इस तरह गुकेश अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप दावेदार बनने की कोशिश में जुटे हैं। अब टूर्नामेंट में बस एक दौर बचा है। चेन्नई के 17 वर्षीय गुकेश अगर कैंडिडेट्स में विजेता बनते हैं तो विश्व चैंपियन के खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी।

रूस के इयान नेपोमनियाच्ची और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने ड्रा खेला। गुकेश को संयम से खेलने का लाभ मिला और उन्होंने मुश्किल स्थिति में अलीरेजा की अंत में की गई भूल का फायदा उठाया। गुकेश के अब 13 में से



8.5 अंक हैं जिससे वह नेपोमनियाच्ची, नाकामुरा और अमेरिका के फैबियानो कारुआना से आधा अंक आगे हैं। आर प्रज्ञानानंद और विदित गुजराती छह छह अंक से संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि फिरोजा के 4.5 अंक और निजात अबासोव के 3.5 अंक हैं।

### गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रा खेला

कारुआना ने कड़े मुकाबले में प्रज्ञानानंदा को पराजित किया जबकि गुजराती ने अजरबेजान के अबासोव से ड्रा खेला। गुकेश का सामना अब अंतिम दौर की बाजी में नाकामुरा से होगा जबकि कारुआना की भिड़ंत नेपोमनियाच्ची से होगी। हालांकि चार खिलाड़ियों में से कोई भी इस प्रतियोगिता को जीत सकता है, लेकिन संभावनायें काफी हद तक गुकेश के पक्ष में हैं क्योंकि महज ड्रा भी उन्हें विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार के रूप में उभरने के लिए काफी हो सकता है।

### वैशाली की शानदार जीत

महिला वर्ग में झोंग्यी टान ने शीर्ष वरीय रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से ड्रा खेलने के बाद अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी और हमवतन टिंग्जी लेई पर पूरे एक अंक की बढ़त बनाई हुई है। वैशाली ने शानदार जीत से लेई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया जबकि हम्पी ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और बुल्गारिया की नुरूग्युल सालिमोवा ने रूस की कैटरीना लाग्नो से बाजी ड्रा कराकर अंक बांटे। लेई 7.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर चल रही हैं। गोरयाचकिना, लाग्नो, हम्पी और वैशाली के 6.5 अंक हैं, ये सभी संयुक्त तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। सालिमोवा और मुजिचुक पांच पांच अंक से संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

# मनु और अनीश ने शुरुआती दोनों ट्रायल में दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** मनु भाकर और अनीश भानवाला ने यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में चल रहे ओलंपिक चयन ट्रायल एक और दो में अपने-अपने क्वालिफिकेशन राउंड में शीर्ष पर रहते हुए ओलंपिक के लिए अपना दावा मजबूत किया। देश के लिए कोटा हासिल करने वाली मनु ने 'टी2' क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में 585 का कुल स्कोर हासिल किया और पांच महिला निशानेबाजों में शीर्ष पर रही। उन्होंने इससे पहले शनिवार को पहला ट्रायल भी जीता था। ईशा सिंह 581 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 577 के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अभिदन्या अशोक पाटिल (572) चौथे स्थान पर रही जबकि मनु के साथ देश के लिए कोटा हासिल करने वाली रिदम सांगवान 566 अंक के साथ पांचवें पायदान पर रही।

**पतंजलि आयुर्वेद माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा का पूर्ण सम्मान करता है। हमारे अधिवक्ता द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के सामने स्टेटमेंट करने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशन करने में और प्रेस वार्ता करने में जो भूल हुई उसके लिए ह्रदय से क्षमा प्रार्थी हैं और हमारी प्रतिबद्धता है कि इस भूल की पुनरावृत्ति नहीं होने देंगे।**

**हम आपको पुनः विश्वास दिलवाते है कि संविधान और माननीय सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा को बनाये रखने के लिए हम पूर्ण प्रतिबद्ध रहेंगे।**

**पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड,
हरिद्वार, उत्तराखंड।**

समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की तैयारी

# समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने 'पूर्वी लहर' अभ्यास

अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बल शामिल

## भारतीय वायुसेना ने किया अभ्यास का संचालन

## विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन किया गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की दिशा में भारतीय नौसेना ने पूर्वी समुद्र तट पर 'पूर्वी लहर' अभ्यास का संचालन किया। फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पूर्वी नौसेना कमान के परिचालन नियंत्रण में यह अभ्यास किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस अभ्यास में जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और विशेष बलों ने भाग लिया। एक्सपीओएल को कई चरणों में आयोजित किया गया, जिसमें सामरिक चरण के दौरान वास्तविक परिदृश्य में युद्ध प्रशिक्षण और हथियार चरण के दौरान लक्ष्य तक आयुध पहुंचाने की भारतीय नौसेना की क्षमता की पुष्टि के लिए विभिन्न फायरिंग का सफल संचालन आदि शामिल थे।



### संचालन पर रखी गई पूरी नजर

विभिन्न स्थानों से विमानों के परिचालन के साथ, अभ्यास के पूरे क्षेत्र में निरंतर समुद्री क्षेत्र जागरूकता बनाए रखी गई। पूर्वी नौसेना कमान की परिसंपत्तियों के अलावा इस अभ्यास में भारतीय वायुसेना, अंडमान और निकोबार कमान और तटरक्षक बल की परिसंपत्तियों को भी शामिल किया गया था, जो सेनाओं के बीच बहुत उच्च स्तर की अंतरसंचालनीयता का संकेत देती है।

### बलों ने मूल्यवान सबक सीखे

अभ्यास के दौरान भाग लेने वाले बलों ने वास्तविक परिस्थितियों में मूल्यवान सबक सीखे, जिससे क्षेत्र में समुद्री चुनौतियों का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उनकी तैयारी और बेहतर हुई। एक्सपीओएल 2024 का सफल समापन, समुद्री क्षेत्र में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के प्रति भारतीय नौसेना के संकल्प की पुष्टि करता है।

---

1 की मौत, 7 लापता, बचाव कार्य जारी

# प्रशांत महासागर में ट्रेनिंग के दौरान जापान के 2 हेलीकॉप्टर हुए क्रैश

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

टोक्यो के दक्षिण में प्रशांत महासागर में क्रू मेंबर के 8 सदस्यों को ले जा रहे जापानी नौसेना के दो हेलीकॉप्टर रात के समय हादसे के शिकार हो गए। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य लोग लापता हैं।

ये हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर थे और संभवतः एक-दूसरे से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गए। चालक दल के एक सदस्य का शव पानी से बरामद किया गया। रक्षा मंत्री माइनोरू किहारा ने बताया कि मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स के दो एसएच-60के हेलिकॉप्टर चार-चार चालक दल लेकर जा रहे थे और शनिवार देर रात टोक्यो से लगभग 600 किलोमीटर (370 मील) दक्षिण में तोरीशिमा द्वीप के पास उनका संपर्क टूट गया।



### खोज के लिए 8 युद्धपोत और 5 विमान तैनात

दुर्घटना का कारण तुरंत पता नहीं चला है, लेकिन पानी में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले दोनों हेलीकॉप्टर एक-दूसरे से टकराए होंगे। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों ने एक उड़ान डेटा रिकॉर्डर, प्रत्येक हेलीकॉप्टर से एक ब्लेड और एक ही क्षेत्र में दोनों हेलीकॉप्टरों के टुकड़े बरामद किए हैं।

---

दुनियाभर में बढ़ जाएगी कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें

भारत को भी लगेगा झटका, 90 डॉलर पर पहुंचे दाम

# अगर ईरान ने रोका 40 किमी चौड़ा रास्ता तो तेल को तरसेगी दुनिया

एजेंसी ▶▶ तेहराइन

ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष पिछले कुछ दिनों में बढ़ गया है। ईरान ने पहले इजराइल पर ड्रोन और रॉकेट हमले किए। इसके बाद इजराइल ने मिसाइल दागकर जवाबी कार्रवाई की।



### क्या है होर्मुज जलडमरूमध्य?

होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच 40 किमी चौड़ी समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब (63 लाख बैरल प्रति दिन), यूएई, कुवैत, कतर, इराक (33 लाख बैरल प्रति दिन) और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं।

---

## फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली रक्षा बलों की एक यूनिट पर प्रतिबंध!

# इजराइल के खिलाफ अब अमेरिका उठाएगा सख्त कदम, पीएम नेतन्याहू हुए आगबबूला



इजराइली सेना की बेहद कट्टर सैनिकों की यूनिट नेत्जाह येहुदा के खिलाफ अमेरिका बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं।

- इजराइल बोला-यह 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता'
- नेत्ज़ाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे
- इजराइली सेना की टुकड़ी का नाम 'नेत्ज़ाह येहुदा बटालियन'

**किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन की यह पहली कार्रवाई होगी**

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइली सेना पर मानवाधिकार उल्लंघन के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अब खबर है कि अमेरिका वहां आम लोगों को निशाना बनाने के आरोप में इजराइली रक्षा बलों की एक यूनिट पर प्रतिबंधों की घोषणा कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो किसी इजराइली सैन्य टुकड़ी के खिलाफ बाइडेन प्रशासन की पहली कार्रवाई होगी।

### हथियारों पर रोक...

*लीही कानूनों के तहत, नेत्ज़ाह येहुदा सैनिक अमेरिकी सैनिकों के साथ प्रशिक्षण नहीं ले पाएंगे या अमेरिकी फंडिंग के साथ किसी भी गतिविधि में भाग नहीं ले पाएंगे। इन प्रतिबंधों से बटालियन को अमेरिकी हथियारों के हस्तांतरण पर भी रोक लग जाएगी। नेत्ज़ाह येहुदा दक्षिणपंथी उग्रवाद और फ़िलिस्तीनियों के ख़िलाफ़ हिंसा को लेकर पिछले कई दिनों से विवादों में घिरी रही है।*

### इजराइल ने की अमेरिका की निंदा

*अमेरिका के इस संभावित कदम से इजराइली पीएम नेतन्याहू खासे नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने ऐसी कार्रवाई को 'बेतुकेपन की पराकाष्ठा और नैतिक निम्नता' करार दिया है। इजराइल रक्षा बलों पर प्रतिबंध नहीं लगाए जाने चाहिए! इसमें वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत भी शामिल है। ऐसे समय में जब हमारे सैनिक आतंक के राक्षसों से लड़ रहे हैं, ऐसे में प्रतिबंध लगाना ठीक नहीं है।*

### यह पैदल सैनिकों की टुकड़ी है

बता दें कि नेत्जाह येहुदा, बेहद कट्टर पैदल सैनिकों की टुकड़ी है। इसमें केवल ऐसे ही सैनिक शामिल होते हैं जो अपनी मान्यताओं से समझौता किए बिना स्वतंत्र रूप से फोर्स की सेवा कर सकते हैं। इन सैनिकों को महिला सैनिकों के साथ बातचीत करने की अनुमति नहीं है और उन्हें धार्मिक अध्ययन एवं प्रार्थना के लिए अतिरिक्त समय दिया जाता है।

### युद्ध की कगार से पीछे हटते नजर आ रहे ईरान और इजराइल

*ईरान और इजराइल के बीच जारी तनाव के अब कम होने के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका ने आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम सहित इजराइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने देश के लिए 13 अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता को मंजूरी दी। ऐसे में ईरान और इजराइल संघर्ष की कगार से पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। ईरान ने अपने ड्रोन और मिसाइल हमले के लिए इजराइल की कथित जवाबी कार्रवाई को ज्यादा तवज्जो नहीं दी। पीएम नेतन्याहू ने सहायता बिल का स्वागत करते हुए एक्स पर लिखा कि यह इजराइल के लिए मजबूत द्विदलीय समर्थन प्रदर्शित करता है।*

---

अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब

# ईरान ने यूएस के दुश्मन को सौंपी विध्वंसक मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ तेहराइन

ईरान ने अमेरिका को जोरदार झटका देते हुए उसके बैकयार्ड में अपनी मिसाइलें तैनात कर दी हैं, जो बाइडेन प्रशासन के लिए बड़ा झटका है। वेनेजुएला ने ईरान से हासिल की सीएम-90 एंटी-शिप मिसाइलों को प्रदर्शित किया है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खतरनाक हो सकता है। वेनेजुएला की सेना ने 16 अप्रैल को घोषणा की है कि उसने सीएम-90 मिसाइल, नासिर एंटी-शिप मिसाइल का निर्यात संस्करण हासिल कर लिया है। ईरान से खरीदी नई मिसाइलों को प्यूर्टो कैबेलो में अगस्टिन अर्मारियो नौसेना बेस पर तैनात किया गया है।



**अमेरिका की नाक के नीचे ईरानी मिसाइलें:** माना जा रहा है कि सीएम-90 मिसाइलों को संभवतः पेकाप मिसाइल बोट यानी ईरान के ज़ोल्फ़ागर जहाजों पर सुसज्जित की जाएंगी, जिसे वेनेजुएला ने पिछले साल हासिल किया था। वेनेजुएला ने जो जहाज ईरान से खरीदा है, वो जहाज-रोधी मिसाइल लांचरों, टारपीडो ट्यूबों और, दूरस्थ हथियार स्टेशनों के साथ, मजबूत तटीय रक्षा के लिए पूरी तरह से सशस्त्र हैं।

---

मुइज्जू को भारत से पंगा लेना पड़ सकता है महंगा

# मालदीव में संसदीय चुनाव की वोटिंग मुइज्जू का होगा कड़ा इम्तिहान

एजेंसी ▶▶ माले

पड़ोसी देश मालदीव में संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। भारत से जारी राजनयिक विवाद के बीच रविवार को हो रहे इस चुनाव पर भारत के साथ-साथ चीन की भी नजर है। इसके अलावा भारत विरोधी रुख अपनाने वाले राष्ट्रपति मुइज्जू के लिए भी यह एक शक्ति परीक्षण की तरह है।

सितंबर 2023 में मुइज्जू के राष्ट्रपति बनने के बाद से ही मालदीव का रुख चीन की ओर झुका हुआ है। इस चुनाव में 8 राजनीतिक पार्टियां के कुल 368 उम्मीदवार मैदान में हैं।




### मुइज्जू के पास बहुमत नहीं

*संसदीय चुनाव राष्ट्रपति मुइज्जू के पास संसद में बहुमत नहीं होने के कारण नए कानून बनाने में दिक्कतें पेश आ रही हैं। मालदीव संविधान के तहत संसद के सभी निर्णयों और सरकार द्वारा प्रस्तावित विधेयकों को संसदीय बहुमत से पारित कराना आवश्यक होता है। मोहम्मद मुइज्जू के पीपीएम-पीएनसी गठबंधन ने इंडिया आउट का नारा देकर सितंबर 2023 में राष्ट्रपति चुनाव जीता था।*

## नदी में डूबी नाव, 300 थे सवार, 58 लोगों की हुई मौत

**बांगुई।** मध्य अफ्रीकी गणराज्य की राजधानी बांगुई में एक नदी में नाव डूबने से कम से कम 58 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है और दर्जनों लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। लकड़ी की नौका शुक्रवार को राजधानी बांगुई में मपोको नदी पर एक अंतिम संस्कार के लिए 300 से ज्यादा लोगों को ले जा रही थी, लेकिन काफी ज्यादा लोगों के नाव पर लदे होने की वजह से नाव बीच नदी में ही टूट गई।

---




---

लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाक' होने की संभावना

# पाक मूल के मेयर सादिक के सामने खड़े हुए दिल्ली के तरूण गुलाटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लंदन में मेयर इलेक्शन 'हिंदुस्तान बनाम पाकिस्तान' होने की संभावना है। पाकिस्तानी मूल के लंदन मेयर सादिक खान के खिलाफ भारतीय मूल के तरूण गुलाटी रेस में शामिल हो गए हैं। गुलाटी का कहना है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने लंदन के विकास के लिए काम नहीं किया है, लिहाजा लंदन के निवासी निराश हैं। गुलाटी ने कहा है कि वो एक सीईओ की तरह लंदन शहर का कामकाज संभालना चाहते हैं, न किसी नेता की तरह ताकि शहर में व्यवस्था कायम हो सके और सभी को लाभ मिल सके।



### दिल्ली में जन्मे हैं तरूण

दिल्ली में जन्मे तरूण गुलाटी का मानना है, कि एक व्यवसायी और इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट के तौर पर उनका अनुभव लंदन को आवश्यक निवेश को आकर्षित करने और ग्लोबल बैंक बनने कि दिशा में ले जाएगा और लंदन की किस्मत फिर से पुनर्जीवित हो पाएगी। 63 साल के तरूण गुलाटी 2 मई को लंदन मेयर का होने वाले चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार की तरह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लंदन मेयर इलेक्शन में इस साल कुल 13 लोगों ने नामांकन दाखिल किया है और 2 मई को होने वाले चुनाव में लंदन के लोग मेयर चुनाव के साथ साथ लंदन विधानसभा के लिए भी वोट डालेंगे। तरूण गुलाटी ने एक भाषण में कहा कि मैं लंदन को एक अद्वितीय वैश्विक शहर के रूप में देखता हूं, जो ग्लोबल बैंक के समान है, जहां विविध संस्कृतियां पनपती हैं।

### लंदन को बनाएंगे निवेश के लिए प्रमुख विकल्प

उन्होंने कहा कि मेयर के रूप में, मैं लंदन की बैलेंस शीट इस तरह बनाऊंगा कि यह निवेश के लिए प्रमुख विकल्प बन जाए, इसके सभी निवासियों के लिए सुरक्षा और समृद्धि की रक्षा हो। मैं एक अनुभवी सीईओ की तरह लंदन को प्रभावी ढंग से और कुशलता से बदलूंगा और चलाऊंगा। लंदन एक लाभदायक निगम होगा, जहां लाभप्रदता का अर्थ सभी की भलाई है।

### सादिक ने बनाया डकैतों का शहर

आपको बता दें कि सादिक खान के कार्यकाल में लंदन कट्टरपंथियों और चोर-डकैतों का शहर बन गया है। पिछले दिनों मशहूर क्रिकेटर केविन पीटरसन ने इसके लिए खुलेआम सादिक खान की आलोचना की थी और लंदन की सुरक्षा व्यवस्था को बर्बाद बताते हुए इसके लिए सादिक खान को जिम्मेदार ठहराया था। सादिक खान के कार्यकाल के दौरान लंदन में जमकर फिलीस्तीन-हमास समर्थक रैलियां निकल रही हैं, जिसकी आलोचना प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी कर चुके हैं।

### मेयर के पास दिल्ली सरकार जैसे अधिकार

लंदन के मेयर के पास बहुत हद तक दिल्ली के मुख्यमंत्री जितने अधिकार होते हैं। लंदन मेयर के पास पुलिस प्रशासन का अधिकार है। वहीं, परिवहन व्यवस्था, आवास जैसे मुद्दे भी लंदन मेयर इलेक्शन में काफी अहम होते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109